Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

देश

Page 09




**यशस्वी को लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म, कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे हार्दिक...**

**33 डिग्री टेंपरेचर और हुडी, लोहागढ़ किले के सीसीटीवी फुटेज से बेनकाब हुआ मंगेतर सिया...**


शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरूवार • 25 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 203 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,32,300 | ₹ 2,45,000 |

## आज का इतिहास

**1983 :** भारत ने वेस्टइंडीज को 43 रनों से हरा कर पहली बार क्रिकेट विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।

**1932 :** भारतीय क्रिकेट टीम ने ब्रिटेन के लॉर्ड्स मैदान पर अपना पहला टेस्ट मैच खेला।

## न्यूज बाइट्स

### लद्दाख की वादियां घूमने के लिए बिहार सरकार देगी पैसे

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के लोग लद्दाख की खूबसूरत वादियों के बीच आराम से घूम सकते हैं। इसके लिए बिहार सरकार पैसे देगी। बीते दिन कैबिनेट बैठक में 'सिंधु दर्शन तीर्थयात्रा वित्तीय सहायता योजना 2026' को मंजूरी दी गई। इसके तहत बिहार के मूल निवासी यात्रियों को सिंधु दर्शन के लिए 20 हजार तक रुपये दिए जाएंगे। हर साल अधिकतम 100 तीर्थयात्रियों को ही इस योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा, यानी अधिकतम 20 लाख रूपये प्रत्येक वित्तीय वर्ष खर्च किया जाएगा। लद्दाख की यात्रा काफी खर्चीली मानी जाती है। ऐसे में कई लोग आर्थिक कारणों से सिंधु दर्शन नहीं कर पाते हैं। इसलिए यह फैसला लिया गया है। अब जानिए किसे देना होगा आवेदन, कब मिलेंगे पैसे।इस योजना का लाभ लेने के लिए पर्यटकों को एक आवेदन पत्र पर्यटन निदेशालय के आवेदन निदेशक को जमा करना होगा। इस आवेदन में सारी जानकारियां और डॉक्युमेंट्स होने चाहिए। आधार, पैन, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र और यात्रा खर्च के संबंध में अंडरटेकिंग की कॉपी भी जमा करना होगा। 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर ही 100 तीर्थ यात्रियों का चयन कर अनुदान दिया जाएगा।

### कैबिनेट की बैठक में कई एजेंडों लगी पर मुहर

# औरंगाबाद समेत पांच जिलों में खुलेंगे प्राइवेट यूनिवर्सिटी

- मधुबनी में शांजा विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी।
- सिवान में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी।
- नवादा के अशोक नगर में एस.ए. विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी।
- पटना में हिमालय विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी।
- औरंगाबाद के जसोइया मोड़ में सीतयोग विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी।

निज संवाददाता | पटना



पटना। बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पांच नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विश्वविद्यालयों की स्थापना से राज्य में उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे और 'शिक्षित भारत, समृद्ध बिहार' का संकल्प मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पटना में हिमालय यूनिवर्सिटी, मधुबनी में शांजा यूनिवर्सिटी, औरंगाबाद के जसोइया मोड़ में सीतयोग विश्वविद्यालय, नवादा के अशोक नगर में एसए यूनिवर्सिटी तथा सीवान में एक नए निजी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी कैबिनेट के इस निर्णय की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इन संस्थानों के शुरू होने से विद्यार्थियों को राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

कैबिनेट बैठक में इसके अलावा राज्य के चार जिलों में न्यायालयों के नए भवनों के निर्माण के लिए भी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से न्यायिक आधारभूत संरचना और अधिक सुदृढ़ होगी, न्यायिक कार्यों में तेजी आएगी तथा आम नागरिकों को बेहतर न्यायिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। राज्य सरकार का मानना है कि नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, युवाओं को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेंगे और बिहार को शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### बिहार में कुल कितने विश्वविद्यालय हैं?

यूजीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बिहार में 21 सरकारी और 8 निजी यूनिवर्सिटीज हैं। बिहार के सरकारी विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा संचालित होते हैं और इनमें लाखों छात्र पढ़ते हैं।

### चार जिलों में बनेंगे न्यायालय के नए भवन

महाराजगंज (सिवान) में 10 कोर्ट भवन, एमेनिटी भवन एवं हाजत भवन निर्माण के लिए 34.33 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) में 20 कोर्ट भवन निर्माण के लिए 53.02 करोड़ की मंजूर किए गए।

बेगूसराय में 15 कोर्ट भवन (जी+7) निर्माण के लिए 39.04 करोड़ की स्वीकृति दी गई।

रजौली (नवादा) में 10 कोर्ट भवन, एमेनिटी भवन एवं हाजत भवन निर्माण के लिए 38.38 करोड़ की स्वीकृति दी गई।

# बिहार में जल्द शुरू होगा बसेरा-3 अभियान : मंत्री

- खासमहल जमीन होगी फ्रीहोल्ड, 8,054 पदों पर होगी भर्ती

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार राज्य में भूमि सुधार और राजस्व सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाने जा रही है। जल्द ही 'बसेरा-3' अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत जिन लोगों को जमीन का पर्चा मिल चुका है लेकिन अब तक कब्जा नहीं मिला है, उन्हें भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सरकार खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने की तैयारी में है, जिसके लिए भूमि धारकों से विचार-विमर्श कर बाजार दर के आधार पर शुल्क तय किया जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने 88 विकास परियोजनाओं के लिए 1,380 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराई है। इनमें शिक्षा, सड़क, ऊर्जा, पर्यटन, खेल और उद्योग से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं करीब 30 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, एयरपोर्ट और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए 45,748 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

### 15 अगस्त तक पांच जिलों में पूरा होगा विशेष भू-सर्वेक्षण

सरकार ने विशेष भू-सर्वेक्षण के लिए 863 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। लक्ष्य है कि 15 अगस्त 2026 तक अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शिवहर और सुपौल जिलों में सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया जाए। राज्य के 1.52 लाख से अधिक राजस्व मानचित्रों का डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है। अब सत्यापित भूमि अभिलेख केवल ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिससे फर्जी दस्तावेजों और हेराफेरी पर प्रभावी रोक लगेगी। विभाग के अनुसार अब तक 32 करोड़ से अधिक अभिलेख स्कैन किए जा चुके हैं, 70.89 करोड़ दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं तथा 11.86 लाख लोगों को डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। 'अभियान बसेरा' के तहत अब तक 71,579 पात्र परिवारों को बासभूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। सरकार ने 15 अगस्त 2026 तक 30 हजार अतिरिक्त भूमिहीन परिवारों को भूमि का पर्चा देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राजस्व विभाग ने भ्रष्टाचार और लापरवाही के मामलों में कड़ी कार्रवाई की है। वर्ष 2025 में 186 अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जबकि वर्ष 2026 में अब तक 66 अधिकारियों पर कार्रवाई हो चुकी है। इनमें 18 अधिकारी निलंबित हैं और 10 अधिकारी ट्रैप मामलों में जेल जा चुके हैं।

### दाखिल-खारिज सेवाओं में सुधार, 91.33 प्रतिशत मामलों का निपटारा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में दाखिल-खारिज के 15.24 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 13.93 लाख मामलों का निपटारा किया गया। विभाग की निष्पादन दर 91.33 प्रतिशत रही।

### सरकारी जमीन से हटेगा अतिक्रमण

राज्यभर में सरकारी भूमि से जुड़े 6,493 अतिक्रमण मामलों में से 4,551 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों में कार्रवाई जारी है। सरकार जल्द ही अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान शुरू करेगी।

### 8,054 पदों पर भर्ती, अमीनों की कमी होगी दूर

राजस्व विभाग में कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए 8,054 नए पदों पर भर्ती का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा प्रत्येक ग्राम कचहरी स्तर पर डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति की भी तैयारी है। अमीनों की भारी कमी को देखते हुए रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। विभाग में 2,502 स्वीकृत पदों के विरुद्ध वर्तमान में केवल 1,197 अमीन कार्यरत हैं। साथ ही ऑनलाइन आवेदन करने पर भूमि का नक्शा (मैप) सीधे घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी शुरू की जा रही है, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर सख्त हुए सचिव पीडीएस दुकानों के निरीक्षण के दिए निर्देश

निज संवाददाता | पटना



खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा है कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या अनियमितता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर, निर्धारित मात्रा में और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में सभी जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी तथा आपूर्ति निरीक्षक शामिल हुए। बैठक में खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड निर्माण के लंबित आवेदन, संदिग्ध राशन कार्डों की जांच, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों की रिक्तियां तथा अन्य विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता और जवाबदेही से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर पीडीएस दुकानों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यदि कालाबाजारी, कम तौल, अनियमित वितरण या किसी अन्य प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में राशन कार्ड निर्माण से जुड़े लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने, संदिग्ध राशन कार्डों की जांच में तेजी लाने तथा अपात्र लाभुकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानों की रिक्तियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर भरने और आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

### भोजपुर एनकाउंटर : 36 बिरादरियों की महापंचायत में उठी मांग

# भरत तिवारी के नाम पर बसाई जाए पुनर्वास कॉलोनी

निज संवाददाता | शाहपुर (भोजपुर)



पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत तिवारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को आयोजित 36 बिरादरियों की महापंचायत में उनके सामाजिक संघर्ष और जनहित के कार्यों को याद किया गया। महापंचायत में सर्वसम्मति से मांग उठी कि जवइनिया गांव के कटाव पीड़ितों के लिए बसाई जा रही पुनर्वास कॉलोनी का नाम 'भरत तिवारी नगर' रखा जाए। वक्ताओं ने इसे भरत तिवारी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि भरत तिवारी ने जवइनिया गांव के कटाव पीड़ित परिवारों के पुनर्वास, बुनियादी सुविधाओं और उनके अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया था। उन्होंने विस्थापित परिवारों की समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया। ऐसे में उनके सम्मान में पुनर्वास स्थल का नाम 'भरत तिवारी नगर' रखा जाना उनके जनसेवा और सामाजिक संघर्ष को स्थायी पहचान देने वाला कदम होगा।

महापंचायत में मौजूद लोगों ने सरकार और जिला प्रशासन से इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए पुनर्वास कॉलोनी का नाम भरत तिवारी के नाम पर घोषित करने की अपील की। उनका कहना था कि इससे आने वाली पीढ़ियां भी उनके संघर्ष, जनसेवा और समाज के प्रति समर्पण को याद रखेंगी। इधर, महापंचायत को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कार्यक्रम में हजारों लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

# बिहार में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप को मिलेगा बढ़ावा

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचयूडीसीओ) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके तहत एक लाख करोड़ का दीर्घकालिक ऋण लेकर आधुनिक शहरी अवसंरचना, आवासीय सुविधाएं, सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस परियोजना से राज्य में बड़े पैमाने पर निजी निवेश आकर्षित होगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा टाउनशिप के आसपास के क्षेत्रों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# गंगा स्नान के दौरान पांच लड़किया डूबी, चार की हुई मौत, एक लापता



निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्यामपुर बघचपरा गंगा घाट पर बुधवार सुबह गंगा स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसे में चार सगी बहनों समेत पांच लोग गंगा में डूब गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक किशोरी की तलाश एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम द्वारा जारी है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान संगीता कुमारी (18), सोनाली कुमारी (12), हिना कुमारी (19) और विनीता कुमारी (16) के रूप में हुई है। वहीं संध्या कुमारी (14) का समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल सका था और उसकी तलाश जारी थी। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब आठ बजे चारों बहनें अपनी पड़ोस की बुआ हिना कुमारी के साथ गंगा स्नान करने गई थीं। स्नान के दौरान एक लड़की गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के लिए दूसरी बहन आगे बढ़ी और देखते ही देखते सभी एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में नदी में डूब गईं।

सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। मुफस्सिल एवं बासुदेवपुर थाना पुलिस के साथ जिला प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। जिला पदाधिकारी निखिल धनराज के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग और गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू के दौरान अलग-अलग समय पर संगीता, सोनाली, हिना और विनीता के शव बरामद कर लिए गए, जबकि संध्या कुमारी की तलाश देर शाम तक जारी रही।

ग्रामीणों के अनुसार पांचों को तैरना नहीं आता था। गंगा की गहराई का अनुमान नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि बड़ी बहन संगीता ने अंतिम क्षण तक अपनी बहनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन सभी गहरे पानी में समा गईं। परिजनों ने बताया कि संगीता पढ़ाई में मेधावी थी और इंटर पास करने के बाद बीआरएम कॉलेज, मुंगेर में बीए प्रथम सेमेस्टर में नामांकन की तैयारी कर रही थी। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है, जबकि प्रशासन ने लोगों से नदी में स्नान के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

### बिहार टेंडर घोटाला

# सात आरोपियों के खिलाफ 4000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के चर्चित टेंडर घोटाला मामले में विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईएएस अधिकारी संजीव हंस, ठेकेदार रिशु श्री समेत सात आरोपियों के खिलाफ अदालत में लगभग चार हजार पन्नों का आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिया है। इसे इस बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे महत्वपूर्ण कानूनी कार्रवाई माना जा रहा है। विशेष निगरानी इकाई के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पंकज कुमार दराद ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विस्तृत जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र तैयार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। एसवीयू द्वारा दाखिल आरोप पत्र में आईएएस अधिकारी संजीव हंस और ठेकेदार रिशु श्री के अलावा मुमुक्षु चौधरी, तारिणी दास, उमेश कुमार सिंह, संतोष कुमार तथा पवन कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। जांच एजेंसी का कहना है कि सभी आरोपियों की भूमिका से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों का गहन परीक्षण करने के बाद ही यह आरोप पत्र तैयार किया गया है। जांच के दौरान टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं, वित्तीय गड़बड़ियों और लेन-देन से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य सामने आए हैं। इन्हीं के आधार पर सभी सात आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई आगे बढ़ाई गई है। एसवीयू का दावा है कि जांच के दौरान एकत्र किए गए दस्तावेज और अन्य साक्ष्य मामले को मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

### सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के कई ठिकानों पर रेड

# तीन करोड़ के फ्लैट समेत कई संपत्तियों की हुई जांच



निज संवाददाता | पटना

आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने भवन निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (सुपरिटेंडेंट इंजीनियर) पवन कुमार के कई ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापेमारी की। पटना, भागलपुर, नोएडा और नई दिल्ली स्थित उनके आवासों एवं संपत्तियों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये की संपत्ति के साथ सोने-चांदी के बर्तन और आभूषण मिलने की जानकारी सामने आई है। ईओयू की टीम सुबह करीब आठ बजे पटना के कृष्णापुरी स्थित यमुना अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 305/बी पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। तीन बेडरूम वाले इस फ्लैट की कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। पवन कुमार वर्ष 1990-95 से इस फ्लैट में रह रहे हैं।

इसके अलावा ईओयू की अलग-अलग टीमें भवन निर्माण अंचल-1, पटना स्थित उनके कार्यालय, भागलपुर के तिलकामांझी स्थित आनंदगढ़ कॉलोनी के आवास, नोएडा के सेक्टर-75 स्थित फ्लैट एवं फार्महाउस तथा नई दिल्ली के द्वारका सेक्टर-10 स्थित फ्लैट पर भी छापेमारी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार तलाशी के दौरान सोने-चांदी के बर्तन, आभूषण तथा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। बरामद संपत्तियों और दस्तावेजों का मूल्यांकन किया जा रहा है। ईओयू की कार्रवाई अभी जारी है और जांच पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। बताया जाता है कि पवन कुमार के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र चिकित्सक है, जबकि दूसरा पुत्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहा है। जांच एजेंसी उनकी चल-अचल संपत्तियों, निवेश और आय के स्रोतों की भी गहन पड़ताल कर रही है।


BAYC Institute
स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# लखनऊ अग्निकांड के बाद रजौली में कोचिंग सेंटरों की जांच शुरू

## 25 कोचिंग चिन्हित, फायर लाइसेंस अनिवार्य; एक को छोड़ सभी में नहीं मिले उपकरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



कोचिंग की जांच कर वापस लौटते अग्निशमनकर्मी

**रजौली।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित एक कोचिंग संस्थान में हुए अग्निकांड में करीब 15 छात्रों की मौत के बाद रजौली प्रखंड क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थानों की अग्निशमन विभाग द्वारा सघन जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार को फायर ऑफिसर रविंद्र राम के नेतृत्व में टीम ने रजौली के कई कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण कर संचालकों व छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

**25 कोचिंग चिन्हित, लाइसेंस अनिवार्यः-** फायर ऑफिसर रविंद्र राम ने बताया कि पटना मुख्यालय से मिले निर्देश के आलोक में बुधवार से जांच अभियान शुरू किया गया है। रजौली क्षेत्र में कुल 25 कोचिंग संस्थानों को चिन्हित किया गया है। सभी कोचिंग संचालकों को अग्निशमन विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। लाइसेंस नहीं लेने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**एक को छोड़ सभी में नहीं मिले उपकरणः-** पहले दिन टीम ने पांच कोचिंग संस्थानों लक्ष्य क्लासेज, कौशल आर्ट्स क्लासेज, रॉय क्लासेज, लर्निंग हब व जीनियस क्लासेज एवं तीन लाइब्रेरी आर्यभट्ट लाइब्रेरी, बुद्धा लाइब्रेरी व एसआर लाइब्रेरी की जांच की। जांच के क्रम में केवल पुरानी बस स्टैंड स्थित लक्ष्य क्लासेज में ही अग्निशमन उपकरण मौजूद मिले। अन्य किसी भी कोचिंग संस्थान या लाइब्रेरी में अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपकरण नहीं पाए गए।

**संचालकों को दिए गए निर्देशः-** अग्निशमन टीम ने कोचिंग भवनों की संरचना की जांच कर संचालकों को आवश्यक अग्निशमन उपकरण रखने एवं तुरंत लाइसेंस के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं को अगलगी से बचाव के उपाय बताए गए। फायर ऑफिसर ने कहा कि कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुसार होनी चाहिए।

जांच टीम में फायर ऑफिसर रविंद्र राम के साथ प्रधान अग्निक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, अग्निक चालक मंटू कुमार, अग्निक रामपाल कुमार एवं अग्निक राकेश कुमार मौजूद रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा और जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मृतक खाताधारकों के नामितों को मिला पीएमजेजेबीवाई का दो-दो लाख रुपये बीमा लाभ



बीमा लाभ का पासबुक देते प्रबंधक एवं अन्य

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** बिहार ग्रामीण बैंक, शेखपुरा शाखा में बुधवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत दो मृत खाताधारकों के नामितों को दो-दो लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक संजय कुमार चौधरी ने लाभुकों के खातों में राशि हस्तांतरित कर पासबुक सौंपा।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि जमुआरा पंचायत के सहगाजीपुर गांव निवासी मनोज तांती तथा रंजीत सिंह को उनकी दिवंगत पत्नियों की बीमा पॉलिसी के आधार पर योजना का लाभ दिया गया। मनोज तांती की पत्नी रामकली देवी एवं रंजीत सिंह की पत्नी बेबी देवी का बिहार ग्रामीण बैंक में खाता था तथा उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया हुआ था। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत बीमित खाताधारक की मृत्यु होने पर नामित व्यक्ति (नोमिनी) को दो लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए खाताधारक के खाते से प्रतिवर्ष 436 रुपये प्रीमियम का भुगतान किया जाता है। शाखा प्रबंधक ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि यह कम प्रीमियम में परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इस अवसर पर बीपीएम गीतिका रानी, बैंक अधिकारी कुमारी अनुराधा तथा बैंक मित्र प्रियंका कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# पकरीबरावां यदुवंशी जागृति एकता मंच बीपीएससी में सफलता हासिल करने वाले नीतीश को किया सम्मानित

## मेहनत और लगन को बताया सफलता की कुंजी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पकरीबरावां।** कौवाकोल प्रखंड क्षेत्र के बिंदीचक गांव निवासी रामबालक प्रसाद यादव एवं करुणा देवी के पुत्र नीतीश कुमार ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पकरीबरावां प्रखंड यदुवंशी जागृति एकता मंच की ओर से उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने नीतीश कुमार तथा उनके गुरु शिक्षक दिलीप कुमार एवं जितेंद्र कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया।

नीतीश कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में रहकर प्राप्त की। उन्होंने वर्ष 2013 से 2022 तक नवादा में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। इस दौरान पटेल नगर स्थित करियर प्वाइंट कोचिंग सेंटर में शिक्षक दिलीप कुमार एवं जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 से ही उनका मुख्य लक्ष्य यूपीएससी रहा है और इसी उद्देश्य को लेकर दिल्ली में रहकर भी तैयारी की।

अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता के साथ-साथ अपने गुरु दिलीप कुमार एवं जितेंद्र कुमार को दिया। उन्होंने कहा कि यदि छात्र प्रतिदिन छह से दस घंटे तक ईमानदारी और लगन के साथ अध्ययन करें तो सफलता अवश्य प्राप्त कर सकते हैं।

समाज के बच्चों को संदेश देते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि मेहनत और लगन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों को पढ़ाई के लिए घर से बाहर भेजने के बाद उन पर नियमित ध्यान देना चाहिए तथा उन्हें पूरी तरह से अनियंत्रित स्वतंत्रता नहीं देनी चाहिए। बीपीएससी में सफलता से बिंदीचक गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि बताया। इस मौके पर यदुवंशी जागृति एकता मंच के अध्यक्ष दिनेश यादव, सचिव अजीत कुमार काजू, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, संजय यादव, अरुण कुमार, प्रकाश यादव, जितेंद्र कुमार, अनिल यादव सहित अन्य थे।

# ड्रोन छापामारी से लौट रही उत्पाद टीम ने पकड़ी शराब की खेप

## झारखंड निर्मित 5.4 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



जब्त शराब व बाइक के साथ गिरफ्तार युवक व उत्पाद बल

**रजौली।** ड्रोन की मदद से छापामारी कर लौट रही उत्पाद विभाग की टीम संख्या-1 ने देर शाम रजौली गांव की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। जांच के दौरान मोटरसाइकिल पर रखे लाल रंग के बैग से आईकॉनिक व्हाइट एलिट इंटरनेशनल ग्रेन व्हिस्की 180 एमएल की 30 बोतलें बरामद हुईं। सभी बोतलों पर "फॉर सेल इन झारखंड ओनली" अंकित था। कुल 5.400 लीटर शराब जब्त की गई।

**शादी-पार्टी के लिए झारखंड से ला रहे थे शराबः-** उत्पाद अधीक्षक नवादा अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि शराब लदे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में बाइक चालक ने अपनी पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के अशरतपुर गांव निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र अखिलेश कुमार एवं पीछे बैठे युवक ने अपनी पहचान रजौली थाना के गिरगी गांव निवासी रविंद्र कुमार के रूप में बताई। दोनों युवकों ने बताया कि बरामद शराब शादी एवं पार्टी के लिए झारखंड से लेकर अपने घर जा रहे थे। उत्पाद विभाग ने मौके से ब्लू एवं ब्लैक रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। मोटरसाइकिल पर निबंधन संख्या अस्पष्ट पाई गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस छापामारी दल का नेतृत्व अवर निरीक्षक मद्य निषेध निखिल कुमार ने किया। उनके सहयोग में सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध जितेंद्र कुमार शामिल रहे। उत्पाद विभाग ने बताया कि ड्रोन छापामारी से लौटने के दौरान संदेह के आधार पर बाइक की जांच की गई थी। जिले में शराब तस्करी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# पैक्स अध्यक्ष के घर में ताला लगाकर महिला अपने बच्चों के संग गई छत पर सोने, तालाबंद घर से लाखों की चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **अज्ञात चोरों ने घर में रखे सोने व चांदी के जेवरात एवं पीतल-तांबा के बर्तन ले उड़े,जांच में जुटी पुलिस**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के कैरिखाप गांव में बीते मंगलवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने एक तालाबंद घर में घुसकर चोरी को अंजाम दिया है। चोरों ने सोने व चांदी के जेवरात समेत पीतल,कांसा व तांबा के बर्तन एवं कपड़ा समेत लाखों की चोरी की है। घटना के वक्त घर में रह रही महिला अपने दो छोटे-छोटे बच्चों को लेकर उसी घर के छत पर सोई हुई थी। अमावां पश्चिमी पैक्स अध्यक्ष रामाशीष कुमार ने बताया कि उनके छोटे भाई गोवर्धन कुमार यादव के घर में अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया है। जेवरात,बर्तन एवं कपड़े समेत लगभग 10 लाख रुपए की चोरी कर ली है। उन्होंने कहा कि उनका भाई गोवर्धन सऊदी अरब में रहकर काम करता है एवं घर में पत्नी के अलावे दो बच्चे रह रहे हैं। घर का बनावट कुछ इस प्रकार है कि घर और सीढ़ी का रास्ता अलग-अलग है। गर्मी के कारण छोटे भाई की पत्नी घर में तालाबंद करके सीढ़ी से छत पर जाकर सो गई। रात्रि लगभग 1:47 बजे नींद खुली और रोशन दान से घर के अंदर झांकी,तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। इसकी सूचना आसपास एवं परिजनों को दी गई। उन्होंने बताया कि घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुसे और 120 ग्राम सोने के जेवरात,250 ग्राम चांदी के जेवरात,150 किलो पीतल-तांबा-कांसा का बर्तन एवं नगद रखे दस हजार रुपए के साथ कुछ महंगे कपड़े चोरी किया है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर बुधवार को लिखित आवेदन थाना को दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि कैरिखाप के एक घर में चोरी की घटना हुई है। सूचना मिलने पर थाने में पदस्थापित एएसआई के के झा को पुलिस बलों के साथ भेजा गया था। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। डॉग स्क्वायड टीम को भी सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# कुरसेला में मुहर्रम को लेकर पुलिस-समाज की बैठक

## शांति और सौहार्द से पर्व मनाने पर बनी सहमति



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कुर्सेला (कटिहार) :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से कुरसेला थाना क्षेत्र के देवी गांव में पुलिस ने मुस्लिम समुदाय के साथ बैठक की। कुरसेला थानाध्यक्ष राकेश कुमार और पुलिस पदाधिकारी नवीन कुमार ने देवीपुर में आयोजित बैठक में ताजिया जुलूस और अखाड़ा को लेकर लोगों से चर्चा की। अधिकारियों ने पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। समुदाय के लोगों ने भी सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का भरोसा दिलाया।

# आजमनगर:पिंढ़ाल पंचायत के राजस्व कर्मचारी सुनील ठाकुर हुये निलंबित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** जिले के आजमनगर प्रखंड अंतर्गत पिंढाल पंचायत के राजस्व कर्मचारी सुनील ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है।राजस्व कर्मचारी सुनील ठाकुर के भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की गई है।राजस्व कर्मचारी सुनील ठाकुर के द्वारा सोशल मीडिया पर रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होने के बाद डीएम आशुतोष द्विवेदी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए राजस्व कर्मचारी सुनील ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था।जिसमें राजस्व कर्मचारी सुनील ठाकुर जमीन व राजस्व संबंधी कार्यों के एवज में एक व्यक्ति से अवैध रूप से पैसे लेते नजर आ रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने पूरे मामले की विस्तृत जांच के लिए अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है।

# 1 जुलाई से प्रस्तावित राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारियों का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में 01 जुलाई से प्रस्तावित राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया।इस क्रम में उन्होंने अकबरपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैजुना, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहिला तथा गोविंदपुर प्रखंड स्थित सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुघड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवनों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, शैक्षणिक संसाधनों तथा चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने विद्यालय भवनों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर हर हाल में 01 जुलाई 2026 से नियमित पठन-पाठन प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालयों में सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान भवनों के प्लास्टर, फर्श, विद्युत वायरिंग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पंखा, मोटर तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करने को कहा।उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि चयनित एजेंसी के माध्यम से हाउसकीपिंग व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नियमित साफ-सफाई कराई जाए।

निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन से जिले के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर उपलब्ध होगा तथा इससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार पुलिस विशेष शाखा सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न

**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित बिहार पुलिस की विशेष शाखा, बिहार में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) भर्ती परीक्षा आज दिनांक 24 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिला मुख्यालय स्थित 15 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा दो प्रश्न-पत्रों में आयोजित की गई। प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र अपराह्न 12:00 बजे से 01:30 बजे तक आयोजित हुआ। परीक्षा के स्वच्छ, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई थीं। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा के संयुक्त निर्देश में सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण, अभ्यर्थियों की सघन जांच तथा प्रवेश प्रक्रिया की सतत निगरानी की गई। परीक्षा केन्द्रों के भीतर एवं बाहर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के पहचान सत्यापन, सुरक्षा जांच एवं प्रवेश से संबंधित निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया गया। परीक्षा अवधि के दौरान जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी लगातार विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे तथा संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। जिले के सभी 15 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 7,569 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें से 2,338 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 5,231 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### प्रत्येक सनातनी के घर में रामचरितमानस और रामायण अवश्य रहना चाहिए : आचार्य श्याम दास जी महाराज

**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए, वहीं शाम के समय आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रवचन के दौरान आचार्य श्याम दास जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक सनातनी परिवार के घर में दो महान ग्रंथ रामचरितमानस और रामायण अवश्य रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये ग्रंथ केवल धार्मिक पुस्तकें नहीं,बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले आदर्श ग्रंथ हैं। इनके अध्ययन से व्यक्ति के भीतर संस्कार, मर्यादा,सत्य और धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए घर-घर में धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन जरूरी है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में प्रेम,भाईचारा और नैतिकता कायम रह सकती है।प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए और पूरा यज्ञ स्थल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। आयोजन समिति द्वारा यज्ञ को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है।

### रजौली पुलिस को मिली सफलताः कुंडला से एनबीडब्लू वारंटी टुनटुन मियां गिरफ्तार

**रजौली।** रजौली थाना पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को मंगलवार की रात कुंडला मोहल्ला से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त कुंडला मोहल्ला निवासी अलीजान मियां का पुत्र कमरुद्दीन मियां उर्फ टुनटुन मियां है। उसके खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) निर्गत था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी तलाश थी। थानाध्यक्ष के अनुसार मंगलवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एनबीडब्लू वारंटी टुनटुन मियां अपने घर कुंडला मोहल्ला में मौजूद है। सूचना का सत्यापन करने के बाद थानाध्यक्ष के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस बलों ने रात में ही कुंडला मोहल्ला स्थित उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बुधवार सुबह गिरफ्तार टुनटुन मियां को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसकी स्वास्थ्य जांच की। स्वास्थ्य जांच में स्वस्थ पाए जाने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने कहा कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचनाओं के आधार पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि फरार अपराधियों की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### जदयू के राज्य परिषद का सदस्य चंदन भगत का कदवा में भव्य अभिनंदन

**कटिहार।** जनता दल यूनाइटेड के जिला महासचिव चंदन भगत को जदयू के राज्य परिषद का सदस्य बनाए जाने पर कदवा प्रखंड में भव्य अभिनंदन किया गया।अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता कदवा प्रखंड अध्यक्ष विजय दास ने किया।संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्रजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया। इस अवसर पर कई नेताओं ने जदयू के राज्य परिषद के सदस्य चंदन भगत को फूल का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। स्थानीय जदयू विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी, बरारी के विधायक विजय सिंह निषाद, जदयू जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश राय,जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय दास,जदयू युवा अध्यक्ष सोनू सिंह राणा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश भगत,डंडखोरा प्रखंड अध्यक्ष कुंदन महतो, सहित मनोज भारती, शंकर पोद्दार, अंजार आलम, प्रवीण विश्वास, बीजेपी के वरिष्ठ नेता इंद्रजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह ,अरुण सिंह, बिपिन बिहारी साह,अशोक मेहता,धर्मेंद्र नाथ ठाकुर, शोभन चंद्र दास,मनोज मंडल, मुन्ना ठाकुर, नीलांबर दास सहित दर्जनों एनडीए के नेताओं ने चंदन कुमार भगत को राज्य परिषद के सदस्य बनने पर बधाई दिया है। इस अवसर पर राज्य परिषद के सदस्य चंदन कुमार भगत ने कहा कि पार्टी के सर्वोत्तम हित में कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कदवा विधानसभा को लेकर प्रदेश तक की कार्य को पार्टी के सर्वोत्तम हित में करेंगे।डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान कर संगठन को और भी मजबूत बनाने के दिशा में कार्य करेंगे। राज्य परिषद के सदस्य चंदन कुमार भगत ने कहा कि कदवा विधानसभा सहित संपूर्ण कटिहार जिला के एनडीए नेताओं के साथ कंधे से कंधे मिलाकर क्षेत्र के सर्वांगीण, विकास जनता की समस्याओं की समाधान करने के दिशा में कार्य करेंगे। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय दास जदयू युवा अध्यक्ष सोनू सिंह राणा भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्रजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह विपिन बिहारी सा ने कहा कि चंदन कुमार भगत धरातल से जुड़े हुए जदयू के कार्यकर्ता के रूप में कार्य प्रारंभ किया है उनके कार्य शैली से कदवा विधानसभा से लेकर प्रदेश तक कार्य कौशल की प्रशंसा हो रही है इनके राज्य परिषद के सदस्य बनने से कदवा विधानसभा क्षेत्र के एनडीए नेताओं में हर्ष व्याप्त है।

### मध्यकाल में यह क्षेत्र बंगाल के नवाबों और मुस्लिम शासकों के प्रभाव में आया

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत चौकी एक प्रमुख क्षेत्र (चौकी हाट) के रूप में जाना जाता है। कदवा और इसके आस-पास के क्षेत्रों का इतिहास मुख्य रूप से प्राचीन काल में मिथिला क्षेत्र के विस्तार,स्वतंत्रता संग्राम और जमींदारी प्रथा के पतन से जुड़ा हुआ है। प्राचीन और मध्यकालीन पृष्ठभूमिऐतिहासिक रूप से,यह पूरा क्षेत्र प्राचीन मिथिला (विदेह राज्य) का अभिन्न अंग रहा है।मौर्य और गुप्त साम्राज्य के काल में यह क्षेत्र मगध की प्रशासनिक सीमाओं के अधीन था।मध्यकाल में यह क्षेत्र बंगाल के नवाबों और मुस्लिम शासकों के प्रभाव में आया। कटिहार और पूर्णिया प्रमंडल का यह हिस्सा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग के रूप में कार्य करता था।ब्रिटिश काल और जमींदारीब्रिटिश शासन के दौरान,यह क्षेत्र पूर्णिया जिले (जिसमें तब कटिहार भी शामिल था) का हिस्सा था। कदवा और चौकी क्षेत्र में बड़े जमींदार हुआ करते थे।स्थानीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित थी।स्वतंत्रता से पूर्व,ब्रिटिश नीतियों और जमींदारी प्रथा के खिलाफ स्थानीय किसानों में गहरा असंतोष था, जिसके कारण यह क्षेत्र बाद में स्वतंत्रता आंदोलनों का गवाह बना। स्वतंत्रता संग्राम में योगदानबिहार के अन्य हिस्सों की तरह, कदवा और चौकी के निवासियों ने भी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई।महात्मा गांधी के आह्वान पर असहयोग आंदोलन,सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान इस क्षेत्र के कई सेनानियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्जला एकादशी पर 3 बजे खुलेंगे विष्णुपद मंदिर के पट

**गया।** आस्था के सबसे बड़े केंद्रों में से एक, गयाजी का ऐतिहासिक विष्णुपद मंदिर निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। 25 और 26 जून को होने वाले इस महापर्व को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए ठोस इंतजाम किए जा रहे हैं। डीएम शशांक शुभंकर और एसएसपी सुशील कुमार ने पूरी प्रशासनिक टीम के साथ विष्णुपद मंदिर, देवघाट और सूर्यकुंड का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए है। विष्णुपद मंदिर के पुरोहितों के मुताबिक, 25 जून की सुबह 9:00 बजे से ही दूर-दराज से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा। दोपहर होते-होते भीड़ काफी बढ़ जाएगी। 25 जून की रात 11:00 बजे मंदिर के पट बंद होंगे और अगले दिन 26 जून की सुबह 03:00 बजे दोबारा खोल दिए जाएंगे। दूर-दराज से आने वाले हजारों श्रद्धालु 25 जून की पूरी रात मंदिर परिसर और देवघाट पर ही गुजारेंगे। इसके बाद 26 जून की सुबह 4:00 बजे मंगल आरती में शामिल होकर अपने घरों को लौटेंगे।

**फॉगिंग मशीन से होगी पानी की बौछारः** चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को झुलसाने वाली गर्मी से बचाने के लिए फॉगिंग (स्प्रिंकलर) मशीनों से लगातार पानी का छिड़काव किया जाएगा। धूप में पैर न जलें, इसके लिए पूरे मंदिर प्रांगण और घाट जाने वाले रास्तों पर टाट और कूलिंग मैट व दरियां बिछाई जाएंगी। देवघाट पर महिलाओं और पुरुषों के लिए बने सभी स्नानागार वाले झरनों को तुरंत चालू करने का आदेश दिया गया है। देवघाट पर स्थित 38 पुरुष टॉयलेट, 30 महिला टॉयलेट और 50 चेंजिंग रूम की सफाई के लिए नगर निगम के सफाईकर्मी आउटसोर्सिंग एजेंसी के साथ मिलकर दो शिफ्टों में लगातार काम करेंगे।

**ब्लैक स्पॉट पर रहेगी एक्स्ट्रा लाइटः** डीएम के मुताबिक देवघाट और वहां तक जाने वाले रास्तों में जितने भी अंधेरे वाले हिस्से हैं, वहां अतिरिक्त लाइटें लगाई जाएं ताकि रात में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए विष्णुपद क्षेत्र में तीन प्रमुख पॉइंट चिह्नित किए गए हैं, जहां पानी के टैंकर खड़े रहेंगे। इसके अलावा, सुधा डेयरी के माध्यम से शुद्ध और ठंडे पेयजल के टैंकर भी तैनात रहेंगे। डीएम ने अपर समाहर्ता को सख्त कहा है कि चूंकि श्रद्धालु रात में यहीं रुकेंगे इसलिए रात के समय भी टैंकरों में पानी की री-फिलिंग की मुकम्मल व्यवस्था रखी जाए ताकि पानी खत्म होते ही उसे तुरंत भरा जा सके।

**बैरिकेडिंग, चप्पे-चप्पे पर पुलिसः** भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर में मजबूत रस्सियों से जिग-जैग बैरिकेडिंग की जाएगी, जिससे लोग बिना किसी अफरा-तफरी के कतार में लगकर दर्शन कर सकें। सुरक्षा के लिहाज से एसएसपी ने कहा कि विष्णुपद मंदिर, देवघाट और गजाधर घाट पर दिन और रात दोनों समय पुलिस बल तैनात रहेगा। पूरे परिसर और गर्भगृह में लगे सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए देवघाट पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी, जिसके पास पर्याप्त मात्रा में ओआरएस और जरूरी दवाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, एहतियात के तौर पर सूर्यकुंड में भी सुरक्षा और मैजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### पिकअप व ऑटो की भीषण टक्कर में चार की घटनास्थल पर मौत, चार घायल

**बेतिया।** पूर्वी और पश्चिम चंपारण का बोर्डर इलाका छपवा-बेतिया मुख्य मार्ग पर सगौली थाना क्षेत्र के नयका टोला गांव के समीप बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।बताया गया है कि सवारियों से भरी एक टेंपो मोतिहारी से बेतिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान नयका टोला गांव के समीप सामने से आ रही एक असंतुलित पिकअप वैन ने टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क पर ही पलट गए। हादसे में टेंपो में सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को वाहनों से बाहर निकाला और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल, बेतिया रेफर कर दिया। घायलों में केसरिया थाना क्षेत्र के बथना गांव निवासी बसीर खान के पुत्र चांद खान (32 वर्ष), बेतिया नया टोला निवासी अफरोज खान की पुत्री रिफत परवीन (20 वर्ष), शकील खान की पुत्री मन्नत परवीन (12 वर्ष) तथा तीन लालटेन चौक, बेतिया निवासी मैनेजर शर्मा के पुत्र शंकर कुमार शर्मा (35 वर्ष) शामिल हैं। वहीं हादसे में बेतिया के नया टोला इंदिरा चौक निवासी बच्चा खान की पुत्री आयशा खातून (22 वर्ष), शकील खान की पत्नी रुबीना खातून (25 वर्ष), शकील खान के पुत्र जायद खान तथा टेंपो चालक थाना क्षेत्र के छगराहा वृत्ता टोला निवासी शंकर राउत के पुत्र भैरो राउत (42 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सड़क पर दोनों वाहनों के पलट जाने से राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने जेसीबी मशीन मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों एवं घायलों की पहचान कर उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### भारत-नेपाल सीमा से 16.5 किलो गांजा, नेपाली बाइक और 9 मवेशी जब्त

**सुपौल।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) वीरपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 16.5 किलोग्राम गांजा, एक नेपाली नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल और 9 मवेशी जब्त किए हैं। दो अलग-अलग अभियानों में की गई इस कार्रवाई के दौरान एक मवेशी तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि गांजा तस्करी में शामिल दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। एसएसबी की स्पेशल क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) भीमनगर-सहरसा चौक के समीप नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान लालपुर गांव की ओर से आ रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को जवानों ने रुकने का संकेत दिया। एसएसबी को देखकर बाइक सवार तस्करों ने भागने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। मौके का फायदा उठाकर दोनों तस्कर नेपाल सीमा की ओर फरार हो गए। तलाशी के दौरान बाइक पर लदे दो बोरों से 16.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। एसएसबी ने बरामद गांजा और नेपाली नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए भीमनगर थाना पुलिस को सौंप दिया। एक अन्य कार्रवाई में सीमा चौकी सिमरीघाट की पेट्रोलिंग टीम ने भारत से नेपाल ले जाए जा रहे 9 बैलों के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी अपनी पहचान रामदेव मुखिया, निवासी छिटही, जिला सुपौल के रूप में बताई। एसएसबी अधिकारियों द्वारा परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगने पर वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उसे पशु तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त मवेशियों और आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भपटियाही थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। इन सामानों की हुई बरामदगी की सूची - गांजा – 16.5 किलोग्राम,नेपाली नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल – 01,बैल (मवेशी) – 09,45वीं वाहिनी एसएसबी वीरपुर के कमांडेंट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी, पशु तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ है और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस अभियान में सहायक उप निरीक्षक नवीन सिंह, मुख्य आरक्षी प्रताप नारायण दुबे तथा बिहार पुलिस के पीटीसी रामचंद्र चौधरी समेत कई जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिहारशरीफ के मां मंगला स्थान मंदिर का बदलेगा स्वरूप, अब क्यूआर कोड-चेक से ही दे पाएंगे दान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** बिहार शरीफ के रामचंद्रपुर स्थित प्रसिद्ध मां मंगला स्थान मंदिर के जीर्णोद्धार और भव्य बहुमंजिला पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। सनातन धर्म विकास ट्रस्ट के देखरेख में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुनील कुमार की ओर से मंदिर विधि-विधान से शिलान्यास सह भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक ने मां मंगला स्थान की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस काम की शुरुआत मौके पर बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिक और आम लोग मौजूद रहे, जिन्होंने मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का संकल्प लिया।

**सनातन हिंदू धर्म की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगेः** भूमि पूजन के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि उनका परिवार पहले भी मंदिर निर्माण सहित धर्म के काम में सहभागिता करता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वे जनता के सहयोग से महान सनातन हिंदू धर्म की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज हम सभी हिंदू भाई-बहनों को अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा और सेवा के लिए आगे आने की आवश्यकता है, क्योंकि जब हमारा धर्म सुरक्षित होगा, तभी हम सभी और हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रह सकेंगी। उन्होंने 'धर्मो रक्षति रक्षितः' के संदेश को दोहराते हुए कहा कि जब हम धर्म की रक्षा करेंगे, तभी धर्म हमारी रक्षा करेगा। विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस पावन स्थल पर एक भव्य बहुमंजिला मंदिर का निर्माण पूरा होगा, जो पूरे क्षेत्र के लिए आस्था और आकर्षण का

◆ **आधुनिक सुविधाएं भी विकसित होगी**



मुख्य केंद्र बनेगा। इस भव्य मंदिर में विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, जहां श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर सकेंगे। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए यहां आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि बिहारशरीफ की जनता जनार्दन का आशीर्वाद और सहयोग इसी तरह बना रहा, तो सनातन धर्म विकास ट्रस्ट की ओर से आगे भी शहर के अन्य अतिआवश्यक पुराने मंदिरों का पुनर्निर्माण जारी रखा जाएगा। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि इस पुनीत काम में चंदा जुटाने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और साफ-सुथरा रखा गया है। इसके लिए सहयोग राशि केवल डिजिटल माध्यम यानी क्यूआर कोड या फिर बैंक चेक की ओर से ही स्वीकार की जाएगी। इस ऐतिहासिक और धार्मिक उत्सव के अवसर पर शहर के कई प्रमुख समाजसेवी, बुद्धिजीवी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी रजनीश कुमार, अरविंद , सुनील साव, राजकिशोर प्रसाद, अरुण देव साव, डॉ. श्याम बिहारी, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. चन्देश्वर प्रसाद, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. बालमुकुंद, डॉ. पवन भारती, डॉ. संध्या सिन्हा, वकील दिनेश प्रसाद, और मंगला स्थान मंदिर के अध्यक्ष प्रो. अमन कुमार शामिल हुए।

## इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी के पास 13 थानों की जिम्मेदारी, नालंदा में बेहतर पुलिसिंग के लिए फैसला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था को और मजबूत बनाने और मामलों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से बिहार पुलिस मुख्यालय ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। पुलिस महानिदेशक की ओर से जारी पुलिस आदेश संख्या-354/2026 के तहत राज्य के 425 सामान्य पुलिस थानों को इंस्पेक्टर स्तर के थानाध्यक्षों के लिए चिह्नित किया है। इस आदेश के बाद नालंदा जिले के 13 प्रमुख थानों की जिम्मेदारी अब पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) रैंक के अधिकारियों को सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि इससे संवेदनशील और अधिक मामलों वाले थानों में पुलिसिंग की गुणवत्ता बेहतर होगी, अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी और लंबित कांडों के निष्पादन में भी सुधार होगा।



**क्यों लिया गया यह निर्णय ?** पुलिस मुख्यालय के अनुसार, 1 जुलाई से देश में नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू हो चुके हैं। इन कानूनों के तहत मामलों का वैज्ञानिक और त्वरित अनुसंधान करने के लिए थानों का सुदृढ़ीकरण जरूरी था। अपराध और विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से संवेदनशील, तुलनात्मक रूप से बड़े और हर साल औसतन कम-से-कम 350 कांड दर्ज करने वाले थानों को इस श्रेणी में अपग्रेड किया गया है। इन बड़े थानों में पुलिस निरीक्षक के रहने से अधीनस्थ पुलिस अवर निरीक्षकों और सहायक अवर निरीक्षकों के कार्यों का बेहतर अनुश्रवण और नियंत्रण हो सकेगा।

**अंचल निरीक्षक की भी शक्तियां होंगी पासः** इस आदेश के तहत, चिह्नित थानों में तैनात होने वाले पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अपने थाने के अंचल निरीक्षक (सर्किल इंस्पेक्टर) भी होंगे। हालांकि, उनका क्षेत्रीय प्राधिकार केवल उसी थाने तक सीमित रहेगा जिसके वे थानाध्यक्ष हैं और अंचल के अन्य थाने उनके कार्यक्षेत्र से बाहर होंगे। मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि इसके लिए किसी अतिरिक्त पद का सृजन नहीं किया गया है, बल्कि जिले के वर्तमान स्वीकृत पदबल से ही इनकी तैनाती की जाएगी।

## युवक को बदमाशों ने पीटा, शरीर के कई हिस्से में लगी चोट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के गोपी बिगहा गांव में मंगलवार देर रात एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। हथियारबंद अपराधियों ने युवक के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए 5 से 6 राउंड फायरिंग भी की। घायल युवक को इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (एएनएमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल युवक की पहचान गोपी बिगहा निवासी रॉकी यादव के रूप में हुई है। रॉकी यादव ने पुलिस को बताया कि वह गांव में महेंद्र यादव के घर पर बैठा था, तभी यह घटना हुई। रॉकी के अनुसार, गांव के ही उपेंद्र यादव, उनके बेटे नीतीश यादव, भतीजा सोनू यादव और भगिना मुकेश यादव अचानक वहां पहुंचे। पीड़ित का आरोप है कि चारों आरोपी हथियार, लाठी-डंडा और लोहे की रॉड से लैस थे और आते ही गाली-गलौज व धमकी देने लगे।



**सभी आरोपियों ने मिलकर मारपीट कीः** रॉकी यादव ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो सभी आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने उसे जमीन पर गिराकर सीने पर चढ़कर बेरहमी से पीटा। इस हमले में रॉकी गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से 5 से 6 राउंड फायरिंग भी की। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे। घायल युवक ने बताया कि वह किसी तरह मौके से अपनी जान बचाकर भागने में सफल रहा। हमले के बाद घायल अवस्था में वह सीधे मगध मेडिकल थाना पहुंचा, जहां पुलिस ने उसकी स्थिति को देखते हुए तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। युवक को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें फिलहाल रॉकी यादव का इलाज गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि युवक को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं और वह अभी भी सदमे में है। पीड़ित रॉकी यादव ने इस संबंध में मगध मेडिकल थाना में लिखित आवेदन देकर चारों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। पीड़ित ने कहा कि खुलेआम फायरिंग और मारपीट की इस घटना ने गांव के लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है, इसलिए अपराधियों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है। इस संबंध में मगर मेडिकल थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार का कहना है कि आपसी विवाद में फायरिंग होने की सूचना पर पुलिस पहुंची। स्थिति को शांत कराया है, एक युवक को गोली लगी है, जिनका इलाज मेडिकल अस्पताल में चल रही है, पीड़ित की ओर से लिखित आवेदन दिया गया है। मामले का जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लापता मजदूर की मिली लाश, परिजन ने पीट-पीटकर हत्या की जताई आशंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में बुधवार की सुबह युवक की पीट-पीटकर हत्या हुई है। मृतक सोहसराय थाना क्षेत्र के गोला पर निवासी सुधीर साव का बेटा राजन कुमार (32) है। मजदूरी का काम करता था। राजन मंगलवार को घर से ढलाई (मजदूरी) के काम के लिए निकला था, जिसके बाद से वह लापता था। बुधवार की सुबह सोहडीह बधार (खंधा) में 17 नंबर पावर ग्रिड के उत्तर दिशा में स्थानीय लोगों ने उसका शव देखा। स्थानीय वार्ड पार्षद विनोद रविदास ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे उन्हें शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने तुरंत सोहसराय थाना अध्यक्ष को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मृतक के शरीर पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं, जिससे साफ है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र का है।

**घटनास्थल पर मिले शराब के रैपरः** घटनास्थल से थोड़ी ही दूरी पर देसी शराब के खाली रैपर और पाउच बिखरे मिले हैं। मृतक के भाई साजन कुमार और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि घटनास्थल के आस पास घनी आबादी होने





के बावजूद वहां खुलेआम अवैध शराब की बिक्री होती है और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। मृतक के भाई ने आशंका जताई है कि इस हत्याकांड के पीछे शराब माफिया या नशेड़ियों का हाथ हो सकता है। हालांकि, परिजनों ने किसी भी व्यक्तिगत दुश्मनी या रंजिश से साफ इनकार किया है।

**FSL टीम को बुलाया गयाः** घटना के संबंध में सोहसराय थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया है। मामला संदिग्ध है और शरीर पर चोट के निशान हैं। साक्ष्य संकलन और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए FSL की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सिपाही भर्ती की परीक्षा, शहर के 18 प्रमुख शिक्षण संस्थानों में बनाए गए केंद्र, पुलिस ने एक फर्जी परीक्षार्थी को रंगे हाथ दबोचा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** सिपाही भर्ती परीक्षा आज नालंदा के 18 परीक्षा केंद्रों पर हो रही है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की आशंका को खत्म करने के लिए जिला प्रशासन ने एक और बड़ा कदम उठाया है। परीक्षा के दिन सभी केंद्रों के 500 गज के दायरे में आने वाले तमाम फोटो स्टेट की दुकानें, साइबर कैफे और कोचिंग संस्थान सुबह 9:00 बजे से लेकर परीक्षा की समाप्ति तक पूरी तरह बंद रहेगी। परीक्षा केंद्र के आसपास एक साथ पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर पूरी तरह रोक है। नूरसराय थाना क्षेत्र से एक बार फिर परीक्षा में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। सिपाही भर्ती की परीक्षा में बुधवार को पुलिस ने एक फर्जी परीक्षार्थी को रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़ा गया शातिर युवक वास्तविक परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा था।

**बायोमेट्रिक और एडमिट कार्ड मिलान में पकड़ा गया फर्जीवाड़ाः** सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि लोहरी, सोहडीह (बिहारशरीफ, नालंदा) स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र में बुधवार को प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान जब केंद्र के वीक्षकों और केन्द्राधीक्षक की ओर से परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड और चेहरे का मिलान किया जा रहा था, तब रोल नंबर 7011100900 पर परीक्षा दे रहे युवक पर संदेह हुआ। एडमिट कार्ड पर लगी तस्वीर और परीक्षा दे रहे युवक के चेहरे में साफ अंतर दिखाई दे रहा था। कड़ाई से पूछताछ करने पर यह साफ हो गया कि वह एक फर्जी उम्मीदवार है, जो असली परीक्षार्थी मो० सूरज के स्थान पर परीक्षा में बैठा था।

**भागलपुर का रहने वाला है शातिर 'स्कॉलर'**ः मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्राधीक्षक ने तुरंत दोपहर करीब 12:00 बजे इसकी सूचना नूरसराय थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नूरसराय थानाध्यक्ष ने कार्रवाई करते हुए परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर



आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अभिरक्षा में हुई पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान धीरज कुमार के रूप में बताई जो भागलपुर का रहने वाला है।

**गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी शुरूः** घटना के तुरंत बाद पुलिस निरीक्षक नूरसराय और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02, बिहारशरीफ ने घटनास्थल का सघन निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र के केन्द्राधीक्षक के लिखित आवेदन के आधार पर नूरसराय थाने में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपी धीरज कुमार से सघन पूछताछ की जा रही है। शुरुआती पूछताछ में मिले इनपुट और सबूतों के आधार पर इस फर्जीवाड़ा गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों और मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही पकड़े गए आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मुस्तैदी की है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल की स्टैटिक प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान लगातार निगरानी रखने के लिए गश्ती दल दंडाधिकारियों को भी पुलिस बल के साथ मुस्तैद किया गया है।

**आपत्तिजनक सामान नहीं ले जा सकतेः** इसके अलावा परीक्षा संचालन के दौरान अनाधिकृत आवाजाही, किसी भी प्रकार के घातक हथियार जैसे लाठी, भाला, गड़ासा या कोई भी आग्नेयास्त्र (लाइसेंसी हथियारों सहित) लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी कड़े नियम तय किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षार्थी लेखन सामग्री को छोड़कर मोबाइल फोन या अन्य कोई भी आपत्तिजनक सामग्री लेकर केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**परीक्षा के लिए केंद्रः** अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा केंद्रों के इर्द-गिर्द शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर जरूरी निरोधात्मक कार्रवाई करें। परीक्षा के लिए चयनित केंद्रों में लोहड़ी (सोहडीह) स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल, सोहसराय का केएसटी कॉलेज, राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय और रहुई रोड अर्जुन नगर स्थित पीसीपी इंटर कॉलेज शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय से पैदल घर लौट रही नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास

**करगहर(रोहतास)**। थाना के एक उच्च विद्यालय से पढ़ाई कर पैदल घर लौट रही नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ व दुष्कर्म प्रयास का मामला प्रकाश में आया है । घटना बुधवार को उस समय घटी जब छात्रा विद्यालय और गांव के बीच में स्थित सुनसान एक बगीचा में पहुंची । जहां पहले थे घात लगाकर बैठे एक युवक ने उसका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा । छात्रा के विरोध करने पर उसके सिर पर प्रहार कर जख्मी कर दिया और उसे झाड़ियों की ओर खींचने लगा। किशोरी के चिल्लाने की आवाज सुनकर पैदल जा रहे राहगीरों ने छेड़छाड़ कर रहे उक्त युवक को धर दबोचा और मोबाइल से ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी । सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने छेड़छाड़ करने वाले उक्त युवक की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया । पुलिस ने जख्मी छात्रा और युवक को सीएचसी में भर्ती कराया । जहां चिकित्सकों प्राथमिक उपचार के बाद मुक्त कर दिया। वहीं दूसरी ओर महिला पुलिस अधिकारी छात्रा से पूछताछ कर जानकारी हासिल कर रही हैं । छेड़छाड़ करने वाले युवक को हिरासत में रखा गया है ।

### मार पीट के विभिन्न घटनाओं मे 13 घायल, रेफर

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के अलग अलग गावों में हुए मार पीट की घटना में पांच महिला समेत 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। पहली घटना बलथरी पंचायत अंतर्गत बेदवलिया की है जहां भीमल सिंह एवं राजेंद्र सिंह के बीच पहले से आ रही रंजिश को लेकर जमकर लाठी डंडा चली।जिसमें एक पक्ष के भीमल सिंह, अनिल सिंह एवं रमेश सिंह घायलहो गये। जबकि दूसरे पक्ष से राजेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, तारमुनी देवी, प्रेमज्योता देवी घायल हो गये। सभी का उपचार स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्स्कों द्वारा बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया। दूसरी घटना पंडितपुरा की है जहां लैला देबी एवं अर्जुन नोनिया के बीच मारपीट हुई।जिसमे पहला पक्ष के लैला देवी पति मदन राम, रवि कुमार, सपना कुमारी एवं चंदन कुमार घायलगो गये। जबकि दूसरा पक्ष से अर्जुन नोनिया एवं आशा देवी घायल हो गये। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार ने बताया कि प्राथमिक इलाज के बाद सासाराम रेफर कर दिया गया है। दोनों घटनाओं में पीड़ितों द्वारा पुलिस की सूचना दे दी गयी है।

### ट्रक और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर एक की मौत दूसरा घायल

**विक्रमगंज /रोहतास** । थाना अंतर्गत सासाराम आरा मुख्य पथ पर पटेल छात्रावास के पास ट्रक और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो जाने से शिवम् कुमार पिता शिवबिहारी राम को ग्राम मानी थाना विक्रमगंज जिला रोहतास की मृत्यु हो गई है । घटना की सूचना मिलते ही परिवार में हाहाकार मच गया । एवं एक आदमी घायल है जिसका इलाज हो रहा है । थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

### पुलिस ने तिलौथू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मैकू राम को सासाराम रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार, अग्रेतर कार्रवाई जारी

**सासाराम**। रोहतास जिले के तिलौथू स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मैकू राम एक बार फिर चर्चा में हैं। तिलौथू पुलिस ने उन्हें सासाराम रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद शिक्षा जगत और स्थानीय राजनीतिक हलकों में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मैकू राम का नाम पिछले कई वर्षों से विभिन्न विवादों और प्रशासनिक जांचों से जुड़ता रहा है। तिलौथू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभार, वित्तीय अनियमितता और प्रशासनिक विवादों को लेकर उनके खिलाफ कई बार शिकायतें सामने आ चुकी हैं। शिक्षा विभाग की ओर से भी उनके कार्यकाल को लेकर जांच और कार्रवाई की प्रक्रियाएं चलती रही हैं। हालांकि इस बार उनकी गिरफ्तारी किस विशेष मामले में हुई है, इस संबंध में पुलिस की ओर से आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। तिलौथू पुलिस द्वारा सासाराम रेलवे स्टेशन से की गई गिरफ्तारी ने एक बार फिर मैकू राम को सुर्खियों में ला दिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है और मामले की विस्तृत जानकारी सामने आने का इंतजार किया जा रहा है।

### तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**कुरसेला (कटिहार)**: कुरसेला थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 पर रामपुर हनुमान मंदिर के समीप मंगलवार की देर रात्रि को एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुरसेला इंदिरा ग्राम निवासी राजन साह (70) वर्ष के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजन साह सड़क किनारे जा रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर कुरसेला थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल वृद्ध को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुरसेला पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान और मामले की जांच में जुट गई है।इधर, वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तीन दिनों में दो एकड़ जमीन नदी में समाई, चार गांवों पर मंडराने लगा खतरा

**कुरसेला (कटिहार)**: कुरसेला में मानसून की दस्तक के साथ गंगा व कोसी नदी का बढ़ता जलस्तर एक बार फिर तटवर्ती इलाकों के लिए चिंता का कारण बन गया है। लगातार तीन दिनों से नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि के कारण कुरसेला प्रखंड के तिनघरिया, पत्थर टोला, कमलाकानी और मधेली क्षेत्र में कटाव तेज हो गया है। करीब पांच किलोमीटर के दायरे में नदी की तेज धारा उपजाऊ कृषि भूमि को लगातार निगल रही है। पिछले तीन दिनों में दो एकड़ से अधिक जमीन नदी में समा चुकी है, जबकि प्रतिदिन पांच से दस फीट तक खेतिहर भूमि कट रही है। कटाव की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई स्थानों पर मिट्टी के बड़े-बड़े हिस्से अचानक दरक कर कोसी की धारा में विलीन हो रहे हैं। इससे सैकड़ों किसानों की वर्षों की मेहनत और आजीविका पर संकट गहरा रहा है।

**आठ वर्षों में समृद्ध किसान पहुंचे संकट के मुहाने पर**:- कटाव प्रभावित किसानों का कहना है कि आठ वर्ष पहले इस इलाके की पहचान उपजाऊ खेती और समृद्ध किसानों के रूप में होती थी। धान, गेहूं और मक्का की बेहतर पैदावार से किसान आर्थिक रूप से मजबूत थे। जिनके पास अपनी जमीन नहीं थी, वे भी बंटाई और हुंडा पर खेती कर परिवार चलाते थे। लेकिन लगातार हो रहे कटाव ने हजारों कट्ठा कृषि भूमि को कोसी की धारा में समाहित कर दिया। तीनघरीया ग्रामीण व किसान सरवन कुमार, अर्जुन कुमार, शिवम कुमार, सोनू मंडल, बबलू कुमार साह, मन्नू कुमार, रोहित कुमार, टेंपो यादव, राज कुमार साहनी, सुनील ठाकुर, सुदामा कुमार मंडल, जूना देवी, रोहिणी देवी ने बताया कि अब स्थिति यह हो गई है कि कई परिवार खेती छोड़ मजदूरी और अन्य रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। कभी बड़े भू-स्वामी रहे किसान आज भूमिहीन होने की कगार पर पहुंच गए हैं।**गांवों की ओर बढ़ रही नदी, बढ़ी ग्रामीणों की चिंता**: दक्षिणी मुरादपुर पंचायत के तिनघरिया और पत्थर टोला, पूर्वी मुरादपुर पंचायत के कमलाकानी तथा जरलाही पंचायत के मधेली क्षेत्र में कटाव तेजी से गांवों की ओर बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले तिनघरिया गांव से नदी की दूरी लगभग दो किलोमीटर थी, जो अब घटकर मात्र 400 मीटर रह गई है। वहीं कमलाका नी गांव भी कटाव स्थल से करीब 400 मीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वर्तमान गति से कटाव जारी रहा तो आने वाले दिनों में हजारों लोगों के आशियाने और गांवों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। तिनघरिया और कमलाकानी के किसानों ने बताया कि प्रतिदिन पांच से दस फीट तक उपजाऊ कृषि भूमि कटकर नदी में समा रही है।

# भरत की हुई निर्मम हत्या को लेकर ग्रामीणों में फुटा आक्रोश

## निकला कैंडल मार्च

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतासः** भरत भूषण तिवारी की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार की शाम बिक्रमगंज तेंदुनी चौक, काराकाट प्रखंड के मंगरा एवं थुमियां तथा नासरीगंज प्रखंड के शंकरपुर गांव में मानवता सेवा संघ के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर विशाल कैंडल मार्च निकाला । हाथों में मोमबत्तियां और आंखों में न्याय की उम्मीद लिए ग्रामीणों ने गांव की सड़कों पर मार्च कर स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी शहादत को नमन किया । कैंडल मार्च के दौरान पूरा माहौल न्याय की मांग से गूंज उठा । ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि भरत तेरी बलिदानी व्यर्थ नहीं जाने देंगे तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा की मांग की । लोगों ने कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता,तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा । मार्च में शामिल लोगों ने सरकार से मामले की निष्पक्ष,त्वरित और प्रभावी जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि भरत भूषण तिवारी की हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है । इस घटना से लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीण न्याय की लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं । कैंडल मार्च गांव की विभिन्न गलियों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा,जहां लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा ।कार्यक्रम में मंगरा,थुमियां और शंकरपुर गांव के सैकड़ों पुरुष,युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए । सभी ने एकजुट होकर भरत भूषण तिवारी के परिजनों को न्याय दिलाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग दोहराई ।कैंडल मार्च ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र की जनता अब न्याय मिलने तक शांत बैठने वाली नहीं है ।

# सवर्ण समाज कल्याण मोर्चा ने भरत प्रकरण मामले में खोला मोर्चा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/रोहतासः** काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी (बुढ़वल) स्थित महावीर मंदिर के समीप एपीएस स्कूल परिसर में सवर्ण समाज कल्याण मोर्चा के बैनर तले भरत भूषण तिवारी की शहादत को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता भीम पांडेय ने की,जिसमें बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया । बैठक में उपस्थित लोगों ने भरत भूषण तिवारी प्रकरण पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना की कड़ी निंदा की । वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भरत तिवारी एवं उनके परिवार के साथ घोर अन्याय हुआ है तथा उन्हें न्याय दिलाना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है । बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार से मामले में संलिप्त पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की गई । साथ ही भरत भूषण तिवारी को शहीद का दर्जा देने,उनके परिजनों को न्याय एवं उचित सहायता उपलब्ध कराने तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई । वक्ताओं ने कहा कि जब तक भरत भूषण तिवारी और उनके परिवार को न्याय नहीं मिल जाता,तब तक समाज का संघर्ष जारी रहेगा । बैठक में उपस्थित लोगों ने न्याय की लड़ाई को जनआंदोलन का रूप देने का भी संकल्प लिया । इस अवसर पर दशरथ मिश्रा,रजनीकांत पांडेय, संतोष उपाध्याय,बिक्रमगंज नगर परिषद के पूर्व उपसभापति सह जदयू नेता विकास कुमार सिंह उर्फ सरसठ सिंह,एपीएस स्कूल के निदेशक अविनाश कुमार,डॉ.अरविंद तिवारी,राम कुमार सिंह,विंध्याचल सिंह,संतोष कुमार सिंह,कृष्णा सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## मोटरसाइकिल आमने-सामने टकराईं; 5 घायल, सबका इलाज सीएचसी में जारी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास** । बुधवार को जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार गोडारी में दो मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा जाने से पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को तत्काल गोडारी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) काराकाट में भर्ती कराया गया, जहाँ प्राथमिक इलाज चल रहा है। किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। घटनास्थल के अनुसार, एक नई होंडा शाइन पर तीन युवक सवार थे — करूप गांव के जफर अली के 18 वर्षीय पुत्र साहवीर अली, यूनिस मंसूरी के 17 वर्षीय पुत्र अरबाज और दिनेश पासवान के 16 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार। दूसरी ओर ग्लैमर हीरो बाइक पर नासरीगंज थाना क्षेत्र के खिरीआव गांव निवासी जोखन साह के पुत्र पवन कुमार और जोखन शाह (पिता-पुत्र) सवार थे। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं और कुछ परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने त्वरित कार्रवाई कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया; वहां प्राथमिक उपचार जारी है। काराकाट थाने के एसआई योगेश कुमार और पुलिस दल भी घटनास्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है, आवश्यक कार्यवाही और जांच की जा रही है। प्रारम्भिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इस दुर्घटना में कोई हताहत तो नहीं हुआ है, पर सभी घायल लोगों का इलाज जारी है और आगे की जांच चल रही है।

# बिक्रमगंज में बड़ा खुलासाः 5 लाख में बिक गया इंसाफ?

## शहर के चर्चित दलाल के जरिए मामला सेट होने की चर्चा से हड़कंप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज**। 16 अप्रैल 2026 को बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के पीड़ित सुदामा सिंह ने करीब दो महीने तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी मौत के बाद अब यह मामला केवल सड़क दुर्घटना तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि पुलिस की कार्यशैली और कथित लेन-देन के आरोपों को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े होने लगे हैं।

**क्या है पूरा मामला?**: जानकारी के अनुसार, धावा गांव निवासी सुदामा सिंह 16 अप्रैल को अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान BR-24 AN-1100 नंबर की एक सफारी गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में बिक्रमगंज थाना में कांड संख्या 276/26 दर्ज किया गया। करीब 60 दिनों तक चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

**70 दिन बाद भी आरोपी गिरफ्त से बाहर**: घटना को करीब 60 दिनों से अधिक समय बीत चुका है लेकिन परिजनों का आरोप है कि नामजद आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

**मृतक के भाई मनोज कुमार ने लगाए गंभीर आरोप**: मृतक सुदामा सिंह के भाई मनोज कुमार ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मामले में कथित रूप से पैसों का लेन-देन हुआ, जिसके कारण आरोपी के खिलाफ अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। मनोज कुमार का आरोप है कि शहर के एक चर्चित बिचौलिये गुड्डू भट्ट के माध्यम से करीब 5 लाख रुपये के कथित लेन-देन के जरिए मामले को मैनेज करने की कोशिश की गई। उनका कहना है कि घटना के इतने दिन बाद भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना इन आरोपों को और संदेह के दायरे में मजबूत करता है।

**निष्पक्ष जांच की मांग**: सुधामा सिंह की मौत के बाद यह मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। मृतक के परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित पैसों के लेन-देन के आरोपों की स्वतंत्र जांच कराने तथा नामजद आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की है।

परिजनों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाती है तो सच्चाई सामने आएगी और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई हो सकेगी।

## जीवित पेंशनधारियों को मृत घोषित करने पर 20 सूत्री बैठक में हंगामा, बीडीओ की कार्यशैली पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को आयोजित बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक उस समय हंगामेदार हो गई जब सदस्यों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में जीवित लाभार्थियों को मृत घोषित किए जाने का मामला उठाया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की।

बैठक शुरू होते ही सदस्यों ने पिछली बैठक में पारित प्रस्तावों पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर नाराजगी जताई। 20 सूत्री सदस्य अनिल राय ने आरोप लगाया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मृत लाभार्थियों के नाम हटाने के लिए टोला सेवकों से कराई गई जांच में भारी अनियमितता बरती गई है। उन्होंने बताया कि तिलकापुर गांव के वृद्धा पेंशनधारी पार्वती देवी, बालकृष्ण प्रजापति समेत तीन जीवित लाभार्थियों को मृत बताकर उनकी पेंशन बंद करने की रिपोर्ट भेज दी गई, जबकि कई मृत लाभार्थियों को अब भी जीवित दर्शाया गया है।

इस खुलासे के बाद बैठक में मौजूद सदस्यों ने जोरदार विरोध जताया और प्रखंड प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। सदस्यों ने बीडीओ पर लापरवाही और प्रशासनिक अकुशलता का आरोप लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। स्थिति को बिगड़ता देख अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने हस्तक्षेप कर सदस्यों को शांत कराया।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। सदस्य दिनेश कुमार चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि आवास लाभुकों के चयन के लिए कुछ खास लोगों को लगाया गया है, जो चयन के नाम पर लाभार्थियों से तीन से पांच हजार रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होने पर बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है तथा इस संबंध में प्रस्ताव पारित करने की मांग की।

पूर्व मुखिया एवं समिति सदस्य मुस्ताक अंसारी ने प्रखंड के 141 भूमिहीन आवास लाभार्थियों की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण इन लाभार्थियों का आवास निर्माण नहीं हो सका है और उनके बैंक खातों में योजना की राशि भी नहीं भेजी जा रही है। इसके अलावा सर्पदंश और डूबने से हुई मौतों के मामलों में दो वर्ष बीत जाने के बावजूद आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया गया।

अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि भूमिहीन लाभार्थियों से संबंधित प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर जिला मुख्यालय भेज दिया जाएगा तथा लंबित आपदा राहत मामलों का भुगतान आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र कराया जाएगा।

बैठक में बिजली, पीएचईडी, स्वास्थ्य, मनरेगा, शिक्षा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान उठे मुद्दों ने प्रखंड प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

## नए ओपन जिम से उत्साहित हुए काराकाट के स्कूल, गोडारी के राम रूप विद्यालय में सांसद मद से ओपन जिम इंस्टॉल; छात्रों में खुशी

**काराकाट /रोहतास** । जिला के काराकाट क्षेत्र में सोमवार को राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के विधायक निधि से तीन उच्च विद्यालयों में ओपन जिम के उपकरण पहुंचे। सांसद मद से लगभग 18 लाख रुपये की लागत से मंगाए गए उपकरण दोपहर को तीनों स्कूलों—श्रीनगर उच्च विद्यालय सुकहरा, राम रूप उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं प्लस टू हाई स्कूल गोडारी और उच्च विद्यालय अवधेशनगर बेलवाई में वितरित किए गए। उपकरणों के पहुंचने पर छात्रों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दिखी। वहीं गोडारी के राम रूप विद्यालय पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। आरएलएम प्रखंड अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि गोडारी प्रखंड मुख्यालय, थाना मुख्यालय तथा आसपास के कई स्कूल व कॉलेजों के मद्देनजर प्लस टू हाई स्कूल के कैंपस में ही ओपन जिम लगाया जा रहा है। बुधवार को गोडारी परिसर में ओपन जिम की इंस्टालेशन का कार्य जोर-शोर से चला और पूरे प्रकल्प को कल तक पूर्ण कर दिया जाएगा। इस मौके पर आरएलएम पार्टी के स्थानीय नेता और पंचायत अध्यक्ष मौजूद रहे, जिनमें बाराडीह पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, सिकरियां पंचायत अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, गम्हरियां पंचायत अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, तथा अन्य जिला और नगर कमिटी सदस्य शामिल थे। ओपन जिम संवेदक अमरेंद्र मौर्य ने भी इंस्टालेशन कार्य का निरीक्षण किया। वही श्रीनगर सुकहरा व अवधेशनगर बेलवाई के स्कूलों में भी उपकरण इंस्टॉल कर दिए गए हैं और छात्रों ने तुरंत ही व्यायाम करना शुरू कर दिया। स्थानीय शिक्षक मंच ने कहा कि यह पहल बच्चों में शारीरिक फिटनेस और खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद करेगी। ग्रामीणों का मानना है कि सांसद मद से मिली यह सुविधा क्षेत्र के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और अनुशासन दोनों के लिए लाभकारी साबित होगी।

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-800014
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/05 दिनांक- 24.06.2026

**BCECE-2026 के परीक्षाफल से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी०सी०ई०सी०ई०)-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों/ सम्बन्धित संस्थानों तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2026 एवं 31.05.2026 को आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 के पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।
2. अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of BCECE -2026" Link पर Click करें। तत्पश्चात् एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों का Rank Card Download करने हेतु अलग-अलग निम्नलिखित link
   - View / Download **Rank Card of Agriculture** [CBA/MBA/MCA/PCA] Group
   - View / Download **Joint Rank Card of BCECE** [PCM/PCB] Group
   - View / Download **Rank Card of BCECE** [PCM/PCB] Group प्रदर्शित होगा।

   अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम समूह के link पर click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।
3. **Online** कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी ।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/05 दिनांक- 24.06.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**
**BCECE (LE)-2026 [BLE (Engg.) / BLE (Para Medical) / BLE (Pharmacy) Degree Course]**
**के परीक्षाफल से सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]-2026 के अंतर्गत तीन ग्रुप (i) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Engg.]-2026, (ii) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई)[Para Medical]-2026 एवं (iii) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Pharmacy]-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.05.2026 को आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]-2026 के पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।
2. **BCECE[LE]-2026** के परीक्षाफल के आधार पर पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त **Website** पर जाकर **"Rank Card of BCECE (LE)-2026" Link** पर **Click** करने के बाद अपना **Roll No.** एवं जन्म तिथि डालकर अपना **Rank Card Download** कर प्राप्त कर लें।
3. **Online** कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### डीएम और एसपी ने मुहर्रम को लेकर फारबिसगंज के अखाड़ा प्रमुख और प्रबुद्धजनों के साथ की मीटिंग

**अररिया।** डीएम विनोद दूहन और एसपी जितेन्द्र कुमार ने मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण के उद्देश्य से अखाड़ा प्रमुख और सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों के साथ बैठक की। बैठक में ताजिया जुलूसों, अखाड़ों तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि किसी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा असामाजिक गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी तथा विधि-व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी सामाजिक एवं प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति एवं सद्भाव का वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### मुहर्रम में डीजे और हथियार प्रदर्शन पर जीरो टॉलरेंस

**बेगूसराय।** मुहर्रम पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि जुलूस के दौरान न तो डीजे बजेगा और न ही भाला, तलवार या किसी अन्य हथियार का प्रदर्शन होगा। बिना लाइसेंस ताजिया जुलूस निकालने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि धार्मिक आयोजन की आड़ में नियमों के उल्लंघन की कोई गुंजाइश नहीं होगी। मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर मंगलवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में ताजिया एवं अखाड़ा समिति की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम श्रीकांत शास्त्री ने की। इसमें जिले भर की ताजिया और अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में डीएम ने कहा कि मुहर्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, त्याग और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक पर्व है। ऐसे में सभी समितियों की जिम्मेदारी है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान डीजे भाला, तलवार, फरसा अथवा किसी भी प्रकार के धारदार और खतरनाक हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। डीएम ने सभी ताजिया और अखाड़ा समितियों को लाइसेंस अनिवार्य है।

### 241 नए सिपाहियों से मजबूत हुई बिहार पुलिस

**बेगूसराय।** बिहार पुलिस को मंगलवार को 241 नए सिपाही मिले। लोहियानगर स्थित पुलिस लाइन में आयोजित पासिंग आउट परेड के साथ 2025 बैच के प्रशिक्षु सिपाहियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया। परेड मैदान में कदमताल करते हुए नए सिपाहियों ने देश, संविधान और समाज की सेवा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ करने की शपथ ली। समारोह के दौरान प्रशिक्षु सिपाहियों की आकर्षक परेड, अनुशासन और आत्मविश्वास ने मौजूद अधिकारियों और परिजनों का ध्यान खींचा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अब ये जवान राज्य के विभिन्न जिलों में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य अतिथि डीआईजी शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस की नौकरी केवल रोजगार नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। प्रशिक्षण शुरू होने के समय सभी सामान्य नागरिक के रूप में आए थे, लेकिन अब खाकी वर्दी के साथ उनकी पहचान और जिम्मेदारी दोनों बदल गई हैं। खाकी वर्दी आपको कानून की शक्ति देती है, लेकिन इसके साथ समाज के प्रति जवाबदेही भी कई गुना बढ़ जाती है। पुलिस का पहला दायित्व समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सुरक्षा पहुंचाना है। जो लोग कानून का पालन करते हैं, उनके साथ पुलिस का व्यवहार मित्रवत होना चाहिए, जबकि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्दी मिलने का अर्थ असीमित अधिकार नहीं है। देश का कानून आम नागरिकों की तरह पुलिसकर्मियों पर भी समान रूप से लागू होता है। इसलिए हर कार्रवाई कानून और संवैधानिक मूल्यों के दायरे में होनी चाहिए। समारोह में एसपी मनीष कुमार, सदर एसडीपीओ-1 आनंद कुमार पांडेय, साइबर डीएसपी इमरान अहमद समेत पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### आयकर कानून समझने के लिए नहीं पलटने पड़ेंगे सैकड़ों पन्ने

**बेगूसराय।** आयकर रिटर्न भरते समय सबसे बड़ी परेशानी कानून की जटिल भाषा और बदलते नियमों को समझने में होती थी। कई बार करदाता यह भी नहीं समझ पाते थे कि किस प्रावधान को कहां से पढ़ें और किस नियम का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। मंगलवार को जुबली ढाबा सभागार में आयोजित आयकर विभाग के आउटरीच कार्यक्रम में इसी समस्या को केंद्र में रखते हुए नए आयकर अधिनियम-2025 की विशेषताओं और बदलावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट रवि कुमार मसकरा ने कहा कि वर्ष 1961 का आयकर कानून समय के साथ इतना जटिल हो गया था कि उसमें लगातार संशोधन, उपधाराएं और प्रावधान जुड़ते गए। स्थिति यह हो गई थी कि करदाताओं के साथ-साथ पेशेवरों को भी कई बार नियमों को समझने में कठिनाई होती थी। उन्होंने कहा कि कर कानूनों को सरल बनाने की प्रक्रिया वर्षों पहले शुरू हुई थी और अब नए आयकर अधिनियम-2025 के माध्यम से इसे अधिक व्यवस्थित और सरल स्वरूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले असेसमेंट ईयर और फाइनेंशियल ईयर को लेकर आम लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रहती थी। नए प्रावधानों में कई प्रक्रियाओं को अधिक स्पष्ट और सरल बनाया गया है, जिससे करदाताओं को नियम समझने और उनका पालन करने में आसानी होगी। करदाताओं में बढ़ेगा विश्वास आयकर अधिकारी राज कुमार भारती ने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रम करदाताओं और विभाग के बीच विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कर व्यवस्था तभी प्रभावी हो सकती है, जब करदाता नियमों को समझें और विभाग उनके सवालों का समाधान करने के लिए उपलब्ध रहे। इसमें अधिकारियों के अलावा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आदि मौजूद थे।

### बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रुद्र को 2 गोल्ड समेत 3 पदक

**बेगूसराय।** जिले के शाहपुर पंचायत निवासी निशानेबाज रुद्र प्रताप शीशोदे उर्फ दुर्लभ ठाकुर ने शानदार निशानेबाजी से बेगूसराय का गौरव बढ़ाया है। 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने प्रतियोगिता के अगले चरण के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। पटना जिले के विक्रम स्थित बिहटा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल शूटिंग स्पर्धा में रुद्र प्रताप ने एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा जूनियर समूह प्रतियोगिता में भी उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि सीनियर समूह प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। मालूम हो कि रुद्र प्रताप बेगूसराय सदर प्रखंड के शाहपुर पंचायत निवासी नीलमणि ठाकुर एवं उपा बमबम ठाकुर के पुत्र हैं। वे प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं संस्कार संस्कृत उपशास्त्री महाविद्यालय, शाहपुर के संस्थापक स्वर्गीय शिवाकांत ठाकुर के पौत्र भी हैं। वर्तमान में वे सर्वोदय प्लस टू विद्यालय, शाहपुर में दसवीं कक्षा के छात्र हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष आयोजित 35वीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में भी रुद्र प्रताप ने ओपन साइट एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।

# विक्रमशिला सेतु का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडे और SSP प्रमोद कुमार यादव ने बुधवार को विक्रमशिला सेतु की यातायात व्यवस्था का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पुल पर यातायात संचालन, सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारियों की सुविधाओं का जायजा लेना था, ताकि आम लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान बिहार पुल निर्माण निगम के अभियंता ने जिलाधिकारी और एसएसपी को विक्रमशिला सेतु पर चल रही यातायात व्यवस्था, सुरक्षा उपायों और पुल के रखरखाव से संबंधित जानकारी दी। अधिकारियों ने पुल पर गाड़ी की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था और तैनात कर्मियों की कार्यप्रणाली को देखा। इस दौरान अभियंता ने बताया कि पुल पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को मौसम संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से वर्षा और तेज धूप के समय उनके लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों के लिए शेड और रेनकोट की आवश्यकता से जिलाधिकारी को अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा कर्मियों के लिए शीघ्र शेड और रेनकोट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**जाम की स्थिति से निपटने के उपायों पर भी चर्चाः** सुरक्षा कर्मियों की सुविधा और सुरक्षा भी प्रशासन की प्राथमिकता है, क्योंकि वे हर मौसम में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुल पर यातायात को सुचारु बनाए रखने और संभावित जाम की स्थिति से निपटने के उपायों पर भी चर्चा की। साथ ही पुल पर सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि विक्रमशिला सेतु भागलपुर सहित आसपास के जिलों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इसलिए यहां यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर काम करने और यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

# ससुराल में विवाहिता की मिली लाश, पति धराया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में मंगलवार रात विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हुई है। मृतका पप्पू कुमार मंडल की पत्नी कंचन कुमारी (26) है। मृतका के पिता इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के छोटी परवत्ता गांव निवासी सुनील मंडल ने कहा कि मुझे सूचना मिली कि बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही मैं परिजन के साथ संतनगर रजंदीपुर पहुंचा। वहां पहुंचने पर देखा कि बेटी का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। स्थिति को देखकर उन्हें संदेह हुआ कि यह आत्महत्या का मामला नहीं है। सुनील मंडल ने आरोप लगाया कि हत्या कर दी गई है और घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। सबौर थाना पुलिस ने मृतका के पति पप्पू मंडल को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मामला सबौर थाना क्षेत्र स्थित संतनगर रजंदीपुर गांव की है।

**5 साल पहले हुई थी शादीः** पिता ने बताया कि करीब 5 साल पहले मैंने अपनी बेटी कंचन कुमारी की शादी पप्पू कुमार मंडल के साथ की थी। शादी के बाद दंपती को एक बच्चा भी हुआ। शुरुआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बाद में पारिवारिक विवाद की बातें सामने आने लगी थी। हालांकि उन्होंने किसी विशेष कारण का खुलासा नहीं किया, लेकिन कहा कि उनकी बेटी के साथ ससुराल में अक्सर परेशानी होती थी। पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची सबौर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल भेज दिया।

# एसएसबी अधिकारियों ने नेपाल के एपीएफ के साथ सीमा समन्वय को लेकर की बैठक, संयुक्त गश्ती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** एसएसबी 56 वीं बटालियन की जी-समवाय बेला के कार्यक्षेत्र अंतर्गत सीमा स्तंभ संख्या-198/02 के समीप नेपाल के सुनसरी जिला के एपीएफ के कमांडेंट स्तरीय समकक्ष सीमा समन्वय बैठक बुधवार को हुई।बैठक उपरांत दोनों देशों के सीमा सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा खुले बॉर्डर पर संयुक्त गश्ती की गई। बैठक में प्रतिनिधिमंडल के रूप में भारत की ओर से बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर नितीन कुमार गुप्ता, उप कमांडेंट मदन मोहन भट्ट,निरीक्षक (सामान्य) रंजीत मोहंता एवं अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। वहीं नेपाल की ओर से एपीएफ चतुर्थ वाहिनी के एसपी गणपति श्याम प्रसाद कार्की, डीएसपी शमशेर कार्की, निरीक्षक नरेंद्र चंद और एपीएफ के अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। बैठक में मुख्य रूप से सीमा पार तस्करी की रोकथाम,मानव तस्करी एवं अवैध आवागमन पर नियंत्रण, संयुक्त गश्त एवं समन्वित अभियान, नो-मैन्स लैंड क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने एवं उसकी निरंतर निगरानी, सीमा स्तंभों की सुरक्षा एवं रख-रखाव, अपराधियों एवं तस्करों संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान, आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में पारस्परिक सहयोग, जन-जागरूकता कार्यक्रमों का संयुक्त संचालन, सीमा क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना, हालिया जब्तियों एवं अपराध प्रवृत्तियों की समीक्षा पर चर्चा के साथ एसएसबी एवं एपीएफ के मध्य खेलकूद एवं मैत्रीपूर्ण गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों द्वारा सीमा सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, सूचना साझाकरण तथा द्विपक्षीय समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर सहयोग बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक उपरांत दोनों बलों द्वारा संयुक्त सीमा गश्त का आयोजन कर सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं सीमा स्तंभों का निरीक्षण किया गया।

# 4 की मौत,1 की तलाश जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**मुंगेर।** मुंगेर में बुधवार की सुबह 8 बजे गंगा नहाने के दौरान 5 लड़कियां नदी में डूब गईं, जिनमें 4 की मौत हो गई है जबकि 1 की तलाश जारी है। इसमें 4 सगी बहनें और एक पड़ोस की बुआ शामिल है। 2 घंटे बाद बड़ी बहन का शव घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर मोहली घाट के पास से बरामद किया गया। वहीं 4 घंटे बाद दूसरी बहन और बुआ का शव बरामद मिला है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्यामपुर बघचपरा गंगा घाट की है। मृतकों की पहचान बासुदेवपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बघचपरा गांव के मजदूर क्रांति पासवान की बेटी संगीता कुमारी (18), सोनाली (12) और चामो पासवान की बेटी हिना कपमारी (19) के रूप में हुई है। वहीं क्रांति पासवान की 2 बेटी विनीता कुमारी (16) संध्या कुमारी (14) अभी भी लापता हैं।

**गंगा स्नान करने गई थी पांचोंः** दरअसल, सुबह 8 बजे चारों बहने बुआ के साथ गंगा घाट पर नहाने गई थीं। नहाने के दौरान एक बहन गहरे पानी में गई, जिसे बचाने के लिए बड़ी बहन आगे बढ़ी। लेकिन वो भी पानी में डूबने लगी। इसके बाद एक-दूसरे को बचाने में पांचों नदी में डूब गईं। इस घटना की जानकारी मिलते ही गंगा घाट पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल और बासुदेवपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इसकी जानकारी वरीय प्रशासनिक अधिकारी को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद DM निखिल धनराज ने तुरंत आपदा पदाधिकारी कमल किशोर को रेस्क्यू के लिए मौके पर भेजा। वहीं घटना के 2 घंटे बाद लगभग 10 बजे घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर मोहली घाट के पास से संगीता का शव बरामद हुआ है। 4 घंटे बाद पड़ोस की बुआ हिना और छोटी बहन सोनाली का शव भी नदी से बाहर निकाला गया। 2 बहनों की खोजबीन अभी भी जारी है।

**एक ही जगह डूबीं पांचों लड़कियांः** मुंगेर विधानसभा के पूर्व विधायक प्रणव कुमार यादव ने बताया कि गंगा में डूबने वाली पांचों लड़कियां अपने घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर गंगा में नहाने के लिए गई थीं। लेकिन गंगा में गहराई की जानकारी इन लड़कियों को पता नहीं चल पाया और जैसे ही नहाने के लिए थोड़ी दूर आगे गई तभी पांचों एक ही साथ गहराई में चली गई। इसके बाद एक दूसरे को सभी लड़कियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन कोई नहीं बच सकी। इस तरह से देखते ही देखते पांचों एक ही जगह पर डूब गईं।

# 25 हजार की पिस्टल 35 हजार में बिकती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** मुंगेर से खरीदा हुआ पिस्टल बेगूसराय में बेचा जा रहा है। बेगूसराय का तस्कर मुंगेर से 25 हजार रुपए में हथियार खरीदता है और बेगूसराय में उसे 5-10 हजार के मुनाफे पर बेचता है। बेगूसराय का तस्कर महीने में ये काम 5 बार करता था। जिससे वो महीने में 50 हजार रुपए हथियार बेचकर कमाता था। ये तस्कर बेगूसराय के शाम्हो थाना क्षेत्र के बिजुलिया का रहने वाला विजय कुमार (55) है। जो अभी मुफस्सिल थाना के संतनगर में रह रहा था। फिलहाल उसे साहेबपुर कमाल थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में उसने ये सारी बातें बताई है। उसके पास से 'KGF' मार्का अवैध देसी पिस्टल और 19 कारतूस बरामद किया है। डिजिटल सर्विलांस और पुलिस ट्रैकिंग से बचने के लिए इस सिंडिकेट ने बेहद शातिर तरीका अपना रखा था। आरोपी विजय कुमार सिंह के पास से पुलिस ने कोई महंगा स्मार्टफोन नहीं, बल्कि नोकिया कंपनी का एक साधारण कीपैड मोबाइल बरामद किया है। विजय कुमार सिंह ने कबूल किया है कि वह अवैध हथियारों की खेप लाने के लिए मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित मिर्जापुर बरदह जाता था। वहां के रहने वाले मो. शफीक आलम का बेटा मोहम्मद शुगला उर्फ जमशेर आलम उर्फ जमशीद मुख्य सप्लायर है। मिर्जापुर बरदह इलाका लंबे समय से अवैध हथियार निर्माण और सप्लाई चेन के लिए चर्चित रहा है। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि मुंगेर के सप्लायर मोहम्मद शुगला से वह एक मॉर्डन देसी निर्मित और बट पर 'KGF' लिखा पिस्टल 25 हजार रुपए में खरीदता था। इसके साथ मैगजीन और कारतूसों का सौदा भी इसी नेटवर्क के जरिए होता था। मुंगेर से 25 हजार में खरीदा गया पिस्टल विजय कुमार सिंह गंगा पार कराकर बेगूसराय लाता था। यहां इसकी कीमत बढ़ जाती थी। बेगूसराय और उसके आसपास के स्थानीय अपराधियों, छिटपुट गिरोहों और नए लड़कों को यह पिस्टल 30 से लेकर 35 हजार रुपए में बेची जाती थी।

## आंधी में शेड सिर पर गिरा, बेटे के सामने मौत

**भागलपुर।** भागलपुर में मंगलवार को तेज आंधी-बारिश से विक्रमशिला सेतु पर हादसा हो गया। एक की मौत हो गई है। मृतक नवगछिया के सोनवर्षा निवासी विनय कुमार ईश्वर (40) है। वे अपने 13 साल के बेटे के साथ बारिश से बचने के लिए टीन शेड के पास रुके थे। बाइक बगल में खड़ी की थी। तेज हवा के झोंके से शेड उखड़ गया। जो विनय के सिर पर लगा। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वे जब तक अस्पताल पहुंचते उनकी मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। विनय के घर में 4 दिन बाद शादी की तैयारी शुरू होने वाली थी।

## गैंगरेप पीड़िता से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे जिला जज

**बेगूसराय।** बेगूसराय सदर अस्पताल में इलाजरत गैंगरेप पीड़िता से मिलने आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ऋषिकांत पहुंचे। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव-सह-अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य अस्पताल पहुंचे। जज ने पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

**पूछा- इलाज में कोई कोताही तो नहीं हो रहीः** बातचीत के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने पीड़िता और उनके परिजनों से आत्मीयता से पूछा कि उन्हें अस्पताल में किसी भी तरह की परेशानी तो नहीं हो रही है? क्या सदर अस्पताल के डॉक्टरों की ओर से उनके इलाज में कोई लापरवाही या कोताही बरती जा रही है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव कानूनी व विधिक सहायता का आश्वासन दिया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार (DLSA) की ओर से कार्रवाई करते हुए पीड़िता के खाते में 3 लाख रुपए की अंतरिम राहत (इंटरिम रिलीफ) राशि ट्रांसफर की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस राशि का वाउचर पीड़िता के परिजनों को सौंपा। परिजनों से बात करते हुए जज ऋषिकांत ने विशेष हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि इस 3 लाख रुपए का इस्तेमाल पीड़िता के पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन), बेहतर स्वास्थ्य और खान-पान के लिए किया जाना है। इस पैसे का किसी भी स्थिति में दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। इस दौरान प्रधान जिला जज ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अखिलेश कुमार और उनकी मेडिकल टीम को कड़े दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़िता के इलाज और देखभाल के लिए सर्वोत्तम व्यवस्था की जाए। पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) के लिए जिस भी चीज की आवश्यकता हो, उसकी तत्काल व्यवस्था की जाए। इलाज पूरा होने के बाद पीड़िता को डिस्चार्ज कर घर भेजने से पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकार को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए।

**बालुरघाट–बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन**

उत्तर रेलवे के ओल्ड दिल्ली यार्ड में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए **दिनांक 05/06.08.2026 (बुधवार/बृहस्पतिवार), दिनांक 06/07.08.2026 (बृहस्पतिवार/शुक्रवार) और दिनांक 07/08.08.2026 (शुक्रवार/शनिवार) को 10 घंटे (रात 11.00 बजे से सुबह 9.00 बजे तक)** के लिए **पावर और ट्रैफिक ब्लॉक** के कारण, 15733 **बालुरघाट – बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 03.08.2026 और 06.08.2026) एवं **15743 बालुरघाट –बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 05.08.2026) गाज़ियाबाद –पुरानी दिल्ली – सब्जी मंडी के बदले गाज़ियाबाद–नई दिल्ली–सब्जी मंडी होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी एवं दिल्ली शाहदरा जंक्शन और पुरानी दिल्ली जंक्शन स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

दक्षिण रेलवे के तहत चेन्नई सेंट्रल मंडल के अरक्कोणम स्टेशन में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलेंगी:

• **22306 जसीडीह - सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.06.2026) एवं **22305 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु-जसीडीह एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.06.2026) परिवर्तित मार्ग गुडूर-रेणिगुंटा, तिरुत्तणी-मेलपक्कम केबिन-काटपाडी होकर चलेगी, पेरम्बूर स्टेशन पर नहीं ठहरेगी तथा दोनों दिशाओं में तिरुत्तणी स्टेशन पर 5 मिनट के लिए अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी। • **12503 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु - अगरतला हमसफर एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 26.06.2026) एवं **12504 अगरतला - सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु हमसफर एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 28.06.2026) परिवर्तित मार्ग काटपाडी-मेलपक्कम केबिन-तिरुत्तणी-रेणिगुंटा-गुडूर होकर चलेगी, पेरम्बुर स्टेशन पर नहीं ठहरेगी तथा दोनों दिशाओं में तिरुत्तणी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी। असुविधा के लिए खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र 1**

**ई–निविदा सूचना सं. एसजी. निविदा/डीवाईसीपीएम/एस एंड टी/एएसएन/01 दिनांक 17.06.2026**

ई–निविदा संख्या डीसीपीएम–जीएस–एसएनटी–एएसएन–01–26–27 दिनांक 17.06.2026 के प्रकाशन के लिए शुद्धिपत्र संख्या 1 जो कि उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/एस एंड टी, सियालदह द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पूर्व में प्रकाशित की गई थी– न्यू मदनपुर, छोटाअमबोना, तापसी और सोनाचारा स्टेशनों पर अनुमोदित एसआईपी के अनुसार यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के सिलसिले में दुमका–बासुकीनाथ और दुमका–बारापलासी खंडों में न्यू मदनपुर (एमपीयूआर) स्टेशन पर, अंडाल जंक्शन (यूडीएल)–सीतारामपुर (एसटीएन) खंड में तापसी (टीओपी) स्टेशन पर और सीतारामपुर (एसटीएन)–प्रधानखांटा (पीकेए) खंड में छोटाअमबोना (सीएएम) स्टेशन पर नवीनतम संशोधनों के साथ आरडीएसओ ईआई विनिर्देश आरडीएसओ/एसपीएन/192/2019 के अनुरूप नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिस्टम के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य; अंडाल जंक्शन (यूडीएल)–सीतारामपुर (एसटीएन) खंड में सोनाचारा (एसएससीआर) स्टेशन पर मौजूदा अलसांडो (हिताची) प्रस्तुतकारक माइक्रोलोक–II ईआई सिस्टम में बदलाव/परिवर्तन और आसनसोल मंडल, पूर्व रेलवे के मार्शलिंग यार्ड में अंडाल नये आरओएच शेड में साइट की ज़रूरतों के अनुसार विभिन्न एस एंड टी आइटमों के संबंधित एस एंड टी कार्य। उपर्युक्त प्रकाशित ई–निविदा संख्या डीसीपीएम–जीएस–एसएनटी–एएसएन–01–26–27 दिनांक 17.06.2026 में निम्नलिखित शुद्धिपत्र प्रकाशित किए गए हैं:– 1.निविदाकागजात4ईआई (फाइल का नाम- ASNtenderdocument 22.06.26final11.pdf) जोड़ा गया है। 2. अनुसूची 1– आइटम नं. 273 में शामिल है–आइटम का विवरण सोनाचारा (एसएससीआर) ईआई परिवर्तन कार्य:– नवीनतम आरडीएसओ दिशानिर्देशों /टीएएन के अनुसार हिताची (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) के मौजूदा वितरित (सेंट्रल +2 ईआई हट) ईआई माइक्रोलोक–II प्रस्तुतकारक में संशोधन/परिवर्तन। इसमें शामिल हैं: मौजूदा इंटरफेस और इंटरलॉकिंग सर्किट एवं ईआई सिस्टम के लॉजिक में डिजाइन और संशोधन जिसमें शामिल है वीडीयू (वीडियो डिस्प्ले यूनिट)/एलसीपी (लोकल कंट्रोल पैनल)/सीसीआईपी (कंट्रोल कम इंडिकेशन पैनल), मेंटेनेंस टर्मिनल (एमपीसी), डेटा लॉगर, रिले रैक वायरिंग में संशोधन। संपूर्ण कार्य नवीनतम आरडीएसओ विनिर्देशों और दिशानिर्देशों एवं अनुमोदित एसआईपी और सर्किट आरेखों के अनुसार पालन करना चाहिए। सभी ईआई सामग्री (इंटरफ़ेस कार्ड / वायरिंग सामग्री / कनेक्टर / फ्यूज / संचार उपकरण आदि) ठेकेदार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इस कार्य में संशोधित चयन तालिका की आपूर्ति भी शामिल है यदि आवश्यकता हो तो , इंटरफेस सर्किट, वीडीयू / एलसीपी / सीसीआईपी आरेख और सभी आवश्यक ईआई हार्डवेयर कार्ड, कनेक्टर और वायरिंग सामग्री, फ्यूज आदि जो संशोधित अनुमोदित एसआईपी के अनुरूप हैं। इसमें रेलवे के साथ संयुक्त रूप से एफएटी, एसएटी (जैसा लागू हो) और संतोषजनक कमीशनिंग भी शामिल है। सभी योजनाएं/ड्राइंग/सर्किट आदि ऑटोकैड पर तैयार किए जाने चाहिए, पेन ड्राइव पर सॉफ्टकॉपी की आपूर्ति की जानी चाहिए और हार्ड कॉपी के 06 सेट भी आपूर्ति की जानी चाहिए। संबंधित एप्लिकेशन लॉजिक और इंटरफेस सर्किट के साथ ईआई सिस्टम का पुन: डिजाइन। फैक्ट्री एक्सेप्टेंस टेस्ट (एफएटी) – टेस्टिंग और कमीशनिंग सपोर्ट। प्रस्तावित प्रोग्राम की स्थापना। (iv)एनडीकेआर1/आरडीकेआर1 का कार्यान्वयन। दस्तावेज़ की आपूर्ति (इंटरफ़ेस सर्किट और एप्लिकेशन लॉजिक सर्किट) (यह सीडी / पेन ड्राइव और हार्ड कॉपी में 6 सेट में आपूर्ति की जाएगी)। रिले की आपूर्ति रेलवे द्वारा की जाएगी। ईआई सामग्री का निरीक्षण आरडीएसओ किया जाएगा और वायरिंग सामग्री जैसी अन्य सामग्री का निरीक्षण कंसाइनी अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, को जोड़ा जाता है। 3. निविदा कागजात (फाइल का नाम–ASNtenderdocument 17.06.26final1.pdf) हटा दिया गया है। 4. अनुसूची 1– आइटम नं. 4 में शामिल है–आइटम का विवरण:– नवीनतम आरडीएसओ दिशानिर्देशों / टीएएन के अनुसार हिताची (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) के मौजूदा वितरित (सेंट्रल +2 ईआई हट) ईआई माइक्रोलोक–II प्रस्तुतकारक में संशोधन/परिवर्तन। इसमें शामिल हैं: मौजूदा इंटरफेस और इंटरलॉकिंग सर्किट एवं ईआई सिस्टम के लॉजिक में डिजाइन और संशोधन जिसमें शामिल है वीडीयू (वीडियो डिस्प्ले यूनिट)/एलसीपी (लोकल कंट्रोल पैनल)/सीसीआईपी (कंट्रोल कम इंडिकेशन पैनल), मेंटेनेंस टर्मिनल (एमपीसी), डेटा लॉगर, रिले रैक वायरिंग में संशोधन। संपूर्ण कार्य नवीनतम आरडीएसओ विनिर्देशों और दिशानिर्देशों और अनुमोदित एसआईपी एवं सर्किट आरेखों के अनुसार पालन करना चाहिए। सभी ईआई सामग्री (इंटरफ़ेस कार्ड / वायरिंग सामग्री / कनेक्टर / फ्यूज / संचार उपकरण आदि) ठेकेदार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इस कार्य में संशोधित चयन तालिका की आपूर्ति भी शामिल है यदि आवश्यकता हो तो , इंटरफेस सर्किट, वीडीयू / एलसीपी / सीसीआईपी आरेख और सभी आवश्यक ईआई हार्डवेयर कार्ड, कनेक्टर और वायरिंग सामग्री, फ्यूज आदि जो संशोधित अनुमोदित एसआईपी के अनुरूप हैं। इसमें रेलवे के साथ संयुक्त रूप से एफएटी, एसएटी (जैसा लागू हो) और संतोषजनक कमीशनिंग भी शामिल है। सभी योजनाएं/ड्राइंग/सर्किट आदि ऑटोकैड पर तैयार किए जाने चाहिए, पेन ड्राइव पर सॉफ्टकॉपी की आपूर्ति की जानी चाहिए और हार्ड कॉपी के 06 सेट भी आपूर्ति की जानी चाहिए। संबंधित एप्लिकेशन लॉजिक और इंटरफेस सर्किट के साथ ईआई सिस्टम का पुन: डिजाइन। फैक्ट्री एक्सेप्टेंस टेस्ट (एफएटी) – टेस्टिंग और कमीशनिंग सपोर्ट। प्रस्तावित प्रोग्राम की स्थापना। (iv)एनडीकेआर1/आरडीकेआर1 का कार्यान्वयन। दस्तावेज़ की आपूर्ति (इंटरफ़ेस सर्किट और एप्लिकेशन लॉजिक सर्किट) (यह सीडी / पेन ड्राइव और हार्ड कॉपी में 6 सेट में आपूर्ति की जाएगी)। रिले की आपूर्ति रेलवे द्वारा की जाएगी। ईआई सामग्री का निरीक्षण आरडीएसओ किया जाएगा और वायरिंग सामग्री जैसी अन्य सामग्री का निरीक्षण कंसाइनी अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, को हटाया जाता है।

SDAH-97/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच-922 पर सड़क कटाई का वीडियो भ्रामक, नियमित मरम्मत कार्य का हिस्सा

**आरा।** कोईलवर-भोजपुर खंड (एनएच-922) पर सड़क की सतह काटे जाने से संबंधित वायरल वीडियो और तस्वीरों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने स्थिति स्पष्ट की है। प्राधिकरण का कहना है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित दृश्य सड़क निर्माण की खामी नहीं, बल्कि पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (PQC) सड़क के निर्धारित मरम्मत एवं रखरखाव कार्य का हिस्सा हैं। एनएचएआई के अनुसार सड़क पर दिखाई देने वाले कटाव तकनीकी प्रक्रिया के तहत बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य स्टील स्टेपल लगाने के बाद ग्राउटिंग और सीलिंग कार्य करना है, जिससे सड़क की दरारों एवं जॉइंट्स की मरम्मत कर उसकी संरचनात्मक मजबूती और दीर्घकालिक टिकाऊपन सुनिश्चित किया जा सके। यह प्रक्रिया कंक्रीट सड़कों के रखरखाव में अपनाई जाने वाली मानक इंजीनियरिंग तकनीक है। प्राधिकरण ने बताया कि सोशल मीडिया पर साझा किया गया वीडियो मरम्मत कार्य के मध्य चरण का है। ऐसे में अधूरी प्रक्रिया के दृश्य को सड़क की खराब गुणवत्ता या निर्माण में कमी से जोड़ना उचित नहीं है। कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क की सतह को निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप पुनः बहाल कर दिया जाएगा। एनएचएआई ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित निरीक्षण, निवारक रखरखाव और समयबद्ध मरम्मत कार्य परिसंपत्ति प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनका उद्देश्य सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना तथा यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस संबंध में परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि कोइलवर-भोजपुर खंड पर चल रहे सभी सुधार कार्य स्वीकृत कार्यप्रणाली और इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान दिखाई देने वाले अस्थायी दृश्य को अंतिम स्थिति मानकर निष्कर्ष निकालना भ्रामक हो सकता है। कार्य पूरा होने के बाद सड़क पूरी तरह मानक अनुरूप स्थिति में होगी। एनएचएआई ने लोगों से अपील की है कि किसी भी निर्माण अथवा मरम्मत कार्य से जुड़े वीडियो और तस्वीरों को अंतिम निष्कर्ष मानने से पहले तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करें तथा भ्रामक सूचनाओं से बचें।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना पर काम चल रहा

**कोईलवर।** मामला उठा लेकिन समाधान नहीं वार्ड 13 की पार्षद उषा देवी ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार नगर पंचायत की बैठकों में मामला उठाया गया है। स्थानीय लोगों द्वारा आवेदन भी दिया गया, लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। वहीं पूर्व पार्षद श्याम प्रकाश महतो ने नगर पंचायत पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि नगरवासी नियमित रूप से टैक्स देते हैं, फिर भी उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि जलजमाव के कारण वार्ड के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिख रहे हैं। भास्कर न्यूज |कोईलवर नगर पंचायत की बदहाल जलनिकासी व्यवस्था ने वार्ड संख्या 13 को स्थायी जलाशय में तब्दील कर दिया है। वार्ड 11, 12 और 13 की नालियों का गंदा पानी वर्षों से कोईलवर रेलवे स्टेशन के समीप एक स्थान पर जमा हो रहा है, जिससे पूरे इलाके में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। हालात ऐसे हैं कि बरसात के दिनों में लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है, लेकिन नगर पंचायत अब तक मूकदर्शक बनी हुई है। स्थानीय लोगों में संजीव कुमार, प्रमोद चौहान व सरफराज के अनुसार यह समस्या पिछले लगभग दस वर्षों से बनी हुई है। नालियों के पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण रेलवे स्टेशन के समीप का इलाका स्थायी जलभराव क्षेत्र बन गया है। बारिश होते ही स्थिति और भयावह हो जाती है। गंदा पानी कई घरों में प्रवेश कर जाता है, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। स्वच्छता पदाधिकारी अर्पिता ने बताया कि नगर क्षेत्र में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके तहत गंदे पानी को ट्रीट कर शुद्ध करने के बाद नदी में प्रवाहित किया जाएगा, ताकि नदी में रहने वाले जीव-जंतुओं को कोई नुकसान न पहुंचे और जल की गुणवत्ता भी बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को लेकर जुलाई माह में विभागीय बैठक प्रस्तावित है। योजना के तहत नगर पंचायत के सभी प्रमुख नालों को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि प्रक्रिया पूरी होते ही जलजमाव और गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान कर लिया जाएगा। फिलहाल रेलवे स्टेशन के समीप फैला जलजमाव न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि यात्रियों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द योजना को धरातल पर उतारने की मांग की है, ताकि एक दशक से चली आ रही इस समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

### भरत एनकाउंटर के विरोध में कोईलवर में कैंडल मार्च

**कोईलवर**| भरत तिवारी की मौत के विरोध में मंगलवार की शाम कोईलवर अवस्थित शहीद कपिलदेव चौक पर कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता हाथों में मोमबत्तियां लेकर मार्च में शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि घटना की सच्चाई सामने आनी चाहिए और न्याय सुनिश्चित होना चाहिए।कैंडल मार्च शहीद कपिलदेव चौक से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरा। मार्च में शामिल लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी तथा न्याय की मांग से संबंधित नारे भी लगाए।

### स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**आरा।** जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए चल रहे स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा सोमवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। बैठक में निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्रेनेज सिस्टम के एलाइनमेंट में आने वाले सभी अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए, ताकि नाला निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और परियोजना समय पर पूरी हो सके। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्माण कार्य में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने तथा जहां-जहां रोड क्रॉसिंग का कार्य होना है, वहां आवश्यक अनापत्ति और समन्वय सुनिश्चित करने के लिए पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एलाइनमेंट-ए एवं एलाइनमेंट-सी के निर्माण कार्यों को 15 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही एलाइनमेंट-बी में नाले के गैप क्लोजिंग का कार्य भी इसी अवधि में पूर्ण करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि शहर में बारिश के दौरान जल निकासी सुचारू रूप से हो सके।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि

**ब्रह्मपुर।** नगर पंचायत ब्रह्मपुर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष बृजेश चौबे की अदक्षता में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश कार्य समिति सदस्य धीरेंद्र तिवारी,डॉक्टर जितेंद्र केशरी, कवि श्री निवास वर्मा, भाजपा नेता केदार वर्मा ने श्यामा प्रकाश मुखर्जी की कार्यों पर प्रकाश डाला और , (जहा बलिदान हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है ),नारा से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर के वरिष्ठ स्वयं सेवक शिवजी पाण्डेय, भाजपा नगर महामंत्री जीउत शाह, भाजपा नगर मंत्री आदित्य कुशवाहा , किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष ओझा ,नगर कोषा अध्यक्ष राज पर्तिक,और सुरेंद्र केशरी, जगदम्बा सिंह,लक्ष्मण प्रसाद,नगर उपाध्यक्ष परम हंस राम सहित भारी संख्याओं में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीके बोले- बिहार संविधान से चलेगा सम्राट से नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** भोजपुर के भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर के विरोध में बिलौटी गांव में महापंचायत हुई। इसमें जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर भी शामिल हुए। इससे पहले प्रशांत किशोर ने भरत के परिवार से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पीके ने कहा कि जांच में गृह मंत्री की भूमिका की जांच होगी। STF के अधिकारी की जांच होगी, जिसने पटना से मारने का आदेश दिया है। क्या मजिस्ट्रेट पर जांच होगी जिसने गोली चलाने के आदेश पर साइन किया है। ये बिहार के लोगों का राज है। वहीं, महापंचायत में शामिल लोगों का कहना है कि भरत तिवारी की जो मांग थी, उसे पूरा किया जाए। लोगों का कहना है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो श्राद्धकर्म पूरा होने के बाद वे विधानसभा का घेराव करेंगे।

**लोगों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए:** बिलौटी गांव से लेकर हाई-वे तक भरत तिवारी के पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें उसे शहीद बताते हुए इंसाफ की मांग की गई है। कुछ लोग भरत तिवारी के घर तिरंगा लेकर पहुंचे। यहां सम्राट चौधरी के खिलाफ नारेबाजी की गई। भरत तिवारी अमर रहे के नारे लगे। बिलौटी गांव में करीब 1000 गाड़ियां पहुंच चुकी हैं। 5000 से ज्यादा लोग मौजूद हैं। 17 जून को भरत तिवारी का पुलिस ने एनकाउंटर किया था। बेटे की मौत के बाद परिवार ने मुठभेड़ पर सवाल खड़े किए थे। मां ने पुलिस वालों के खिलाफ थाने में FIR भी दर्ज करवाई है। मामले में SDPO, SHO और अन्य पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। बुधवार की सुबह सरकार ने जगदीशपुर SDPO राजेश कुमार शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है। CM ने एनकाउंटर की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि ये जांच किस जज को दी जाएगी अभी ये साफ नहीं हुआ है।

**महापंचायत में मांग- पुलिस पर एक्शन, गांव वालों को सुविधाएं मिलें:** भरत के भाई चंदन ने कहा, वो यहां की जनता के लिए लड़ रहे थे। उन लोगों की जो समस्याएं थीं उन्हें पूरा किया जाए। हम चाहते हैं जो काम भइया कर रहे थे उन सभी को जल्द से जल्द निपटाया जाए। एनकाउंटर में शामिल पुलिस वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। नालंदा से पहुंचे मन्नु यादव ने कहा कि भरत का बलिदान युवाओं के हित में हुआ है। युवा जाग चुके हैं। भ्रष्ट नेताओं को टिकने नहीं देंगे। पूरे देश में आंदोलन करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले की हत्या हुई है। ये फर्जी एनकाउंटर है। जांच होनी चाहिए। आर्थिक सहयोग देना चाहिए। दिल्ली से पहुंचे सोशल वर्कर रवीश भारद्वाज ने कहा, हमें सीधा एक्शन चाहिए। जिस गांव लिए भरत आवाज उठा रहे थे। उस गांव में सुविधाएं दी जाएं। भरत तिवारी की 12वीं के बाद दिल्ली के लिए कूच करने वाले हैं। बिहार में गुंडाराज को लेकर कंफ्यूज था। पुलिस का है या बदमाशों का है। अब देख लिया है यहां पुलिस का गुंडाराज है। कितने लोगों को बदमाश बनने को मजबूर किया गया होगा। दिल्ली से इस आंदोलन को बढ़ाएंगे। भरत भाई न्याय दिलाएंगे।

## करंट लगने से किसान की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में मंगलवार को करंट से युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नागोपुर गांव निवासी स्व. भुटकी यादव के 41 वर्षीय बेटे दिनेश यादव है। जो पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के बेटे ओम प्रकाश यादव ने बताया कि वह मंगलवार को घर से खेत में जा रहे थे। जहां रास्ते में पहले से बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा था। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र नागोपुर गांव की है।

**भाई-बहन में बड़े थे:** दिनेश को बेहोश देखकर लोगों ने शोर मचाया, आसापास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। सभी दिनेश को लेकर तुरंत आरा सदर अस्पताल पुहंचे। जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश का पोस्टमॉर्टम कराया। उधर, घटना की सूचना पाकर राजद नेता रघुपति यादव वहां पहुंचे। परिजन से मिल घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी इंदु देवी, दो पुत्री बेबी कुमारी, रश्मि कुमारी और दो बेटे ओम प्रकाश यादव और विकास यादव है।

## बक्सर-भोजपुर के बीचहुआ हैंडबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बक्सर नगर के खेलो भारत आयाम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस एवं विश्व ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर सेंट्रल जेल ग्राउंड में बक्सर एवं भोजपुर की टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण हैंडबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रियांशु शुभम ने की तथा संचालन संजीत यादव ने किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का परिचय देते हुए खेल भावना और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद दीपक सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस प्रत्येक वर्ष 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल महासंघ की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक खेल के उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि हैंडबॉल आज विश्व के अनेक देशों में लोकप्रिय खेल बन चुका है। जिला संयोजक अभिनंदन मिश्रा ने कहा कि विश्व ओलंपिक दिवस हमें ओलंपिक के मूल मंत्र "तेजतर, ऊंचातर और मजबूततर – साथ मिलकर" की याद दिलाता है।

## किसान सलाहकारों का फूटा गुस्सा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** बिहार प्रदेश किसान सलाहकार संघ भोजपुर ने कृषि विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने जिला कृषि पदाधिकारी को पत्र सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि अगले 3 दिनों के भीतर उनके ईपीएफ खाते में कटौती की राशि ट्रांसफर नहीं की गई, तो आगामी 27 जून 2026 से सभी किसान सलाहकार कृषि भवन परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। बिहार सरकार के आदेशानुसार, 01 अप्रैल 2024 से सभी किसान सलाहकारों के मानदेय से भविष्य निधि (ईपीएफ) अंशदान की कटौती की जा रही है। संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार और जिला सचिव वरुण बिहारी प्रकाश ने बताया कि मई 2025 तक की कटौती राशि ऑनलाइन पोर्टल पर दिख रही है, लेकिन मई 2025 से लेकर जून 2026 तक (पिछले 13 महीनों से) उनके ईपीएफ खाते में एक भी रुपया नहीं भेजा गया है। मई 2025 के बाद से हमारी गाढ़ी कमाई की राशि कहां जा रही है, इसका कोई अता-पता नहीं है।

## आंधी में मड़ई गिरी, किशोर की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में सिमरी थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में सोमवार शाम तेज आंधी और बारिश के दौरान एक 14 साल के बच्चे की मौत हो गई। फूस की मड़ई गिरने से दबकर कौशल कुमार नामक इस किशोर ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई, जिसके कारण उसकी जान गई। मृतक कौशल कुमार नारायणपुर गांव निवासी कृष्णा राम का बेटा था।

**अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई:** घटना सोमवार शाम की है जब अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान कौशल कुमार फूस की मड़ई के पास मौजूद था। तेज हवा के कारण मड़ई गिर गई और कौशल उसके नीचे दब गया। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मड़ई हटाई और किशोर को बाहर निकाला। उसे तत्काल इलाज के लिए सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने कथित तौर पर संसाधनों की कमी को लेकर हंगामा किया।

**आपातकालीन स्थिति के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं थी:** परिजनों के अनुसार, अस्पताल में ऑक्सीजन मशीन ठीक से काम नहीं कर रही थी और आपातकालीन स्थिति के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं थी। पल्स जांचने वाली मशीन की बैटरी भी खत्म थी। अस्पताल परिसर में एंबुलेंस मौजूद थी, लेकिन उसका चालक मौके पर नहीं था। इस कारण मरीज को समय पर हायर सेंटर रेफर करने में देरी हुई। परिजनों का आरोप है कि करीब आधे घंटे तक किशोर को प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल पाया, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। बाद में, कौशल को अचेत अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हालांकि, निजी वाहन से हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

**जब अन्कोंसियस बता रेफर किया तो क्यों नहीं मिली एंबुलेंस?** अस्पताल के रिकॉर्ड में पेशेंट नंबर 2732 के तहत उसे अन्कोंसियस बताते हुए रेफर किया गया, लेकिन आरोप है कि रेफर के बावजूद एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। मजबूरी में परिजन किशोर को निजी वाहन से बक्सर सदर अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। इस पूरी घटना के दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें परिजन अचेत किशोर को गोद में लेकर अस्पताल के वार्डों में भटकते नजर आ रहे हैं और एम्बुलेंस चालक को खोजते दिख रहे हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

**कोई गंभीर मामला होता तो स्टाफ जरूर बताते, हमें जानकारी नहीं - प्रभारी:** मामले के 24 घंटे बीत जाने के बाद जब सिमरी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेमचंद प्रसाद से इस संबंध में बातचीत की गई, तो उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से घटना की जानकारी होने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि कौन क्या वायरल कर रहा है, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं है और उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मामला गंभीर होता, तो अस्पताल के स्टाफ उन्हें जरूर सूचित करते।

## बिहार बोर्ड (बीएसईबी) क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता के लिए 25 जून से होगा निबंधन

**बक्सर।** बिहार बोर्ड (बीएसईबी) द्वारा छात्र छात्राओं की बौद्धिक क्षमता, भाषा ज्ञान और तार्किक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। इसके लिए ऑनलाइन निबंधन की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होकर 5 जुलाई तक चलेगी। केवल निबंधित छात्र छात्रा ही प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे। प्रतियोगिता 10 जुलाई से 26 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को अपने मोबाइल फोन में बीएसईबी क्रॉसवर्ड ऐप डाउनलोड करना होगा। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन शाम 4 बजे एक नई क्रॉसवर्ड पहेली (पजल) जारी की जाएगी, जिसका सही उत्तर प्रतिभागियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर देना होगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार छात्र छात्राओं के बुद्धिमत्ता क्षमता का आंकलन करने व इसका विकास करने को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। वहीं कई छात्र छात्रा मोबाइल गेमिंग में उलझ कर रह जाते हैं। ऐसे में क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता से इस लत से छुटकारा मिल सकती है। सार्थक दिशा में दिमाग को लगा सकते हैं। क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता छात्र छात्राओं की शब्दावली, सामान्य ज्ञान, विश्लेषण क्षमता तथा समस्या समाधान कौशल को विकसित करने में सहायक होगी। इसके माध्यम से छात्रों में तार्किक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का भी विकास होगा। इसको लेकर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को अधिक से अधिक छात्र छात्राओं का निबंधन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र इस प्रतियोगिता का लाभ उठा सकें। प्रतियोगिता के समापन के बाद प्रत्येक जिले के सर्वश्रेष्ठ 3 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 8 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 6 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 4 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।


**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा संख्या– 04/भ0प्र0 औरंगाबाद/2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 15.06.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 07.07.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 08.07.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 08.07.2026 को अपराहन 3:30 बजे से
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल,औरंगाबाद
(ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
(घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न्यायाधीश कॉलोनी, औरंगाबाद के मुख्य द्वार सहित चहारदिवारी के निर्माण कार्य | 3.727 | 7500.00 | 750.00 | 30 दिन |
| | कुल | 3.727 | | | |

कार्यपालक, अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No. 06410 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।



बिहार सरकार

**कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद**

पुर्नअति अल्पकालिन आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2026–27** के शेश 9 माह के लिए निम्नांकित सैरातो की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–30.06.2026 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

1. संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित हैः–

| सैरात सं0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क की वसूली। | 49,68,000.00 | 5,00,000.00 |
| 2. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड को छोड़कर और NHAI से गुजरनेवाले वाहनो को छोड़कर शहर में प्रवेश करनेवाले मालवाहक टेम्पो एवं अन्य वाहनों से दैनिक चुंगी कर की वसूली एवं गीतिका होटल के सामने चारपहिया वाहन और कारगिल चौक के पास दो पहिया वाहन, राजा नारायण सिंह पार्क के उत्तर और धरनीधर मोड (गया ज्वेलर्स) के पास बने वाहन पार्किंग से पार्किंग शुल्क की वसूली। | 23,76,000.00 | 2,40,000.00 |

2. वसूली नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–

**सैरात सं0–1 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | टेम्पो/टोटो | 20.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस/Traveller/407/709 | 75.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 100.00 रू0 दैनिक |

**सैरात सं0–2 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | मालवाहक टेम्पो/ट्रैक्टर/पीकअप | 50.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस/Traveller/407/709 | 75.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 100.00 रू0 दैनिक |
| 4. | ट्रक | 75.00 रू0 दैनिक |
| 5. | दस चक्का ट्रक या बडा ट्रक | 100.00 रू0 दैनिक |
| 6. | चारपहिया वाहन से पार्किंग शुल्क | 20.00 रू0 |
| 7. | दो पहिया से पार्किंग शुल्क | 5.00 रू0 |

3. डाक/बंदोबस्ती को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
4. विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या https://www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य पार्षद
नगर परिषद् औरंगाबाद

PR- 006510 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विधानसभा परिसर में पूर्व विधायक नागेंद्र प्रसाद यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**पटना।** सुरसंड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र प्रसाद यादव के निधन पर मंगलवार को बिहार विधानसभा परिसर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनका पार्थिव शरीर अपराह्न करीब दो बजे बिहार विधानसभा परिसर लाया गया, जहां विधानसभा परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की ओर से विधानसभा की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विधायक मंजीत कुमार सिंह, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद तथा बिहार विधानसभा के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वर्गीय नागेंद्र प्रसाद यादव के परिजन एवं शुभचिंतक भी उपस्थित रहे। अपने शोक संदेश में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नागेंद्र प्रसाद यादव एक कुशल राजनेता, समर्पित समाजसेवी और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में समाज के शोषित, वंचित एवं कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि नागेंद्र प्रसाद यादव वर्ष 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा वर्ष 1995 में जनता दल के प्रतिनिधि के रूप में सुरसंड विधानसभा क्षेत्र से बिहार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि नागेंद्र प्रसाद यादव के निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका सार्वजनिक जीवन समाज सेवा, जनसरोकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। विधानसभा अध्यक्ष ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिंतकों को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उनके निधन पर राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर व्याप्त है।

### घर के सामने खड़ी सीएनजी ऑटो चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**धनरुआ।** थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की एक और घटना सामने आई है। नसीरनाचक गांव में घर के समीप खड़ी एक सीएनजी ऑटो को अज्ञात चोर रात के अंधेरे में चुरा ले गए। घटना के बाद वाहन मालिक ने धनरुआ थाना में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नसीरनाचक गांव निवासी नगीना प्रसाद के पुत्र सूरज कुमार अपनी बजाज सीएनजी ऑटो (संख्या बीआर-01 पीएम-2352) रोजाना की तरह सिकंदर साव की परती जमीन में खड़ी करते थे। मंगलवार की रात भी उन्होंने ऑटो वहीं खड़ी की थी। बुधवार सुबह जब वह वाहन लेने पहुंचे तो ऑटो वहां से गायब थी। वाहन नहीं मिलने पर परिजनों और स्थानीय लोगों के सहयोग से आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन ऑटो का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद सूरज कुमार ने धनरुआ थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी सीएनजी ऑटो रात के दौरान चोरी कर ली गई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा वाहन की बरामदगी और चोरों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है। क्षेत्र में लगातार सामने आ रही वाहन चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा वाहन चोर गिरोह के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर चोरी गई ऑटो बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

### जम्मू के ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में डॉ. प्रेम कुमार ने की पूजा-अर्चना, बिहार की समृद्धि की कामना



**पटना/जम्मू।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जम्मू-कश्मीर प्रवास के दौरान सपरिवार जम्मू स्थित प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में आयोजित संध्या आरती में भी भाग लेकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर दर्शन के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि रघुनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्रीय एकता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। इसकी आध्यात्मिक गरिमा, धार्मिक वातावरण और सांस्कृतिक महत्व श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के ऐसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थस्थल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये स्थल समाज में सद्भाव, नैतिकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान श्रीराम के चरणों में देश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही उन्होंने बिहार के सर्वांगीण विकास, प्रदेशवासियों के कल्याण तथा समाज में सुख, शांति और समरसता बनाए रखने के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराएं विश्व को मानवता, सद्भाव और एकता का संदेश देती हैं तथा हमें अपनी विरासत पर गर्व होना चाहिए। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तिहार, आत्मसमर्पण नहीं करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**मसौढ़ी।** व्यवहार न्यायालय के आदेश पर पुनपुन थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 67/26 के एक फरार अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके घर पर इश्तिहार चस्पा किया। पुलिस ने न्यायालय के निर्देशानुसार यह कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को निर्धारित अवधि के भीतर आत्मसमर्पण करने अथवा न्यायालय एवं पुलिस के समक्ष उपस्थित होने की चेतावनी दी है। पुलिस के अनुसार पुनपुन थाना क्षेत्र के लोचना गांव निवासी सतेंद्र सिंह के पुत्र अमित कुमार इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी, लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिलने के बाद न्यायालय से इश्तिहार निर्गत कराया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस टीम लोचना गांव पहुंची और अभियुक्त के घर पर इश्तिहार तामील कराया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों को भी न्यायालय के आदेश की जानकारी दी तथा बताया कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके विरुद्ध आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि फरार अभियुक्तों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है और न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार इश्तिहार की कार्रवाई पूरी कर ली गई है तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कानून से बचने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और न्यायिक प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# पटना-कोडरमा रेलखंड का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

## गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में कोयला लोडेड बीओबीआर रेक का फुटप्लेट ट्रायल सफल





सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बुधवार को पटना-बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया-बंधुआ-कोडरमा रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल संरक्षा, यात्री सुविधाओं और विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में कोयला लदे बीओबीआरएन रेक के परिचालन का फुटप्लेट निरीक्षण कर महत्वपूर्ण संचालन प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओवरहेड विद्युत प्रणाली (ओएचई), ट्रैक संरचना तथा रेल पथ की सुरक्षा और मजबूती का आकलन किया। उन्होंने कोडरमा स्टेशन पहुंचकर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन नए स्टेशन भवन और विकसित की जा रही आधुनिक यात्री सुविधाओं की समीक्षा की तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके बाद महाप्रबंधक ने गझंडी-गुरपा रेलखंड के बीच स्थित तीन सुरंगों से होकर कोयला लदे बीओबीआरएन रेक के सफल परिचालन का निरीक्षण किया। इस महत्वपूर्ण ट्रायल के दौरान वह स्वयं इंजन में मौजूद रहे और संपूर्ण परिचालन प्रक्रिया पर नजर रखी। उनके साथ प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंदु रानी दुबे, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के नियमित परिचालन को शुरू करने के लिए सुरंगों का पुनः डिज़ाइन और आयाम विस्तार का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है। पिछले महीने इसी सेक्शन में खाली बीओबीआर रेक के सफल ट्रायल का निरीक्षण भी महाप्रबंधक द्वारा किया गया था।

रेलवे का मानना है कि इस चुनौतीपूर्ण घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक का परिचालन शुरू होने से बाढ़ और बरौनी स्थित एनटीपीसी ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कोयला आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही वैगनों के टर्नअराउंड समय में सुधार होगा, रेक की उपलब्धता बढ़ेगी और माल ढुलाई क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

निरीक्षण यात्रा के अंतिम चरण में महाप्रबंधक गया जंक्शन पहुंचे, जहां उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि पुनर्विकसित गया स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं, आकर्षक डिजाइन और बेहतर यात्री सेवाओं से सुसज्जित होगा, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### चक चेचौल में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, 15.37 डिसमिल सरकारी भूमि कराई गई अतिक्रमणमुक्त



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**नौबतपुर।** अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर बुधवार को नौबतपुर अंचल के चक चेचौल (महाराजगंज) गांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाते हुए करीब 15.37 डिसमिल जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे पूरे अभियान के दौरान विधि-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व ग्राम चक चेचौल, थाना संख्या-154 अंतर्गत खाता संख्या-100 एवं 96 तथा खेसरा संख्या-280 की गैरमजरूआ आम एवं गैरमजरूआ मालिक श्रेणी की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा स्थायी और अस्थायी निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया था। शिकायत मिलने के बाद राजस्व अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की गई, जिसमें सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई।

जांच रिपोर्ट के आधार पर अंचलाधिकारी, नौबतपुर ने भूमि को खाली कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन से दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया था। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर के आदेश पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राहुल कुमार तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। अभियान के दौरान अंचलाधिकारी, राजस्व कर्मचारी, अमीन, नगर परिषद की टीम और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने जेसीबी मशीन और श्रमिकों की सहायता से अतिक्रमित हिस्से को हटाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। प्रशासन ने लोगों से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान की सफलता के बाद प्रशासन ने संबंधित भूमि को सरकारी अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित रखने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

### भरत भूषण तिवारी कथित एनकाउंटर मामले में बड़ी कार्रवाई, जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा हटाए गए

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**आरा/पटना।** भोजपुर जिले के बिलौटी गांव में हुए बहुचर्चित भरत भूषण तिवारी कथित एनकाउंटर मामले में बिहार सरकार ने एक और महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाया है। मामले को लेकर लगातार बढ़ते जनदबाव, राजनीतिक प्रतिक्रियाओं और निष्पक्ष जांच की मांग के बीच सरकार ने जगदीशपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राजेश कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया है।

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजेश कुमार शर्मा को अगले आदेश तक बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना से संबद्ध कर दिया गया है। पुलिस महकमे में इस कार्रवाई को मामले की गंभीरता को देखते हुए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय माना जा रहा है।

भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर प्रकरण के बाद से ही घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे थे। स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग लगातार की जा रही थी। हाल के दिनों में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और कैंडल मार्च भी आयोजित किए गए, जिनमें दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा सच्चाई सामने लाने की मांग उठाई गई थी। इसी बीच सरकार द्वारा एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा को उनके पद से हटाए जाने को प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राजेश कुमार शर्मा के स्थान पर सरकार ने पुलिस उपाधीक्षक पंकज कुमार मिश्रा को जगदीशपुर अनुमंडल की जिम्मेदारी सौंपी है। वर्तमान में वे मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग तथा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, बिहार में पदस्थापित थे। जारी अधिसूचना के अनुसार पंकज कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक जगदीशपुर का नया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा तथा संवेदनशील मामले की जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले की जांच फिलहाल चर्चा का केंद्र बनी हुई है। सरकार की इस कार्रवाई के बाद अब लोगों की निगाहें जांच एजेंसियों की रिपोर्ट और आगे होने वाली प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

## बीस सूत्री समिति की बैठक में उठे जनहित के मुद्दे, राजस्व कर्मचारी की कार्यशैली पर जताई नाराजगी




सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**नौबतपुर।** पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में बुधवार को कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (बीस सूत्री) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष शंकर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने राजस्व संबंधी मामलों में आम लोगों को हो रही परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सदस्यों ने एक स्वर में राजस्व कर्मचारी शिवशंकर रजक की कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त करते हुए अंचलाधिकारी सुमित कुमार आशीष के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। सदस्यों का कहना था कि राजस्व कार्यों के निष्पादन में लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अंचलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बैठक में समिति सदस्य अमोद ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के रखरखाव, आहरों की उड़ाही तथा जल संरक्षण के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने नौबतपुर क्षेत्र से होकर गुजरने वाली पचहुआ नदी की उड़ाही कराने और उसके संरक्षण के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने की मांग की। उनका कहना था कि नदी की सफाई और संरक्षण से क्षेत्र में भूजल स्तर में सुधार होगा तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

सदस्यों ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए पुराने कुओं के संरक्षण और पुनर्जीवन की दिशा में भी विशेष पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए पारंपरिक जलस्रोतों को संरक्षित करना समय की आवश्यकता बन गया है। बैठक में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, जनवितरण प्रणाली, राजस्व मामलों तथा ग्रामीण आधारभूत संरचना से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने योजनाओं के पारदर्शी एवं प्रभावी संचालन पर जोर देते हुए अधिकारियों से जनहित के कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया।

बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने और विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अंचलाधिकारी सुमित कुमार आशीष, समिति के उपाध्यक्ष श्रवण कुशवाहा, सदस्य शैलेंद्र कुमार शर्मा, सुलेंद्र प्रसाद गुप्ता, बैजनाथ आर्य, अमोद ठाकुर, राजबल्लभ सिंह सहित अन्य सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर ने कैंसर मरीजों के परिजनों की मदद के लिए शुरू की नई पहल

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

♦ **मोबाइल आधारित 'कैंसर केयरगिवर सपोर्ट सिस्टम' से सर्जरी के बाद मरीजों की देखभाल होगी आसान, परिजनों का तनाव भी कम होगा**

मुजफ्फरपुर, बिहार। भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग से आर्थिक सहायता प्राप्त टाटा मेमोरियल सेंटर की इकाई होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (HBCH&RC), मुजफ्फरपुर के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं की टीम ने कैंसर मरीजों की सर्जरी के बाद घर पर देखभाल करने वाले परिजनों की मदद के लिए एक नई पहल 'कैंसर केयरगिवर सपोर्ट सिस्टम (CCSS)' विकसित की है।

इस शोध के परिणाम इस महीने प्रतिष्ठित 'इंडियन जर्नल ऑफ कैंसर' में प्रकाशित हुए हैं। इस अध्ययन में यह देखा गया कि मरीजों की सर्जरी के बाद परिवार के सदस्यों को सही जानकारी और सहायता उपलब्ध कराने से मरीजों की देखभाल बेहतर हो सकती है।

इस पहल के तहत देखभाल करने वाले परिजनों को मोबाइल के माध्यम से हिंदी भाषा में जरूरी जानकारी, मरीज की देखभाल से जुड़ी पुस्तिका और व्हाट्सएप सपोर्ट ग्रुप की सुविधा दी गई। इसमें सर्जरी के बाद खान-पान, साफ-सफाई, दवाओं, व्यायाम, रिकवरी और किसी परेशानी के संकेतों को पहचानने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गईं।

इस अध्ययन में एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर में इलाज करा रहे मुंह के कैंसर (ओरल कैंसर) के 75 मरीजों और उनके परिजनों को शामिल किया गया। अध्ययन में पाया गया कि इस सहायता प्रणाली से जुड़े परिजनों में तनाव और जिम्मेदारी का बोझ कम हुआ। साथ ही मरीजों को इलाज के बाद अनावश्यक रूप से अस्पताल आने की जरूरत भी कम पड़ी।

एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर के हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की डॉ. मेघना कुमार ने बताया, "कैंसर की सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी सिर्फ अस्पताल तक सीमित नहीं रहती, बल्कि घर पर परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। हमारा उद्देश्य था कि परिजनों को आसान भाषा में सही जानकारी दी जाए, ताकि वे मरीज की बेहतर देखभाल कर सकें और उनका आत्मविश्वास बढ़े।"

अस्पताल के निदेशक डॉ. कुमार प्रभाष ने कहा, "कैंसर का इलाज केवल दवाओं और सर्जरी तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीज और परिवार दोनों को साथ लेकर चलना जरूरी है। CCSS जैसी पहल मरीजों के परिवारों को आवश्यक जानकारी और सहयोग प्रदान करती है, जिससे इलाज की प्रक्रिया और जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सकती है।"

रिसर्च टीम के सदस्य एसोशिएट प्रोफ़ेसर और सर्जन डॉ. बुरहानुद्दीन क़यूमी ने कहा, "देखभाल करने वालों को घर पर उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाना बहुत ज़रूरी बात है और इससे कैंसर रोगियों की पूरी तरह से देखभाल में काफी मदद मिलती है। ये इसी दिशा में किया गया एक ईमानदार प्रयास है।"

इस शोध टीम में टाटा मेमोरियल सेंटर के विभिन्न विभागों और संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल रहे। टीम में डॉ. मेघना कुमार, सुश्री प्रिया कुमारी, डॉ. श्रींजीता गर्ग, डॉ. सौम्या के. रॉय, डॉ. स्वाति श्रीवास्तव, डॉ. सृष्टि सालुंके, डॉ. निरंजन अज्ञात, डॉ. रतन कृष्ण, डॉ. बुरहानुद्दीन कय्यूमी, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. सत्यजीत प्रधान, डॉ. पंकज चतुर्वेदी और डॉ. कुमार प्रभाष शामिल रहे।

यह अध्ययन इंडियन कैंसर सोसाइटी के सीके हांडू स्कॉलरशिप के सहयोग से किया गया। इस परियोजना के शुरुआती परिणामों को हेड नेक ऑन्कोलॉजी फाउंडेशन के 24वें नेशनल कॉन्फ्रेंस (एफएचएनओ 2024) में प्रस्तुत किया गया था, जहां इसे प्रथम पुरस्कार मिला।

शोध टीम का मानना है कि इस तरह की डिजिटल सहायता प्रणाली आने वाले समय में कैंसर मरीजों की देखभाल को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भविष्य में इस प्रणाली को और विस्तार देने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित व्यक्तिगत सहायता जोड़ने की योजना है।

होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग से सहायता अनुदान प्राप्त टाटा मेमोरियल सेंटर की एक इकाई है। इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने दिनांक 22 अगस्त 2025 को किया था। यह केंद्र बिहार और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर कैंसर उपचार, अनुसंधान, प्रशिक्षण और मरीज सहायता सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है।

### दरधा पुल पर दिनदहाड़े फायरिंग, युवक को गोली मार सोने की चेन लूटकर फरार हुए बदमाश



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**धनरुआ।** पटना-गया एसएच-1 पर धनरुआ थाना क्षेत्र के वीर बाजार स्थित दरधा नदी पुल के समीप बुधवार सुबह अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एक युवक को गोली मारकर उसकी सोने की चेन लूट ली। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई, जबकि बदमाश हथियार लहराते हुए पटना की ओर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानिक कोठियां गांव निवासी राजकुमार यादव के 30 वर्षीय पुत्र गोप कुमार अपने साथी प्रहलाद कुमार के साथ बाइक से पटना जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे दरधा पुल के समीप पीछे से आए दो बाइक सवार अपराधियों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया।


बताया जाता है कि बदमाशों ने हथियार के बल पर लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान गोप कुमार ने विरोध करने का प्रयास किया, जिस पर अपराधियों ने गोली चला दी। गोली युवक के पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद अपराधी उसके गले से सोने की चेन छीनकर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को तत्काल धनरुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने एक बार फिर मुख्य मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन प्रभावी गश्ती व्यवस्था के अभाव में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। मामले को लेकर मसौढ़ी डीएसपी-2 कन्हैया सिंह ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। घायल युवक का बयान दर्ज किया जा रहा है तथा अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया है।

# झारखंड में मानसून सुस्त, 24 जून तक 58 प्रतिशत कम बारिश

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में इस वर्ष मानसून की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। राज्य में एक जून से 24 जून तक सामान्य के मुकाबले 58 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में सूखे जैसी स्थिति बनने लगी है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार राजधानी रांची को छोड़ अधिकांश जिलों में वर्षा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। राज्य में अब तक सबसे बेहतर स्थिति रांची जिले की रही है। यहां सामान्य वर्षा की तुलना में केवल 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। रांची में इस अवधि के दौरान सामान्यतः 137.4 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, जबकि अब तक 119.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके विपरीत राज्य के कई जिलों में वर्षा का भारी अभाव बना हुआ है। सबसे चिंताजनक स्थिति गढ़वा और चतरा जिलों की बताई जा रही है, जहां सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। वर्षा की कमी का असर कृषि गतिविधियों पर भी पड़ने लगा है। किसान खरीफ फसलों की बुआई के लिए पर्याप्त बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जबकि जलाशयों और छोटे जलस्रोतों में भी अपेक्षित जलभराव नहीं हो पाया है। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिलों को छोड़कर राज्य के शेष 20 जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने तथा कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा गुमला जिले के रायडीह क्षेत्र में 71.4 मिलीमीटर दर्ज की गई। यह राज्य में इस अवधि की सर्वाधिक वर्षा रही। हालांकि अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का वितरण असमान रहा, जिसके कारण कई जिलों में गर्मी और उमस बनी हुई है। तापमान की बात करें, तो राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे वहां लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं सबसे कम तापमान लातेहार में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची में बुधवार सुबह से मौसम साफ रहा, जिससे लोगों को तेज गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाने से तापमान में कुछ कमी आई और लोगों को राहत मिली। रांची में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। बोकारो में अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री तथा न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## खोया हुआ सोने का गहना सब्जी विक्रेता ने लौटाया, डॉक्टर आरती का खिल उठा चेहर

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




साकची स्थित बसंत टॉकीज के पास सब्जी मंडी में एक सब्जी विक्रेता की ईमानदारी ने लोगों का दिल जीत लिया। जिस महिला डॉक्टर का ढाई लाख रुपये मूल्य का सोने का आभूषण मंगलवार को मंडी में खरीदारी के दौरान गुम हो गया था, वह बुधवार को सुरक्षित वापस मिल गया। खोया हुआ गहना वापस मिलने के बाद डॉक्टर के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। वह एक दिन पहले तक गहना खो जाने से बेहद परेशान थीं और इसकी शिकायत दर्ज कराने साकची थाना तक पहुंच गई थीं। उन्हें भी उम्मीद नहीं थी कि इतना कीमती आभूषण दोबारा मिल पाएगा। जानकारी के अनुसार, मानगो निवासी डॉ. आरती ने हाल ही में एक ज्वेलरी दुकान से करीब ढाई लाख रुपये का सोने का आभूषण खरीदा था। मंगलवार को वह अपनी कार से साकची सब्जी मंडी पहुंचीं। खरीदारी के दौरान पर्स से पैसे निकालते समय उनका कीमती आभूषण अनजाने में कहीं गिर गया। कुछ देर बाद जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मंडी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की। कई लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन आभूषण का कोई सुराग नहीं मिला। गहना नहीं मिलने पर डॉ. आरती काफी चिंतित हो गईं और अंततः साकची थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्हें लगने लगा था कि अब शायद उनका कीमती आभूषण कभी वापस नहीं मिलेगा। इसी बीच बुधवार को मंडी के सब्जी विक्रेता अहमद को अपनी दुकान के पास वह सोने का आभूषण मिला। अहमद ने बिना किसी लालच के ईमानदारी का परिचय देते हुए इसकी सूचना संबंधित लोगों को दी। बाद में साकची थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव की मौजूदगी में गहना डॉ. आरती को सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ आभूषण सुरक्षित वापस पाकर डॉ. आरती की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने अहमद का आभार जताते हुए कहा कि आज के दौर में ऐसी ईमानदारी बहुत कम देखने को मिलती है। वहीं मंडी के अन्य दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने भी अहमद की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और ईमानदारी की एक बेहतरीन मिसाल पेश करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएसआईआर-एनएमएल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 85 यूनिट रक्त संग्रहित




**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर स्थित राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल) परिसर में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा की भावना से आयोजित इस शिविर में कर्मचारियों, वैज्ञानिकों और अन्य रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 85 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन सीएसआईआर-एनएमएल के उप-निदेशक डॉ. एस. सिवाप्रसाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता लगातार बनी रहती है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम और सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने की बात कही।

### सारंडा के टाटिबा जंगल में पुलिस ने ध्वस्त की तीन अवैध शराब भट्ठियां



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के किरीबुरू थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बुधवार को सारंडा के टाटिबा गांव के समीप जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में संचालित तीन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को नष्ट किया गया। किरीबुरू थाना प्रभारी रोहित कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि टाटिबा गांव के आसपास स्थित घने जंगलों में बड़े पैमाने पर महुआ शराब का अवैध निर्माण किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया और क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद शराब कारोबारी जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने मौके पर मौजूद शराब निर्माण की पूरी व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में जावा महुआ बरामद किया गया, जिसका उपयोग महुआ शराब तैयार करने में किया जा रहा था। पुलिस ने बरामद जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे प्लास्टिक ड्रम, चूल्हे, लोहे और एल्यूमिनियम के बर्तन, पाइप तथा अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, ताकि दोबारा इनका उपयोग नहीं किया जा सके। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि अवैध शराब के कारोबार के कारण सामाजिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ रही थीं। ऐसे में पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और लोगों में कानून के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

### जंगली हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड के पात्थरबासा गांव स्थित कोकलोटाला टोला में एक दंतैल जंगली हाथी के हमले में 48 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान दिलेश्वर जातराम के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि ग्रामीणों ने वन विभाग पर हाथियों की गतिविधियों को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, दिलेश्वर जातराम मंगलवार देर रात करीब दो बजे शौच के लिए अपने घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान उनके घर के समीप एक दंतैल जंगली हाथी मौजूद था। अंधेरा होने के कारण उन्हें हाथी दिखाई नहीं दिया। जैसे ही वे हाथी के करीब पहुंचे, हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस प्रकार मृतक के आश्रितों को कुल 10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, संबंधित दंतैल हाथी पिछले कई दिनों से पात्थरबासा और आसपास के वन क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। भोजन और पानी की तलाश में वह अक्सर रात के समय गांवों की ओर आ जाता है। इससे क्षेत्र में मानव-हाथी संघर्ष की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। विभाग का कहना है कि हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। घटना के बाद वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे रात के समय घर से बाहर निकलते समय टॉर्च या अन्य प्रकाश स्रोत का उपयोग करें। साथ ही हाथियों की मौजूदगी या गतिविधियों की सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## 1184 किलो गांजा तस्करी मामले में आरोपित दोषी करार, सजा पर 25 जून को होगी सुनवाई

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची में वर्ष 2023 में पकड़े गए बड़े गांजा तस्करी मामले में अदालत ने आरोपित गणेश चौधरी को दोषी करार दिया है। अपर न्यायायुक्त ओंकारनाथ की अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपित के खिलाफ आरोपों को सिद्ध माना। अदालत अब सजा के बिंदु पर 25 जून को सुनवाई करेगी, जिसके बाद दोषी को मिलने वाली सजा की घोषणा की जाएगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वर्ष 2023 में दशम फॉल थाना क्षेत्र में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में गांजा लेकर एक ट्रक गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 1184.580 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। बरामद गांजे की अनुमानित बाजार कीमत दो करोड़ 36 लाख 91 हजार 600 रुपये आंकी गई थी। इतनी बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी को देखते हुए पुलिस ने इसे अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़ा मामला मानते हुए विस्तृत जांच शुरू की थी। जांच के दौरान ट्रक चालक एवं आरोपित गणेश चौधरी की भूमिका सामने आई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में दशम फॉल थाना में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) एक्ट के तहत कांड संख्या 19/2023 दर्ज किया गया था। मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने बरामदगी से संबंधित दस्तावेज, जब्ती सूची, जांच अधिकारियों के बयान तथा अन्य साक्ष्य अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपित गणेश चौधरी को दोषी ठहराया। अब सभी की निगाहें 25 जून को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं, जब अदालत दोषी को दी जाने वाली सजा पर अपना फैसला सुनाएगी।

## बोकारो ट्रेजरी घोटाला : सीआईडी की विशेष अदालत ने की तीन आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी। रांची**

बहुचर्चित बोकारो ट्रेजरी घोटाला मामले में सीआईडी की विशेष अदालत ने बुधवार को तीन आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने लेखा शाखा के एसएसआई अशोक भंडारी, गृह रक्षक सतीश कुमार और काजल मंडल को राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी नामंजूर कर दी। इससे पूर्व अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि यह मामला बोकारो ट्रेजरी से लगभग 11 करोड़ रुपये की कथित अवैध निकासी से जुड़ा हुआ है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब बोकारो पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय की लेखा शाखा में वेतन मद से संदिग्ध भुगतान और अवैध निकासी के तथ्य सामने आए। बाद में महालेखाकार (एजी) की रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा होने पर राज्य के वित्त विभाग ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ियों की पुष्टि होने के बाद बोकारो में प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए लेखा शाखा से जुड़े मुख्य आरोपित कौशल पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए मामले में संलिप्त अन्य आरोपितों की भी गिरफ्तारी की गई और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अवैध निकासी का मामला केवल बोकारो तक सीमित नहीं था। जांच एजेंसियों को हजारीबाग, चाईबासा, रांची और रामगढ़ ट्रेजरी से भी कथित तौर पर अवैध निकासी के मामले मिले, जिसके बाद पूरे प्रकरण ने राज्यव्यापी वित्तीय घोटाले का रूप ले लिया। विभिन्न ट्रेजरियों में सरकारी धन के दुरुपयोग और भुगतान प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर जांच एजेंसियां लगातार साक्ष्य जुटाने में लगी हुई हैं। सीआईडी की विशेष अदालत द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद तीनों आरोपितों को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। वहीं, मामले की जांच और न्यायिक प्रक्रिया जारी है। जांच एजेंसियां घोटाले से जुड़े अन्य पहलुओं, वित्तीय लेन-देन और संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही हैं।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



परसुडीह थाना पुलिस ने संध्या गश्ती अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की सतर्कता से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि उनके कब्जे से बरामद बाइक के दस्तावेज और नंबर प्लेट भी संदिग्ध पाए गए। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात परसुडीह थाना क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस टीम की नजर दो युवकों पर पड़ी, जो संदिग्ध तरीके से मोटरसाइकिल पर घूम रहे थे। पुलिस को देखते ही दोनों भागने का प्रयास करने लगे। इसके बाद पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया और वाहन की जांच की। जांच के दौरान बरामद हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (जेएच05 डीक्यू 7610) पर लगी नंबर प्लेट और उससे संबंधित कागजात फर्जी पाए गए। सत्यापन में सामने आया कि बाइक चोरी की है और उस पर पहचान छिपाने के उद्देश्य से नकली नंबर प्लेट लगाई गई थी। इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान परसुडीह थाना क्षेत्र के छोटा गोविंदपुर सुभाषनगर निवासी मंगल गोप तथा गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सुंदरहातु कोचा बस्ती निवासी गुरुचरण सरदार उर्फ छोटू सरदार के रूप में हुई है। बुधवार को परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपितों ने स्वीकार किया है कि वे चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर पुलिस की नजर से बचने की कोशिश कर रहे थे। इस संबंध में परसुडीह थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि चोरी की इस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किसी अन्य आपराधिक घटना में तो नहीं किया गया था।

## रिम्स में मेडिकल सीट अलॉटमेंट अनियमितता की जांच तेज, सीआईडी टीम ने खंगाले दस्तावेज

**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में मेडिकल सीट अलॉटमेंट और नामांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच अब तेज हो गई है। मामले की जांच कर रही अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की टीम बुधवार को रिम्स पहुंची और डीन कार्यालय समेत विभिन्न विभागों में उपलब्ध दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच शुरू की। जांच एजेंसी नामांकन प्रक्रिया और टेंडर से जुड़े मामलों में हुई संभावित गड़बड़ियों की पड़ताल कर रही है। सीआईडी अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई पिछले शैक्षणिक सत्र में हुए दाखिलों से संबंधित शिकायतों के आधार पर की जा रही है। जांच के दौरान प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े रिकॉर्ड, काउंसलिंग दस्तावेज, आवंटित सीटों का ब्यौरा तथा संबंधित प्रशासनिक फाइलों का अवलोकन किया जा रहा है। टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन किया गया था या नहीं। दरअसल, पिछले शैक्षणिक सत्र में रिम्स में हुए कुछ दाखिले को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई थीं। आरोप लगाया गया था कि नियमों की अनदेखी कर कुछ अयोग्य अभ्यर्थियों को दाखिला दिया गया। शिकायतों में प्रवेश प्रक्रिया में पक्षपात, दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया में लापरवाही तथा भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप भी शामिल बताए जा रहे हैं।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**कार्यालय :- जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**
**Email ID: dcpsgarhwa@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 एवं नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति (Support Person) की सेवा लेने हेतु पैनल निर्माण के लिए जिला स्तर पर प्रति केस शुल्क आधारित चयन संबंधी प्रकाशित विज्ञापन सं0–PR377464 Women, Child Development & Social Securtiy (2026-27)D, के आलोक में प्राप्त आवेदनों का स्क्रुटनी के पश्चात् योग्य आवेदनों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है।

योग्य आवेदकों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रति के साथ दिनांक–27.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे सिविल कोर्ट, गढ़वा के सम्मेलन कक्ष (Conference Hall) में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

PR 383181 Women, Child Development & Social Security(26-27)#D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा


## मुख्यमंत्री आवास घेराव मामले में आजसू नेताओं को झटका, रिवीजन याचिका खारिज

**एजेंसी। रांची**




मुख्यमंत्री आवास घेराव मामले में ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) के नेताओं को अदालत से बड़ा झटका लगा है। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने पार्टी नेता देवशरण भगत और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की ओर से दायर क्रिमिनल रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया। दोनों नेताओं ने निचली अदालत द्वारा उनकी डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी, लेकिन अदालत ने उन्हें कोई राहत देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद रिवीजन याचिका को निरस्त कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद दोनों नेताओं के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही जारी रहेगी। मामले में देवशरण भगत और रामचंद्र सहिस के खिलाफ आरोप भी गठित किए जा चुके हैं। वर्तमान में इस प्रकरण की सुनवाई रांची स्थित एमपी-एमएलए मामलों की विशेष अदालत में चल रही है। अदालत के ताजा आदेश के बाद मुकदमे की सुनवाई अब पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता तथा आजसू के प्रदेश प्रवक्ता देवशरण भगत समेत कई नेताओं को आरोपित बनाया गया है। यह मामला वर्ष 2021 में आयोजित उस आंदोलन से जुड़ा है, जिसमें आजसू पार्टी ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण की सीमा बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम की घोषणा की थी। कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्र हुए थे और वहां से रैली के रूप में मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था का हवाला देते हुए मोरहाबादी मैदान के समीप ही रैली को रोक दिया था। इसके बाद आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई थी। प्रशासन का आरोप था कि प्रदर्शनकारियों ने निर्धारित नियमों का उल्लंघन किया और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(नोटिस)



Court of Ms. Anulica Kumar, J.M.F.C. Garhwa.
Schedule XLIII- High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[ From No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
Process 82 Crpc to Accused
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुआए जवाबित फौजदारी)

To,
The Officer In Charge, Ranka P.S. — Ranka Ps. Case No. 159/2023(s)

(1). नाम व शिला पता :— चूंकि मेरे पास नालिश की गई है (1)
Priyanka Singh @ Priyanka Kumari, D/o – Anil Singh, R/o Village – Uchruwa, P.S.- Ramchandrapur, Dist.- Balrampur (C.G.)

(2) किया है या करने का उस पर शुबहा है। — जो ब–मुजिब दफा — मजमुआए ताबीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)

(3) नाम — और ब–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ था यह कैफियत दी गई है कि (3)

(4). फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकूर उस पर जारी न हो सके। — धारा— 302/201/34 of IPC — पाय नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब

(5) मोकाम। — (4) मजकूर इसलिए

बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकूर साकिन ब–मोकाम (5)

(6). इस अदालत व रूबरू मेरे। — अ–हजूर (6)

ब–तारीख 04/07/2026 को जवाबदेही के लिए हाजिर हो — नालिश–मजकूर

आज तारीख 26/05/2026

J.M.
26/05/2026

नाम–(1) प्रियंका सिंह / प्रियंका कुमारी, पिता–अनिल सिंह, सा0–उचरुआ, थाना–रामचन्द्रपुर, जिला–बलरामपुर (छ0ग0) आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–159/23 दिनांक–29.09.2023 धारा–302, 201, 34, बी0एन0एस0 के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रही हैं। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–26.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–11.06.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रही हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–04.07.2026 तक माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आप आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–04.07.2026 तक माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR 383136 Police(26-27)D

पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में सड़कों पर दौड़ता हुआ स्कूल, कबाड़ बसों को कैसे बनाया गया डिजिटल क्लासरूम

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में सरकार ने 28 पुरानी बसों को सोलर पावर, ब्लैक बोर्ड, स्मार्ट टीवी, एलईडी लाइट के साथ खेलकूद के



सामान से सुसज्जित कर नमक श्रमिकों के बच्चों के लिए मोबाइल क्लास रूम में तब्दील कर दिया। उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने गांधीनगर में इन बसों का लोकार्पण किया। बसों में बच्चों के बैठने के लिए टेबल, कुर्सी, पुस्तकालय, ब्लैक बोर्ड और पेयजल के साथ बच्चों के खेलने की भी सुविधा है। बिना बिजली के भी ये बसें करीब 48 घंटे तक संचालित की जा सकती हैं। इसके अलावा सोलर पावर के चलते स्मार्ट टीवी, एलईडी लाइट आदि बिना किसी रुकावट के कार्य करते रहेंगे। एक बस में बीस छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा सकता है। इनमें से 20 बसें सुरेंद्रनगर जिले की पाटडी तहसील में, चार बसें पाटण के सांतलपुर तथा दो बसें कच्छ के अंजार में नमक श्रमिकों के बच्चों के लिए भेजी गई हैं।

### वैष्णो देवी में उमड़ा आस्था का सैलाब, 22 जून तक 50.70 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू, एजेंसी।** श्री माता वैष्णो देवी यात्रा ने वर्ष 2026 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 22 जून तक पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50.70 लाख के पार पहुंच गई है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.86 लाख अधिक है, जो श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था और विश्वास को




दर्शाता है। वर्ष 2025 में इसी अवधि तक करीब 39.84 लाख श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में हाजिरी लगाई थी। यात्रा में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सुरक्षा, आवास, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत किया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा के नेतृत्व में यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं का भरोसा और मजबूत हुआ है। श्राइन बोर्ड की व्यवस्थाओं पर बढ़ा भरोसा गौरतलब है कि यात्रा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या यह भी संकेत देती है कि श्रद्धालुओं का श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर भरोसा मजबूत हुआ है। साथ ही, यात्रा प्रबंधन से जुड़े सभी हितधारकों के समन्वित प्रयासों का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा है। तो वहीं 22 जून तक पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। 22 जून तक कुल 50.70 लाख श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाई है। डिजिटल और सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार आपको बता दे कि जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल एवं श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

# मुंबई के अहिल्यानगर में लगेगा रक्षा और सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट, तीन बड़े उद्योगों को मिलेगी जमीन

**मुंबई , एजेंसी।** युवाओं को रोजगार और औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में दारूगोला, विस्फोटक, रक्षा सामग्री और सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पहल पर राजस्व विभाग ने हरेगांव मला स्थित खेती कॉर्पोरेशन की 4200 एकड़ जमीन इस महा प्रोजेक्ट के लिए मंजूर कर दी है।राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक में जमीन आवंटन को हरी झंडी दी गई। इस फैसले के तहत डीआरडीओ को अनुसंधान के लिए 1500 एकड़, महाऊर्जा को सौर व पवन ऊर्जा पार्क के लिए 1200 एकड़ और निबे ऑर्डिनेंस कंपनी को रक्षा सामग्री उत्पादन के लिए 1500 एकड़ जमीन दी जाएगी। रक्षा, अनुसंधान और सौर ऊर्जा जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए आवंटित की गई 4200 एकड़ जमीन को लेकर सरकार ने कड़े और पारदर्शी नियम तय किए हैं। राजस्व विभाग के फैसले के अनुसार, यह पूरी जमीन संबंधित रक्षा और ऊर्जा संस्थाओं को 49 वर्षों की दीर्घकालिक लीज (किराए) पर दी जाएगी। इस ऐतिहासिक समझौते के तहत प्रति एकड़ जमीन के लिए 50 हजार रुपये का वार्षिक




किराया निर्धारित किया गया है। आर्थिक सुरक्षा और नियमों की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों के सामने एक अनिवार्य शर्त रखी गई है, जिसके मुताबिक उन्हें शुरुआती तीन वर्षों की पूरी किराया राशि एडवांस (अग्रिम) के रूप में सरकार के पास जमा करनी होगी। कैबिनेट की अंतिम मंजूरी मिलते ही इस वित्तीय और कानूनी प्रक्रिया को गति दी जाएगी, जिससे इस महा-प्रोजेक्ट का काम जल्द से जल्द शुरू हो सके। बड़े औद्योगिक और रक्षा प्रोजेक्ट्स की स्थापना के साथ-साथ फडणवीस सरकार ने स्थानीय किसानों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा है। राजस्व विभाग और मंत्रिमंडल उपसमिति के निर्णय के अनुसार, इस महा-परियोजना के लिए भूमि आवंटित करने के बाद भी किसानों के कल्याण के लिए एक बड़ा हिस्सा सुरक्षित रखा गया है।

## 7.50 लाख बच्चों को मिलेगी खुराक

# गाजियाबाद में 28 जून से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

**गाजियाबाद, एजेंसी।** जिले में 28 जून से शुरू होने वाले विशेष पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। अभियान के लिए



नौ लाख पोलियो वैक्सीन डोज मंगलवार को जिला स्टोर पहुंच गईं। डोज को लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर और भोजपुर केंद्रों पर भेज दिया गया। करीब 7.50 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जिलेभर में 1600 पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। दो हजार टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों तक पहुंचेंगी जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सकेंगे। अभियान की निगरानी के लिए शहरी क्षेत्रों में 22 सर्विलांस अधिकारियों की तैनाती की गई है। अभियान की तैयारी उस समय और तेज कर दी गई जब डूंडाहेड़ा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के नमूने की जांच में पोलियो वायरस पुष्टि हुई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने 12 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष सर्वे कराया। 107 टीमों ने 10 दिनों तक 31,100 घरों का सर्वे किया और 13,932 बच्चों के टीकाकरण की स्थिति का सत्यापन किया। सर्वे में 289 बच्चे ऐसे मिले जिन्हें पोलियो की खुराक नहीं मिली थी, जबकि 378 बच्चे पिछले दो चरणों में एक खुराक लेने से वंचित रह गए थे। हालांकि 12,786 बच्चों का दोनों चरणों में पूर्ण टीकाकरण होने की पुष्टि हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सचिन वैश्य ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए आशा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## डीएमके के आरोपों पर भड़के सीएम विजय, बोले- हम किसी की 'बी-टीम' नहीं

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने मंगलवार को विधानसभा में विपक्षी पार्टी डीएमके पर पलटवार किया। मुख्यमंत्री ने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि उनकी सरकार किसी राजनीतिक दल की 'बी-टीम' के तौर पर काम करती है ।सीएम ने ये भी कहा कि प्रशासन को अपनी ताकत सिर्फ जनता के जनादेश से मिलती है। विधानसभा सत्र के आखिरी दिन जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने कानून-व्यवस्था, शिक्षा, सामाजिक न्याय और शासन के मामलों में अपनी सरकार के कामकाज का बचाव किया। डीएमके सरकार पर कई अनसुलझी चुनौतियां छोड़ने का आरोप भी लगाया। विपक्ष के सदस्यों द्वारा कानून-व्यवस्था पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अच्छे सुझावों के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों से निपटने में डीएमके के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय ड्रग्स की समस्या बढ़ी थी और कहा कि उनकी सरकार इस समस्या को रोकने और लोगों का भरोसा बहाल करने के लिए कड़े कदम उठा रही है।

## मेट्रो खराब, ट्रकों में सवार लोग... बेंगलुरु में मची अफरा-तफरी को लेकर बीजेपी सांसद की 'तीसरी दुनिया' वाली टिप्पणी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** टेक सिटी बेंगलुरु में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब मेट्रो की पर्पल लाइन में तकनीकी खराबी आ गई। हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा और शहर के कई स्टेशनों पर लंबी लाइनें देखने को मिलीं। इस घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। घर पहुंचने के लिए फंसे हुए यात्रियों द्वारा लॉरी और ट्रकों में लिफ्ट लेने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। इसको लेकर नागरिकों और विपक्षी नेताओं ने आलोचना की है। घर लौट रहे बहुत से यात्रियों को जब ट्रेनों से उतरने के लिए कहा गया तो वे वैकल्पिक परिवहन की तलाश में हड़बड़ी में सड़कों पर उमड़ पड़े और सड़कों पर अफरा-तफरी मच



गई। मेट्रो में खराबी की वजह से यात्रियों की अचानक बढ़ी भीड़ के कारण कैब और ऑटो सर्विस पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ गया, जिससे परेशान यात्री घर पहुंचने के लिए लॉरी और ट्रकों पर चढ़ते हुए देखे गए। यात्रियों की परेशानी को लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार पर 'फर्स्ट वर्ल्ड बनाम थर्ड वर्ल्ड' वाला हमला बोला। इस अव्यवस्था पर प्रतिक्रिया देते हुए बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या ने पोस्ट किया, 'फर्स्ट-वर्ल्ड टेक टैलेंट। थर्ड-वर्ल्ड गवर्नेंस। यही बेंगलुरु की कहानी है।' उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'मेट्रो में रुकावटें अब बहुत ज्यादा और चिंताजनक रूप से बार-बार होने लगी हैं। और हर बार जब मेट्रो सेवा ठप होती है तो पूरे शहर में अफरा-तफरी मच जाती है। कैब गायब हो जाती हैं। ऑटो वाले सवारी ले जाने से मना कर देते हैं। लोग बीच रास्ते में ही फंस जाते हैं। कल भारत की 'सिलिकॉन वैली' में काम करने वाले मेहनती प्रोफेशनल्स को काम के बाद घर पहुंचने के लिए ट्रकों और लॉरियों में लिफ्ट लेने पर मजबूर होना पड़ा। वे कल फिर उठेंगे, ऑफिस जाएंगे, टैक्स भरेंगे और उसी खराब सिस्टम को फिर से झेलेंगे।' मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 6 :30 बजे पर्पल लाइन पर कब्बन पार्क मेट्रो स्टेशन पर एक ट्रेन में तकनीकी खराबी का पता चला। इस खराबी से पर्पल लाइन पर सेवाएं प्रभावित हुईं।

# 33 डिग्री टेंपरेचर और हुडी... लोहागढ़ किले के सीसीटीवी फुटेज से बेनकाब हुआ मंगेतर सिया का प्रेमी

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे के पास लोहागढ़ किले में बिल्डर केतन अग्रवाल की हत्या की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे कई खुलासे हो रहे हैं। अब इस मामले में पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि केतन अग्रवाल और उसकी मंगेतर सिया गोयल का पीछा करते हुए हुडी पहने हुए एक व्यक्ति का सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई।

पुलिस को यह बात अजीब लगी कि तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस होने के बावजूद उस व्यक्ति ने हुडी पहनी हुई थी। उसकी संदिग्ध हरकतों को देखकर पुलिस ने केतन की मौत की और गहराई से जांच करने का फैसला किया, क्योंकि शुरुआत में यह मामला ट्रेकिंग के दौरान हुआ एक दुखद हादसा लग रहा था। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 18 जून को ट्रेकिंग के दौरान जान गंवाने वाले 26 साल के केतन को कथित तौर पर उसकी मंगेतर सिया (20) और उसके प्रेमी चेतन (22) ने खाई में धकेल दिया था। शुरू में इस घटना को दुर्घटनावश हुई मौत के तौर पर दर्ज किया गया था क्योंकि सिया ने पीड़ित के परिवार को बताया था कि ट्रेकिंग के दौरान उनका पैर फिसल गया था। जांच में शामिल एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'जांच के दौरान हमें घटना से जुड़ी कुछ ऐसी बातें पता चलीं जिनसे शक हुआ और मामले की गहराई से जांच करने की जरूरत महसूस हुई। हमने किले के टिकट काउंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें केतन और सिया को एक साथ घूमते हुए देखा गया।' फुटेज को बारीकी से देखने पर पुलिस ने एक आदमी को देखा जो केतन और सिया से कुछ मीटर पीछे था। अधिकारी ने कहा, 'उस आदमी ने शॉर्ट्स और हुडी पहनी हुई थी। हुडी का अगला हिस्सा इतना नीचे खींचा हुआ था कि उसका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। साथ ही उस आदमी ने हुडी के ऊपर हेडसेट भी पहना हुआ था। एक और फुटेज क्लिप में हमने देखा कि



सिया अचानक पीछे मुड़कर देखती है और उसी समय हुडी पहने हुए वह आदमी अचानक नीचे बैठ जाता है।' उन्होंने कहा कि बाद में उन्होंने 18 जून को उस समय का तापमान चेक किया और पाया कि यह 33 डिग्री सेल्सियस था और उन्हें हैरानी हुई कि इतनी गर्मी में कोई हुडी क्यों पहनेगा।

अधिकारी ने बताया कि केतन के परिवार के शोक में होने के कारण पुलिस तुरंत उस जोड़े से पूछताछ नहीं कर सकी, लेकिन जांच के दौरान केतन के चाचा से पता चला कि सिया ने पहले शादी को लेकर कुछ हिचकिचाहट जताई थी और एक बार पूछा था कि क्या शादी को एक साल के लिए टाला जा सकता है। सिया और केतन की सगाई फरवरी में हुई थी और नवंबर में उदयपुर में एक शानदार समारोह में उनकी शादी होनी थी, जिसके लिए एक महल बुक किया गया था। अधिकारी ने कहा, 'केतन की बहन संजना और परिवार के दूसरे सदस्यों से पूछताछ में हमें पता चला कि उस जानलेवा घटना से पहले सिया ने कई बार केतन को अपने साथ लोहागढ़ किले चलने के लिए मनाया था। 31 मई को सिया केतन को लोहागढ़ किला ले गई थी। उसने 4 जून को भी केतन से लोहागढ़ किला चलने की जिद की लेकिन केतन की मां ने उसे दूसरी बार वहां जाने की इजाजत नहीं दी।' उन्होंने कहा कि प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बाली जाने से पहले सिया और चेतन मिलकर केतन को रास्ते से हटाना चाहते थे। यह ट्रिप नहीं हो पाई क्योंकि ट्रिप से पहले ही केतन का पासपोर्ट रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था। सिया ने एक बार फिर केतन से 14 जून को लोहागढ़ जाने के लिए कहा। उस दिन उसने कथित तौर पर केतन को चट्टान से नीचे धकेलने की कोशिश की। हालांकि, वह एक झाड़ी को पकड़ने में कामयाब रहा। अधिकारी ने बताया कि जब केतन ने सोचा कि उसे क्यों धकेला गया तो उसने सांप होने का झूठा शोर मचाया और ऐसा दिखाने की कोशिश की कि उसने उसे बचाया है।ॉ

# सड़कों और रेलवे ट्रैक पर भरा पानी, अंधेरी सबवे बंद... मुंबई में आफत लाई मानसून की बारिश

**मुंबई, एजेंसी।** मानसून की पहली बारिश मंगलवार को मुंबई में आफत बनकर आई। सड़कें, रेलवे ट्रैक और सबवे सभी जगहों पर पानी भर गया और शहर के कई हिस्सों में जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार के लिए मुंबई में भारी बारिश का अनुमान लगाते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। पूरे राज्य में बारिश का मौसम बने रहने के कारण महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किए गए हैं। मंगलवार तक हुई भारी बारिश के कारण मुंबई के कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया। सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया और सिविक अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवाजाही पर रोक लगाने के कारण यात्रियों को ट्रैफिक में रुकावटों का सामना करना पड़ा। एवराड नगर में पानी से भरे सबवे को भी आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया। साकी नाका मेट्रो स्टेशन इलाके समेत शहर के अलग-अलग हिस्सों की तस्वीरों में भारी बारिश का रोजमर्रा की आवाजाही पर असर साफ दिखा। सेंट्रल रेलवे ने बताया कि मुंबई लोकल की ट्रांस



हार्बर लाइन पर ट्रैक खराब होने की घटना के कारण अब तक 24 ट्रेनें रद कर दी गई हैं। सेंट्रल रेलवे के अनुसार, मरम्मत के बाद प्रभावित हिस्से में ट्रैफिक तो बहाल कर दिया गया है, लेकिन टर्भे और वाशी के बीच ट्रांस हार्बर लाइन के प्रभावित हिस्से में सावधानी बरतते हुए ट्रेनों की गति सीमित रखी गई है।

**'नहीं ढूंढ़ पाए समस्या का अस्थाई समाधान':** अंधेरी अंडरपास की स्थिति के बारे में बात करते हुए बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारी ऋतिक ने कहा, 'हम पानी भरने की इस गंभीर समस्या का कोई अस्थायी समाधान नहीं ढूंढ पाए हैं। हमारे अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए यहां तैनात रहते हैं कि गाड़ियां यहां से न गुजरें। लेकिन कुछ रिक्शा चालक फिर भी अपनी गाड़ियों को वहां से निकालने की कोशिश करते हैं। एक रिक्शा सबवे के बीच में फंस गया था। उसकी जान खतरे में थी। हमारे दो अधिकारियों ने उसे बाहर निकालने में मदद की।'

## सिविल अस्पताल में ड्रेस कोड लागू, अब हर स्वास्थ्यकर्मी की पहचान होगी आसान

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सेक्टर-10 स्थित जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने ड्रेस कोड को लेकर सख्ती दिखाई है। अब अस्पताल में तैनात कोई भी कर्मचारी बिना निर्धारित वर्दी और पहचान पत्र के ड्यूटी करता मिला तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रशासन को शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके कारण अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को यह पहचानने में परेशानी होती थी कि कौन नर्सिंग स्टाफ है और कौन पैरामेडिकल कर्मी या सुरक्षा कर्मचारी। इस स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने सभी कर्मचारियों के लिए निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल टीम, वार्ड ब्वाय, सुरक्षा कर्मी और अन्य कर्मचारी निर्धारित वर्दी के साथ अपना आइडी कार्ड भी प्रदर्शित करेंगे। मरीज आसानी से स्वास्थ्यकर्मियों की पहचान कर सकेंगे अस्पताल में अनुशासन और जवाबदेही बढ़ेगी मरीजों को जानकारी और सहायता लेने में होगी सुविधा सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था होगी मजबूत कुछ स्वास्थ्यकर्मी ड्रेस कोट का पालन न करने की शिकायत मिल रही थी।

# ग्रेटर नोएडा में बनेंगी दिल्ली-गुरुग्राम जैसी तीन आधुनिक लाइब्रेरी, छात्रों को मिलेगी बड़ी राहत

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीएसआर फंड से शहर में तीन आधुनिक लाइब्रेरी बनाएगा। इस परियोजना पर करीब चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में अल्फा एक, गामा और डेल्टा सेक्टर को चुना गया है। इनका निर्माण फैसिलिटी प्लाट पर होगा।

हर लाइब्रेरी दो मंजिला होगी और इसका माडल दिल्ली व गुरुग्राम में संचालित लाइब्रेरी की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। प्राधिकरण का मानना है कि आधुनिक सुविधाओं से लैस ये लाइब्रेरी युवाओं को नई दिशा देंगी। शहर में नोएडा, गाजियाबाद समेत दूसरे प्रदेशों से भी छात्र पढ़ने आते हैं। अभी तक उन्हें निजी लाइब्रेरी पर निर्भर रहना पड़ता था।

सीएसआर से बनने वाली इन लाइब्रेरी में एसी, वाइफाइ, आरामदायक फर्नीचर और डिजिटल कैटलाग की सुविधा भी दी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक सेक्टर अल्फा एक, डेल्टा और गामा में जगह चिह्नित कर ली गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। अगले साल तक तीनों लाइब्रेरी को छात्रों के लिए खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इससे



शहर में पढ़ाई का माहौल और मजबूत होगा। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि शिक्षा हब के रूप में विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा में युवाओं को बेहतर अध्ययन माहौल देने के लिए यह पहल की जा रही है। तीनों लाइब्रेरी पर कुल तीन से चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी कोफोर्ज कंपनी को दी गई है। कंपनी ही पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराएगी। यहां विद्यार्थी, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा व विभिन्न आयु वर्ग के आम लोग भी लाइब्रेरी का लाभ उठाकर शांतिपूर्ण माहौल में पठन पाठन कर सकेंगे। हर लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं, साहित्य, रोचक कहानियों समेत अलग अलग विषयों की करीब 15 हजार किताबें रखी जाएंगी। इसके अलावा अखबार और विभिन्न पत्रिकाओं को भी पढ़ने का लाभ मिलेगा। भूतल पर साइलेंस लाइब्रेरी बनाई जाएगी। यहां लैपटाप और मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी पाबंदी रहेगी। यह पूरी तरह से साइलेंस जोन होगा। वहीं, पहली मंजिल पर छात्र समूह में बैठकर अपने स्तर पर पढ़ाई कर सकेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### एआई और फिंगरप्रिंट सिस्टम होने के बाद भी जांच कमजोर, न्याय व्यवस्था पर सवाल

आधुनिक तकनीक और एआई आधारित जांच उपकरणों के बावजूद अपराध मामलों में दोषसिद्धि दर में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा। सवाल यह है कि क्या तकनीक का सही इस्तेमाल हो रहा है या न्याय की राह में अब भी पुरानी बाधाएं कायम हैं? किसी भी आपराधिक मामले में समय पर न्याय तभी सुनिश्चित हो पाता है, जब जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और उसमें गंभीरता एवं निष्पक्षता हो। आज के दौर में जांच-पड़ताल में तकनीक की भी अहम भूमिका है। खासकर कृत्रिम मेधा यानी एआई के तहत ऐसे उपकरण विकसित किए जा चुके हैं, जिनकी मदद से अपराधियों की धर-पकड़ और साक्ष्य जुटाना काफी आसान हो गया है।मगर सवाल है कि देश में जांच एजेंसियां क्या इस तरह की तकनीक का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल कर रही हैं या नहीं? केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से हाल में दी गई जानकारी से यही लगता है कि जांच प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग अभी प्रारंभिक स्तर पर है। गृह मंत्री ने कहा कि आपराधिक मामलों में राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली का अभी केवल 10 प्रतिशत ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका उपयोग अपराधियों की पहचान करने के लिए किया जाता है। इसके जरिए अपराध स्थलों से एकत्र किए गए नमूनों और साक्ष्यों का डेटाबेस तैयार किया जा सकता है, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आखिर जांच एजेंसियां इस पर पर्याप्त ध्यान क्यों नहीं दे रही हैं।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि संज्ञेय अपराधों से जुड़े मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दोषसिद्धि दर वर्ष 2018 और 2019 में करीब 66 प्रतिशत थी। हालांकि उसके बाद से जांच एजेंसियों को कई तरह की तकनीकों से लैस किया गया है, लेकिन दोषसिद्धि दर में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आया है।विशेषज्ञों के मुताबिक दोषसिद्धि दर कम होने के प्रमुख कारणों में जांच प्रक्रिया का धीमा होना, मामलों की गंभीरता को नजरअंदाज करना और साक्ष्यों की कमी शामिल है। कई बार अपराधी इसलिए बरी हो जाते हैं, क्योंकि अभियोजन पक्ष आरोपों को सबूतों के आधार पर साबित करने में नाकाम रहता है। यह अफसोसनाक है कि तकनीकी सुविधाओं के बावजूद जांच एजेंसियां वैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखकर जांच नहीं करतीं, जिससे न्याय की उम्मीद भी धुंधली पड़ जाती है।ऐसे में जरूरी है कि आपराधिक मामलों की जांच प्रक्रिया को लेकर अलग से एक निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए, जो इस बात पर नजर रखे कि जांच में तकनीक का कितना इस्तेमाल किया जा रहा है।राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली की बात की जाए तो इसका इस्तेमाल केवल अपराधियों को खोजने तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह प्रक्रिया तभी सफल हो सकती है, जब अपराध स्थल से एकत्र फिंगरप्रिंट के माध्यम से व्यापक डेटाबेस तैयार किया जाए। यह दो-तरफा प्रणाली है, जो अपराधी की पहचान करने में बेहद उपयोगी है, लेकिन अपराध तभी साबित हो सकता है, जब पर्याप्त डेटा उपलब्ध हो।इसका एक पहलू यह भी है कि जांच एजेंसियों को नई तकनीकों से लैस तो कर दिया गया है, लेकिन उनके इस्तेमाल की जानकारी बहुत कम कर्मियों को होती है। ऐसे में उपलब्ध उपकरणों के उपयोग के लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण देने की जरूरत है।जब वैज्ञानिक आधार पर आरोप-पत्र तैयार होंगे और आधुनिक तकनीक की मदद से पुख्ता साक्ष्य जुटाए जाएंगे, तो समय पर न्याय मिलने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी। इसके अलावा जांच एजेंसियों में हर स्तर पर जवाबदेही तय करना भी बेहद जरूरी है। अगर किसी मामले में जांच के स्तर पर लापरवाही या चूक होती है, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को भी जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

*कांग्रेस और संघ विरोधियों को यह समझ लेना चाहिए कि संघ को डराकर, बदनाम करके या कानूनी भ्रम फैलाकर कमजोर नहीं किया जा सकता। संघ की शक्ति कागजों से नहीं, करोड़ों स्वयंसेवकों के समर्पण से आती है। उसका अस्तित्व किसी मंत्री की कृपा पर नहीं, भारत की सांस्कृतिक आत्मा पर आधारित है। जो सौ वर्षों से राष्ट्र को सब कुछ दे रहा हो, उसे अपना परिचय देने की जरूरत नहीं पड़ती।*

## सौ वर्षों से राष्ट्रसेवा में लीन आरएसएस का पंजीकरण प्रमाणपत्र मांग रहे कांग्रेस नेताओं से कुछ सवाल

**(नीरज कुमार दुबे)**

असल में कांग्रेस की समस्या संघ के पंजीकरण से नहीं, संघ के प्रभाव से है। जिस संगठन ने बिना सरकारी धन, बिना विदेशी सहायता और बिना सत्ता के सहारे सौ वर्षों तक राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उससे कांग्रेस की बेचैनी स्वाभाविक है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस और उसके वैचारिक सहयोगियों ने एक बार फिर वही पुराना शोर उठाया है कि संघ पंजीकृत क्यों नहीं है? कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे का पत्र और उसके बाद खड़ा किया गया राजनीतिक कोलाहल इस बात का प्रमाण है कि संघ विरोधियों के पास न तथ्य बचे हैं, न तर्क। वह केवल विवाद पैदा करना चाहते हैं, क्योंकि जिस संगठन को जनता का भरोसा और समाज का समर्थन हासिल हो, उसे बदनाम करने का सबसे आसान तरीका संदेह फैलाना होता है। लेकिन इस बार संघ ने भी स्पष्ट और सीधा उत्तर दिया है। मोहन भागवत ने साफ कहा, हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। यह उस पूरी मानसिकता पर प्रहार है जो मानती है कि भारत की हर सांस्कृतिक चेतना को सरकारी मुहर से ही वैधता मिलेगी। भागवत ने कहा कि संघ 1925 में स्थापित हुआ था। क्या तब अंग्रेजों से जाकर पंजीकरण कराया जाता? साथ ही स्वतंत्रता के बाद भी भारत के संविधान ने कभी यह अनिवार्य नहीं किया कि हर स्वैच्छिक संगठन सरकारी रजिस्टर में दर्ज हो तभी वह अस्तित्व में रह सकता है।

असल में कांग्रेस की समस्या संघ के पंजीकरण से नहीं, संघ के प्रभाव से है। जिस संगठन ने बिना सरकारी धन, बिना विदेशी सहायता और बिना सत्ता के सहारे सौ वर्षों तक राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उससे कांग्रेस की बेचैनी स्वाभाविक है। संघ ने चरित्र निर्माण किया, अनुशासन दिया, समाज को जोड़ा, सेवा का संस्कार दिया और राष्ट्रवाद को जीवन का व्यवहार बनाया। दूसरी ओर कांग्रेस का एक हिस्सा वर्षों तक विदेशी शक्तियों के सामने वैचारिक समर्पण करता रहा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौते करने वाली राजनीति आज संघ से राष्ट्रभक्ति का प्रमाण मांग रही है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है? भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को संगठन बनाने की स्वतंत्रता देता है। यह नागरिकों का मौलिक अधिकार है। संविधान कहीं नहीं कहता कि हर सामाजिक संगठन को पहले सरकार के सामने सिर झुकाकर अनुमति लेनी होगी। सोसाइटी कानून, न्यास कानून और अन्य व्यवस्थाएं केवल कानूनी सुविधाओं के लिए हैं, अस्तित्व के लिए नहीं। संघ के पंजीकरण प्रमाणपत्र को देखने की चाह रखने वाले प्रियांक खरगे, पवन खेड़ा और कांग्रेस के नेताओं को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में मंत्री होना कानून से ऊपर होना नहीं होता। किसी मंत्री की व्यक्तिगत इच्छा कानून नहीं बन जाती। यदि कानून में अनिवार्यता नहीं है, तो केवल राजनीतिक नफरत के कारण किसी संगठन को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। यही विधि का शासन है, यही संविधान की आत्मा है। संघ को समझने के लिए उसकी मूल प्रकृति को समझना आवश्यक है। संघ कोई पारंपरिक कार्यालयी संस्था नहीं, बल्कि समाज आधारित आंदोलन है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने इसे सदस्यता कार्ड, शुल्क और कागजी ढांचे की बजाय शाखा, संस्कार और स्वयंसेवा के आधार पर खड़ा किया। आज भी कोई व्यक्ति शाखा में जाकर स्वयंसेवक बन सकता है। यही कारण है कि संघ समाज के बीच रहता है, किसी फाइल में बंद नहीं रहता। संघ अपने आरम्भकाल से ही सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ता रहा है। संघ में औपचारिक सदस्यता और कठोर संस्थागत नियंत्रण नहीं होता। शाखाएं अपने संसाधनों से चलती हैं और संगठन का संचालन सामाजिक सहभागिता से होता है। इतिहास यह भी बताता है कि संघ को बार-बार राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद प्रतिबंध लगाया गया, आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक जेल भेजे गए, बाबरी प्रकरण के बाद भी हमला हुआ। लेकिन हर बार संघ और अधिक मजबूत होकर निकला। इसका कारण यह था कि संघ की जड़ें सत्ता में नहीं, समाज में हैं। मोहन भागवत ने भी याद दिलाया कि सरकारें संघ पर प्रतिबंध लगाती रहीं, इसका अर्थ ही यह है कि सरकारें संघ के अस्तित्व और प्रभाव को मानती रही हैं। देखा जाये तो संघ विरोधी बार बार पारदर्शिता और कराधान का मुद्दा उठाते हैं। लेकिन वह जानबूझकर न्यायालयों के निर्णयों को नजरअंदाज करते हैं। गुरु दक्षिणा को लेकर न्यायालयों ने पारस्परिकता के सिद्धांत को स्वीकार किया था। पटना उच्च न्यायालय ने स्पष्ट माना कि स्वयंसेवकों का स्वैच्छिक योगदान करयोग्य आय नहीं माना जा सकता। संघ ने कभी कानून से छूट नहीं मांगी। उसने केवल वही स्वीकार किया जो कानून कहता है। कानून जहां लागू होता है, वहां संघ के सहयोगी संगठन विधिवत पंजीकृत हैं, लेखा परीक्षण कराते हैं और अपने प्रतिवेदन भी प्रकाशित करते हैं। यही वह बिंदु है जहां कांग्रेस का पाखंड खुलकर सामने आता है। दशकों तक सत्ता में रहने वाली पार्टी आज संघ से पारदर्शिता मांग रही है, जबकि स्वयं उसके इतिहास पर आपातकाल, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और विदेशी प्रभाव के आरोप लगे हुए हैं। जो दल लोकतंत्र को कुचलने के लिए आपातकाल थोप सकता है, वह आज लोकतांत्रिक मूल्यों का उपदेश दे रहा है। यह राजनीतिक हास्य से अधिक कुछ नहीं। मोहन भागवत ने बिल्कुल सही कहा कि संघ खुलकर काम करता है, किसी गुप्त संगठन की तरह नहीं। लाखों शाखाएं, हजारों सेवा प्रकल्प, शिक्षा, ग्राम विकास, आपदा राहत, सामाजिक समरसता, वनवासी कल्याण, गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, संघ का हर कार्य समाज के सामने है। यदि संघ में कुछ छिपा होता तो वह सौ वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में इतने व्यापक रूप से स्वीकार नहीं किया जाता। दरअसल संघ की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि उसने राष्ट्रवाद को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा। जब भी देश पर संकट आया, स्वयंसेवक सबसे पहले खड़े दिखाई दिए। विभाजन के समय राहत कार्य हो, प्राकृतिक आपदाएं हों, महामारी का दौर हो या सीमा पर सैनिकों के परिवारों की सहायता, संघ के कार्यकर्ता हर जगह सक्रिय रहे। यही कारण है कि भारत का सामान्य नागरिक संघ को कागजी संस्था नहीं, राष्ट्रीय चेतना का प्रहरी मानता है। संघ को लेकर सबसे अधिक भ्रम उन लोगों में है जो भारत को केवल सत्ता और चुनाव की नजर से देखते हैं। संघ सत्ता के लिए नहीं, समाज के लिए काम करता है। यही कारण है कि वह राजनीतिक उतार चढ़ाव से अप्रभावित रहता है। मोहन भागवत ने हाल में कहा था कि संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन सबसे अधिक गलत समझा जाने वाला संगठन भी है। यह कथन बिल्कुल सही है। जिन लोगों ने कभी शाखा देखी ही नहीं, वह संघ पर सबसे अधिक आरोप लगाते हैं। देखा जाये तो आज आवश्यकता इस बात की है कि संघ को राजनीतिक चश्मे से नहीं, उसके कार्यों से देखा जाए। यदि कोई संगठन बिना सरकारी सहायता के, बिना विदेशी धन के और बिना सत्ता के दबाव के सौ वर्षों तक राष्ट्रसेवा करता है।

## शादी अब बंधन या विकल्प? मॉर्गन स्टैनली की रिपोर्ट ने क्यों बढ़ाई 'परिवार' की चिंता

**(ज्योति सिडाना)**

असमानता, बदलती जीवनशैली और आर्थिक स्वतंत्रता के बीच विवाह और परिवार की पारंपरिक परिभाषा तेजी से बदल रही है, जिससे रिश्तों की स्थिरता और भविष्य की सामाजिक संरचना पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। विवाह और परिवार को समाज की नींव माना जाता है। भारतीय संस्कृति में विवाह को एक संस्कार की संज्ञा दी गई है, मगर भौतिकवाद और उपभोक्तावाद ने इसके स्वरूप और अर्थ दोनों को बदल दिया है। आज बाजारवाद इतना हावी हो गया है कि सामाजिक संबंध केवल दिखावे तक सिमट कर रह गए हैं। डिजिटल तकनीक के इस दौर में आभासी संसार अस्तित्व में आ गया है, जो हकीकत की दुनिया से कोसों दूर है, जहां सब कुछ दिखावटी और संवेदनहीन है। दिखावे के लिए विवाह समारोहों पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं और इस पवित्र बंधन को भी बाजार का हिस्सा बना दिया गया है। इसे समाज में प्रतिष्ठा से जोड़ दिया गया है, मगर इस होड़ में रिश्तों की आत्मीयता कहीं पीछे छूट गई है। देश में आए दिन सामने आने वाले घरेलू हिंसा, आत्महत्या के लिए मजबूर करने और तलाक के मामलों से पता चलता है कि लोगों की रिश्ते निभाने की इच्छाशक्ति कमजोर पड़ती जा रही है। हाल के दिनों में घरेलू हिंसा के कई मामले चर्चा में रहे, जिनमें कहीं चरित्र पर संदेह तो कहीं दहेज की मांग ने जिंदगियां लील लीं। जीवन में पैसा जरूरी है, लेकिन क्या इतना जरूरी है कि किसी की हत्या कर दी जाए या आत्महत्या करने के लिए बाध्य कर दिया जाए। सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण को लेकर कई अभियान और योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका अपेक्षित प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। महिलाओं में शिक्षा की दर जरूर बढ़ी है, लेकिन उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हाल ही में आई मॉर्गन स्टैनली की एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक 25 से 44 वर्ष तक की लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं अविवाहित या बच्चों के बिना रहने को प्राथमिकता देंगी। आने वाले दिनों में लड़कियां अपने करियर, पढ़ाई और निजी खुशियों को तुलनात्मक रूप से अधिक महत्व देना पसंद करेंगी। एक समय था जब विवाह को जीवन का जरूरी एवं महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता था, लेकिन तेजी से बदलती जीवनशैली में विवाह करना या न करना एक व्यक्तिगत फैसला बन गया है। महिलाएं अब ऐसे रिश्तों से समझौता नहीं करना चाहतीं जहां उन्हें समानता न मिले। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे अनेक कारण जिम्मेदार रहे हैं। सदियों से परिवार के भीतर ही महिलाओं को असमानता और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षित होने के बाद भी महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में कोई विशेष अंतर नहीं आया है। हालांकि समाज के एक वर्ग में उच्च शिक्षा और आधुनिकता से परिवारों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

### वर्ग पहेली 6132

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | | ■ |
| | ■ | 9 | ■ | 10 | | ■ | 11 |
| 12 | 13 | ■ | 14 | ■ | 15 | 16 | |
| 17 | | 18 | | ■ | 19 | | |
| ■ | 20 | | | ■ | | ■ | ■ |
| 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 | 24 |
| 25 | | | ■ | | ■ | 26 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1941 को इस भारतीय अदम्य निर्भीकता वाले पत्रकार ने जन्म लिया था (5)
5. यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है जिसकी स्थापना 12 जून 1829 का हुई थी (2)
6. मास, महिना, तीस दिनों का समय (2)
7. काजल लगा हुआ, अंजनयुक्त (4)
9. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर सूचक शब्द (1)
10. झुका हुआ, प्रणाम करता हुआ (2)
12. बहादुर, सूरमा, योद्धा (2)
15. संतान, वंशज (3)
17. वह जो ब्राह्मणों से अपने धार्मिक कृत्य करवाता है (4)
19. झूले की पेंग, झमने का भाव, तरंग (3)
20. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)
22. अपनी इच्छानुसरा काम करने वाला (4)
25. महाभारत के अनुसार यह दुर्योधन का मंत्री था (3)
26. मुस्लिम पद्धति से विवाह करवाने वाला (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जो मनुष्य के योग्य न हो, क्रूर (5)
2. आत्मा, जान, प्राण-वायु (2)
3. चसका, सुख-भोग, मनपसंद (2)
4. कारण (अंग्रेजी)(3)
5. नादरूपिणी वाणी, ब्रह्म विद्या (2)
8. बतौर नायिका यह नरगिस की अंतिम फिल्म थी जिसमें प्रदीप कुमार और फिरोजखान भी थे (6)
11. वाद्य बजाने वाला, साजिंदा (3)
13. इस्लामी सातवां महिना (3)
14. श्रवण करना, बर्दाश्त करना (3)
16. ब्रिगेड, दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)
18. किसी की प्रतिष्ठा या इज्जत को हानि पहुंचाना (4)
21. प्रसिद्धि, ख्याति, नाम होना (2)
22. सत्ताइस नक्षत्रों में दसवां जो शिशुमार से लगा हुआ है(2)
23. अवसर, घटना स्थल (2)
24. बडी बहन के लिए एक संबोधन, दीदी (2)

### वर्ग पहेली 6131 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ढा | का | ■ | चि | त | रं | ज | न |
| लू | म | ■ | रा | ल | ■ | य | म |
| ■ | न | वा | ग | त | ■ | प्र | ■ |
| सी | क | र | ■ | म | ■ | का | श |
| न | र | ■ | ■ | ह | ता | श | ■ |
| ■ | ना | का | ■ | मू | ल | ■ | न |
| पं | ■ | म | द | द | ■ | क | र्म |
| गु | म | ना | म | ■ | शा | र | दा |

## आज का राशिफल

### मेष
आज जोखिम भरे कार्यों से दूर रहें। आज आपकी आर्थिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप अपने धन का प्रबंधन बहुत ही समझदारी से करने में सफल रहेंगे। अपने वास्तविक लक्ष्यों पर ध्यान दें और जोखिम भरे कार्यों से पूरी तरह दूर रहें। आज की गई अच्छी प्लानिंग आपके आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करेगी। करियर के मामलों पर आज विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### वृष
आज जल्दबाजी में खरीदारी नुकसान देगी।आज का दिन बजट और खर्चों की आदतों की अच्छे से जांच करने का है। आपकी सूझबूझ आपको उन क्षेत्रों को पहचानने में मदद करेगी जहां बचत को सुधारा जा सकता है। आपके पुराने प्रयासों से छोटे आर्थिक लाभ मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

### मिथुन
आज कार्यक्षेत्र की राजनीति से दूर रहें। आज आपको अपने आर्थिक मामलों में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अपने काम की तुलना दूसरों से करने से बचें और केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों व लंबी अवधि की आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करें।

### तुला
आज आपके वित्तीय मामलों में आत्मविश्वास बढ़ सकता है। बचत या निवेश को लेकर मन में नए विचार आ सकते हैं। आपको भविष्य के लाभ का बहुत अधिक अंदाजा लगाने से बचना चाहिए। एक संतुलित और वास्तविक दृष्टिकोण ही आपको सबसे अच्छे परिणाम दिला सकता है।

### वृश्चिक
आज कार्यक्षेत्र में काम का बोझ अधिक रहेगा। आज आपको अपने आर्थिक निर्णय बहुत ही सोच-समझकर लेने चाहिए। किसी भी तरह के अनावश्यक जोखिम से बचें और अपने मौजूदा संसाधनों को मजबूत करने पर ध्यान दें। कुछ छिपे हुए खर्चे सामने आ सकते हैं, इसलिए बजट बनाना आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आपकी सुरक्षित योजनाएं आपके आर्थिक संतुलन को बनाए रखने में मदद करेंगी।

### धनु
आज आपके धन से जुड़े मामले स्थिर बने रहेंगे, लेकिन घर के कुछ अचानक आने वाले खर्चे आपका ध्यान खींच सकते हैं। किसी को भी धन उधार देने से आज आपको बचना चाहिए। छोटे लाभ के बजाय दूरगामी रणनीतियां आपके लिए अधिक फायदेमंद साबित होंगी। आज आपकी बातचीत करने की कला ही कार्यक्षेत्र की चुनौतियों से बाहर निकलने में मदद करेगी।

### कर्क
आज खर्चे बढ़ेंगे, नए अवसर भी मिलेंगे। लंबी अवधि की वित्तीय योजनाओं की समीक्षा करने के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है। शिक्षा या यात्रा से जुड़े खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता पड़ सकती है। आज लिए गए सही आर्थिक निर्णय आपके भविष्य के विकास में मददगार साबित होंगे। किसी भी प्रकार के अनावश्यक आर्थिक जोखिम से बचें।

### सिंह
आज धन से जुड़े मामलों में सावधानी बरते। आज आपको अपने संयुक्त संसाधनों और साझे धन से जुड़े मामलों में बहुत ही सावधानी बरतने की जरूरत है। आर्थिक समझौतों में किसी भी तरह का गलत अंदाजा लगाने से बचें। दस्तावेजों की बारीकियों को अच्छे से पढ़ना आपको भविष्य की गलतफहमियों से बचा सकता है।

### कन्या
आज भावनाओं में बहकर निर्णय लेने से बचें। आज साझेदारी या समझौतों से जुड़े आर्थिक मामलों में एक संतुलित दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता है। भावनाओं में बहकर कोई भी निर्णय लेने से बचें। भविष्य की स्थिरता को बेहतर बनाने में मदद करेगी। आज आपके पेशेवर संबंध बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### मकर
निवेश के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक समझ को और तेज करेंगे। अपने निवेश, बचत की योजनाओं और भविष्य के लक्ष्यों की समीक्षा करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आपकी सूझबूझ आपको सही निर्णय लेने में मदद करेगी। छोटे-मोटे उतार-चढ़ाव को लेकर बहुत अधिक चिंता करने से बचें। कार्यक्षेत्र में बारीकियों पर ध्यान देना आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। आज आपको अपने पेशेवर संपर्कों और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक लाभ मिल सकता है। भविष्य के निवेश को लेकर की गई चर्चाएं फायदेमंद साबित हो सकती हैं। कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले सभी विवरणों की अच्छे से जांच कर लें। लंबी अवधि के लिए बनाई गई योजनाएं आपके पक्ष में रहेंगी। आज टीम के साथ मिलकर किए गए।

### मीन
आज आपके लिए आर्थिक स्थिति काफी उत्साहजनक दिख रही है। मंगलदेव आपकी ही राशि में मौजूद हैं, जो धन से जुड़े मामलों में आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं। आपको अपनी आय के स्रोतों को मजबूत करने या निवेश करने के अच्छे अवसर मिलेंगे। कोई भी वादा करने से पहले जोखिमों का अच्छी तरह मूल्यांकन करते रहें। कार्यक्षेत्र में आज आपका दृढ़ संकल्प अलग से दिखाई देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# मुझे टीम नहीं, जवाब चाहिए

## कानूनी कार्रवाई की चेतावनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा एशियन गेम्स 2026 के लिए घोषित भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद लगातार चर्चा में हैं। चयन को लेकर उठे विवाद के बीच मनिका ने एक बार फिर अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया है कि वह किसी विशेष रियायत या टीम में जबरन जगह की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि केवल यह जानना चाहती हैं कि आखिर उन्हें चयन के योग्य क्यों नहीं माना गया।मनिका ने चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और फैसलों में कथित मनमानी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहा है कि यदि उन्हें इस फैसले के पीछे की वजह का संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो वह कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगी।

### मुझे टीम नहीं, जवाब चाहिए

मनिका ने अपने बयान में कहा, 'पिछले दो दशकों से मुझे सर्वोच्च स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। अपने पूरे करियर में मैंने जीत, हार, चयन और चयन न होने, सभी परिस्थितियों को स्वीकार किया है। यह खेल का हिस्सा है। लेकिन जिस बात को स्वीकार करना मुश्किल है, वह है पारदर्शिता की कमी और मनमानी।'उन्होंने आगे कहा, 'मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं चयन की मांग नहीं कर रही हूं और न ही किसी से फैसला बदलने को कह रही हूं। मैं सिर्फ जवाब मांग रही हूं। मुझे यह नहीं बताया गया कि मेरा चयन क्यों नहीं किया गया। यदि मुझे इस फैसले के आधार के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, तो मेरे पास कानूनी विकल्प अपनाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।'

### रैंकिंग और फॉर्म को लेकर उठाए सवाल

विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज मनिका ने पूछा कि आखिर किस आधार पर खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस की रैंकिंग हर सप्ताह बदलती रहती है, ऐसे में यह स्पष्ट होना चाहिए कि चयन किसी एक सप्ताह, दो महीने, छह महीने या पूरे वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। मनिका का मानना है कि केवल रैंकिंग ही नहीं, बल्कि हालिया प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म को भी चयन का आधार बनाया जाना चाहिए।

### वोटिंग आधारित चयन पर भी जताई चिंता

मनिका ने उन रिपोर्टों पर भी सवाल उठाए, जिनमें दावा किया गया था कि अंतिम चयन वोटिंग के जरिए किया गया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो खिलाड़ियों को यह जानने का अधिकार है कि किसने और किन कारणों से फैसला लिया। उन्होंने कहा, 'अगर मेरे खिलाफ वोटिंग हुई है तो उसके पीछे क्या कारण थे? क्या फैसला खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर लिया गया था या व्यक्तिगत राय के आधार पर? इन सवालों के जवाब पारदर्शी तरीके से सामने आने चाहिए।'

# शुभमन गिल वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच

**दुबई।** भारत के ओपनर शुभमन गिल की ताजा वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने अलग-अलग फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।



टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर बदलाव हुआ है जिसमें इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट ने फिर से नंबर 1 स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ रूट के 46 और 77 रनों के स्कोर ने उन्हें दो स्थान ऊपर चढ़ने और अपने साथी हैरी ब्रूक और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड से आगे निकलने में मदद की जिससे वे अपने करियर में 12वीं बार शीर्ष स्थान पर पहुंचे।

हालिया प्रदर्शन के बाद गिल तीन स्थान ऊपर चढ़े और अब वनडे बल्लेबाजों में दूसरे स्थान पर हैं जो शीर्ष रैंकिंग वाले डेरिल मिशेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारत के ही बल्लेबाज ईशान किशन ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है।

### यशस्वी को लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म...

# कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे हार्दिक पांड्या !



राजस्थान रॉयल्स से भी मिला प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2027 का सीजन अभी दूर है, लेकिन फ्रेंचाइजी ने अभी से इसकी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। मुंबई इंडियंस में हार्दिक पांड्या की वापसी सुखद नहीं रही है और जब से वह टीम में दोबारा शामिल हुए हैं, तभी से टीम और स्वंय उनके लिए चीजें विपरीत होती चली गई हैं। अब खबर आ रही है कि हार्दिक ने मुंबई इंडियंस से राहें अलग करने का मन बना लिया है और उन्हें इसके लिए दो प्रस्ताव मिले हैं।

### केकेआर ने मुंबई से साधा संपर्क

शाहरुख खान के सहस्वामित्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की ओर से हार्दिक को दो प्रस्ताव मिले हैं। सूत्र ने बताया कि नाइट राइडर्स के शीर्ष प्रबंधन और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को लेकर कई बार बातचीत हुई है। सूत्र ने बताया, अजिंक्य रहाणे केकेआर के लिए हमेशा से एक कामचलाऊ व्यवस्था थे और इस सत्र के बाद उन्हें रिलीज किया जाना तय था। केकेआर के बड़े अधिकारियों ने पिछले सत्र के आखिर में मुंबई इंडियंस के मालिकों से संपर्क किया था लेकिन उस समय रिलायंस की सालाना आम बैठक होने वाली थी इसलिए उस समय आईपीएल ट्रेड उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता नहीं थी। हालांकि पता चला है कि केकेआर ने फिर से मुंबई इंडियंस के बड़े अधिकारियों से संपर्क किया है और इस बारे में कुछ दौर की बातचीत भी हुई है। यह तय है कि अगर हार्दिक पूरी तरह से नकद करार या खिलाड़ी की अदला-बदली के जरिए केकेआर में जाते हैं तो उन्हें कप्तानी मिल सकती है क्योंकि इस समय रिंकू सिंह सही विकल्प नहीं लग रहे हैं। हालांकि जब पूछा गया कि मुंबई की टीम इस स्टार भारतीय ऑलराउंडर के लिए पूरी तरह नकद करार चाहती है या खिलाड़ी की अदला-बदली तो सूत्र ने इसकी पुष्टि नहीं की।

### ट्रेड को लेकर क्या कहते हैं आईपीएल के नियम

आईपीएल के नियमों में साफ कहा गया है कि कोई खिलाड़ी टीम छोड़ने को लेकर किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ व्यक्तिगत रूप से कोई बातचीत नहीं कर सकता। नियम के अनुसार बातचीत केवल फ्रेंचाइजी के बीच ही हो सकती है। यह भी कहा गया है कि खिलाड़ी की सहमति के बिना ट्रेड नहीं हो सकता। अगर खिलाड़ी सहमति नहीं देता है तो उसे रिलीज करके वापस नीलामी में भेजना होगा।

### राजस्थान से मिली ट्रेड की पेशकश

मुंबई को मिली दूसरी पेशकश यशस्वी जायसवाल और हार्दिक के बीच अदला-बदली की बताई जा रही है, लेकिन पक्के तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि बातचीत आगे बढ़ी है या नहीं। हालांकि रॉयल्स की टीम असम के स्टार रियान पराग को लंबे समय के कप्तान के तौर पर देख रही है इसलिए हार्दिक को कप्तानी की भूमिका मिलना मुशिकल होगा। अगर हार्दिक किसी अन्य टीम के साथ जुड़ते हैं तो राजस्थान रॉयल्स की तुलना में केकेआर फिलहाल कहीं अधिक बेहतर विकल्प लग रहा है।





# गिल वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे

**दुबई, एजेंसी।** भारत के ओपनर शुभमन गिल ताजा वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने अलग-अलग फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर बदलाव हुआ है जिसमें इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट ने फिर से नंबर 1 स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ रूट के 46 और 77 रनों के स्कोर ने उन्हें दो स्थान ऊपर चढ़ने और अपने साथी हैरी ब्रूक और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड से आगे निकलने में मदद की जिससे वे अपने करियर में 12वीं बार शीर्ष स्थान पर पहुंचे।हालिया प्रदर्शन के बाद गिल तीन स्थान ऊपर चढ़े और अब वनडे बल्लेबाजों में दूसरे स्थान पर हैं जो शीर्ष रैंकिंग वाले डेरिल मिशेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारत के ही बल्लेबाज ईशान किशन ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है और वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 21 स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### मैट हेनरी ने की बुमराह की बराबरी

अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज पूरी होने के बाद भारत के गेंदबाजों को भी उल्लेखनीय फायदा हुआ है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह वनडे गेंदबाजों में 16 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा 34 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर आ गए। इसी सूची में ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए। टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी टेस्ट गेंदबाजों की नंबर 1 रैंकिंग तक पहुंचने वाले केवल तीसरे न्यूजीलैंडर बन गए हैं। उन्होंने ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मैच जिताने वाले 11 विकेट लेने के बाद शीर्ष पर भारत के बुमराह के साथ बराबरी कर ली। हेनरी के शानदार प्रदर्शन ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज को 1-1 से बराबर करने में मदद की और उन्हें शीर्ष स्थान में हिस्सेदारी दिलाई।

# ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जारी, पाकिस्तान को 113 रन से रौंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 113 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। एलिस पेरी ने 71 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए। दूसरी ओर श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने नाबाद 106 रन की पारी खेलकर आयरलैंड के खिलाफ टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई। वहीं न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराकर अंतिम चार की उम्मीदें बरकरार रखीं।लीड्स में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 199/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम को पहला झटका मैच की पहली ही गेंद पर बेथ मूनी के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल ने पाकिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए केवल 56 गेंदों में 100 रन की साझेदारी की। वोल ने 39 रन बनाए, जबकि पेरी ने 48 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली। अंत में एनाबेल सदरलैंड (27) और निकोला कैरी (26) ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर को 199 तक पहुंचाया।जवाब में पाकिस्तान की टीम महज 86 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके। पाकिस्तान की पारी तीन रन आउट से भी प्रभावित रही। गेंदबाजी में पेरी ने एक ही ओवर में दो विकेट झटके, जबकि कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स और सदरलैंड ने भी दो-दो विकेट लिए।

# ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स से अलग हुए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स ने एक बड़ी ट्रेड डील हुई है। इसके तहत विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स चले गए हैं। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर गेंदबाज कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ गए हैं। पंत ने दिल्ली की तरफ से ही आईपीएल डेब्यू किया था। 2025 सीजन से पहले हुए ऑक्शन में लखनऊ ने उन्हें 27 करोड़ में खरीदा था। ऋषभ पंत दो सीजन लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा रहे। वह टीम के कप्तान भी थे लेकिन एक बार भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए। 2026 सीजन में टीम टेबल में आखिरी नंबर पर रही और पंत ने कप्तानी भी छोड़ दी थी। पंत ने लखनऊ से विदाई पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फ्रेंचाइजी के पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर करते हुए लिखा- थैंक यू टीम।आईपीएल 2025 से पहले हुए मेगा ऑक्शन में एलएसजी ने पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। दिल्ली कैपिटल्स में उनकी सैलरी में 12 करोड़ की कटौती हो गई है। आईपीएल 2027 में दिल्ली के लिए खेलने के लिए पंत को 15 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं कुलदीप यादव को दिल्ली कैपिटल्स 13.25 करोड़ देती थी। लखनऊ के लिए खेलने के लिए उन्हें 13.50 करोड़ मिलेंगे।ऋषभ पंत ने 2016 में दिल्ली की तरफ से ही आईपीएल डेब्यू किया था। वह 2024 तक टीम का हिस्सा रहे। इस दौरान पंत ने 43 मैचों में डीसी की कप्तानी की, जिसमें टीम ने 23 मैचों में जीत हासिल की जबकि 20 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। वहीं दो सीजन में उन्होंने 28 मैचों में लखनऊ की कमान संभाली। इसमें टीम को 10 जीत और 18 हार मिली। पंत के बल्ले से लखनऊ के लिए 28 मैचों में 26 की औसत और 136 की स्ट्राइक रेट से 581 रन निकले। इसमें दो फिफ्टी और एक शतक शामिल है।

# झारखंड टी-20 लीग के दौरान रांची स्टेडियम के बाहर भगदड़, 5 लोग घायल

**रांची (एजेंसी)।** जेएससीए स्टेडियम में झारखंड टी20 लीग के फाइनल के दौरान वेस्ट गेट पर बहुत ज्यादा भीड़ होने की वजह से भगदड़ मच गई जिसमें पांच लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लीग फाइनल देखने के लिए क्रिकेट फैन्स की भारी भीड़ जमा हुई थी। खेल शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में दर्शक एक साथ वेस्ट गेट पर पहुंच गए जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एंट्री के समय भीड़ के अचानक बढ़ने से गेट पर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इस हंगामे में कुछ दर्शकों को मामूली चोटें आईं। खबरों के मुताबिक जब परेशान फैन्स आगे बढ़ने लगे तो गेट और बैरिकेड्स को भी नुकसान पहुंचा। हालात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षाकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और भीड़ को काबू में किया।

# ट्रीसा-गायत्री की शानदार जीत, महिला युगल के दूसरे दौर में बनाई जगह

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** भारत की स्टार महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता इस भारतीय जोड़ी ने अपने पहले मुकाबले में स्पेन की पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिग्ज को रोमांचक मुकाबले में हराया।

कैलिफोर्निया में खेले गए इस मुकाबले में ट्रीसा और गायत्री ने स्पेनिश जोड़ी को 21-12, 14-21, 21-13 से मात दी। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हालांकि निर्णायक तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार वापसी की और दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हाल ही में इंडोनेशिया

### यूएस ओपन बैडमिंटन



ओपन के दौरान प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में लौटी थी। ट्रीसा ने चोट के कारण करीब तीन महीने का रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद कोर्ट पर वापसी की थी। वापसी के बाद दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता नजर आ रहा है।

# भारत-आयरलैंड टी20 सीरीज कल से

### टीम इंडिया को एक बार हार का मुंह भी देखना पड़ा है

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय टीम आयरलैंड के दौरे पर पहुंच गई है। दोनों टीमों के बीच 2 मैचों की टी20 सीरीज होगी। ये मुकाबले 26 और 28 जून को खेले जाएंगे। टीम इंडिया चौथी बार आयरलैंड के दौरे पर पहुंची है। पहली बार टीम ने 2007 में यहां का दौरा किया था। उसके बाद 2018, 2022 और 2023 में भी टीम यहां खेल चुकी है।

#### आयरलैंड के खिलाफ 100 प्रतिशत रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने आयरलैंड के खिलाफ उसके घर में अभी तक एक वनडे और 6 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। सभी मैचों को टीम इंडिया ने जीता है। 2007 में हुए वनडे को भारत ने 9 विकेट से जीता था। यह रोहित शर्मा का डेब्यू मैच भी था। 2018 में टीम ने टी20 सीरीज को 2-0 से जीता, 2022 और 2023 में भी 2-0 से ही जीत मिली।

#### टीम इंडिया आयरलैंड में एक मैच हार चुकी

आयरलैंड में भारतीय टीम को अभी तक सिर्फ एक ही मैच में हार मिली है। 2007 में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच खेलने के बाद भारतीय का मुकाबला तीन मैचों की सीरीज में साउथ अफ्रीका से हुआ था। उस सीरीज के पहले मैच को साउथ अफ्रीका ने 4 विकेट से जीता था। अगले दो मैचों को 6-6 विकेट से जीतकर भारत ने सीरीज को अपने नाम कर लिया था। उन तीन मैचों में सचिन तेंदुलकर दो बार नर्वस नाइंटी में आउट हुए थे और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता था।

### वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर टिकी निगाहें, आयरलैंड में बन सकता है इतिहास



भारत के 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत और आयरलैंड के बीच 26 जून से बेलफास्ट में शुरू होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज में उनके डेब्यू की संभावना है। पूर्व भारतीय और आयरलैंड क्रिकेटर एमवी नरसिम्हा राव का मानना है कि अगर वैभव को मौका मिलता है तो यह आयरलैंड क्रिकेट इतिहास का यादगार दिन होगा।राव ने बताया कि बेलफास्ट के स्टॉर्मोंट मैदान की क्षमता करीब 7,000 दर्शकों की है, लेकिन वैभव को देखने के लिए यूरोप के कई देशों से क्रिकेट प्रशंसक टिकट तलाश रहे हैं। उनके मुताबिक पेरिस समेत अन्य शहरों से भी लोग मैच देखने की योजना बना रहे हैं।नरसिम्हा राव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वैभव को लेकर आयरलैंड में असाधारण उत्साह पैदा हुआ है। अगर यह युवा बल्लेबाज आयरलैंड में भारत के लिए पदार्पण करता है तो वह पल ऐतिहासिक और बेहद खास होगा।पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि बेलफास्ट की परिस्थितियां वैभव के अनुकूल साबित हो सकती हैं क्योंकि वहां की पिचें अपेक्षाकृत धीमी रहती हैं और आयरलैंड के पास दुनिया के सबसे तेज गेंदबाजों जैसी रफ्तार नहीं है।

# ब्राजील से लेकर मेक्सिको तक, फीफा वर्ल्ड कप में आज भिड़ेंगी 12 टीमें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप चरण में रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है। 25 जून की सुबह टूर्नामेंट में 6 अहम मुकाबले लेकर आने वाली है। जिनके बाद ग्रुप ए,बी और सी की अंतिम स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। कई टीमों की नॉकआउट में जगह लगभग तय है, जबकि कुछ टीमों के लिए यह करो या मरो का मुकाबले होंगे। आइए जानते हैं कि आप भारत में इन मुकाबलों को कब और कितने बजे से देख पाएंगे।




**स्विट्जरलैंड बनाम कनाडा** –ग्रुप बी का यह सबसे बड़ा मुकाबला माना जा सकता है।।दोनों टीमों के चार-चार अंक हैं और विजेता टीम ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। कनाडा ने पिछले मैच में कतर को 6-0 से हराकर शानदार फॉर्म दिखाई थी। वहीं स्विट्जरलैंड ने बोस्निया एवं हर्जेगोविना को 4-1 से हराकर आत्मविश्वास बढ़ाया है। दोनों टीमों का आक्रमण मजबूत दिखा है। इसलिए यह मुकाबला काफी रोमांचक रहने की उम्मीद है।

**बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर** - बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर मैच में दोनों टीमें एक-एक अंक के साथ उतरने वाली हैं। नॉकआउट में जाने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए दोनों को जीतना जरूरी है। कतर को पिछले मैच में कनाडा के हाथों 0-6 की करारी हार मिली थी, जिससे टीम का मनोबल प्रभावित हुआ है। दूसरी ओर बोस्निया भी स्विट्जरलैंड के खिलाफ4-1 से बड़ी हार झेल चुका है। ऐसे में दोनों टीमें जीत के साथ टूर्नामेंट में बने रहने की कोशिश करेंगी।

**मोरक्को बनाम हैती** –मोरक्को शानदार लय में है और चार अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष स्थान की दौड़ में बनी हुई है। टीम ने स्कॉटलैंड को 1-0 से हराकर अपनी मजबूती साबित की थी। दूसरी ओर हैती लगातार दो मैच हार चुका है और टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो चुका है। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोरक्को इस मुकाबले को जीतने का प्रबल दावेदार है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### 45 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा थाना क्षेत्र के महदेवा गाँव स्थित सोन दियारा क्षेत्र से पुलिस ने 45 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक शराबी कारोबारी को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत महदेवा गाँव स्थित सोन दियारा क्षेत्र से विशेष छापेमारी अभियान के दौरान 45 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया है साथ ही शराब कारोबारी नासरीगंज थाना क्षेत्र के हरिहरगंज गाँव निवासी अशोक चौधरी के 36 वर्षीय पुत्र रवि कुमार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

### आईसीडीएस कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) रफीगंज कार्यालय परिसर में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की एक सामूहिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सेविकाओं ने महिला पर्यवेक्षिका भारती कुमारी के खिलाफ पूर्व में दिए गए आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। सेविकाओं ने आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद विभागीय स्तर पर कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यालय आने वाली सेविकाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और वरीय पदाधिकारियों व जिला कर्मियों का नाम लेकर भय का माहौल बनाया जाता है, जिससे उन्हें मानसिक परेशानी हो रही है। बैठक में यह भी बताया गया कि सेक्टर-01 की एक सेविका ने महिला पर्यवेक्षिका के पति के संबंध में वरीय पदाधिकारियों को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन उस पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सेविकाओं ने सेक्टर परिवर्तन के बाद सेक्टर-06 में बिना जांच के नौ सेविकाओं को स्पष्टीकरण दिए जाने और छुट्टी न मिलने को दुर्भावनापूर्ण बताया। इसके अतिरिक्त, पिछले छह महीने से मानदेय न मिलने और विभाग द्वारा दिए गए खराब मोबाइल फोन के कारण ऑनलाइन कार्यों में आ रही परेशानियों पर भी चर्चा की गई। सेविकाओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यदि उनकी सभी समस्याओं का लिखित समाधान और उचित कार्रवाई नहीं होती है।

---

जिले के कासमा थाना क्षेत्र में घटी एक हृदयविदारक घटना

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर मां ने दो मासूम बेटियों संग दी जान

- पानी भरे गड्ढे से मिले तीनों के शव

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद जिले के कासमा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। एक महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों के साथ पानी से भरे गहरे गड्ढे में कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह घर से करीब 100 मीटर दूर पानी भरे गड्ढे से तीनों के शव बरामद होने के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप रहने वाले टुनु रवानी की पत्नी सोनिया देवी (30 वर्ष), उनकी पुत्री रानी कुमारी (4 वर्ष) तथा सुहानी कुमारी (3 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जिस गड्ढे में तीनों के शव मिले, उसमें करीब 30 फीट तक पानी भरा हुआ था। परिजनों के अनुसार सोनिया की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व टुनु रवानी से हुई थी, जो मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। परिवार और ग्रामीणों का आरोप है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था तथा पति द्वारा सोनिया के साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी। आशंका जताई जा रही है कि घरेलू कलह और मानसिक तनाव से परेशान होकर सोनिया ने अपनी दोनों बेटियों के साथ यह कदम उठाया।

मृतका की सास रीता कुंवर ने बताया कि मंगलवार रात तक किसी को इस घटना की भनक नहीं थी। देर रात सोनिया दोनों बच्चियों को लेकर घर से निकल गई थी। सुबह जब काफी देर तक तीनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। आसपास खोजबीन के दौरान घर से लगभग 100 मीटर दूर पानी भरे गड्ढे में तीनों के शव दिखाई दिए। ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया और इसकी सूचना कासमा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कासमा थानाध्यक्ष अक्षवर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह, मुखिया विदाई देवी, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंचे। विधायक ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज निर्माण के दौरान धावा नदी के किनारे बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई कर गहरे गड्ढे छोड़ दिए गए थे। बरसात में इनमें पानी भर जाने से यह स्थान लगातार हादसों का कारण बन रहा है और पहले भी यहां कई लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे सभी गड्ढों को तत्काल भरवाने की मांग की।

अंचल अधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि पानी भरे गड्ढे को भरवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस घटना की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

आर्द्रा मेले का भव्य उद्घाटन, शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात

# शक्तिपीठ गजना धाम की सच्ची भक्ति से मिलता है मनोवांछित फल : प्रमोद कुमार सिंह

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ गजना धाम में 22 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले आर्द्रा मेले का भव्य शुभारंभ मंगलवार की शाम हुआ। गजना धाम के महंत अवध बिहारी दास की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन समारोह में रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में पलामू जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं परिषद सदस्य विनोद कुमार सिंह, औरंगाबाद के इंजीनियर अरुण कुमार सिंह, अधिवक्ता संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, समाजसेवी श्यामविहारी सिंह एवं सत्येन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यास समिति के सदस्य भृगुनाथ सिंह, अरुण मेहता, मिथिलेश चंद्रवंशी, कर्मदेव रजवार, अरविंद कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह एवं विंध्याचल सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध लोकगायक धर्मेंद्र यादव द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई।

इस अवसर पर न्यास समिति के सचिव एवं महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि गजना धाम एक प्राचीन शक्तिपीठ है, जहां बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। धाम तक पहुंचने वाली सड़कें जर्जर हैं तथा यहां स्थायी पुलिस चौकी की आवश्यकता है।

अपने संबोधन में विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि गजना धाम में सच्चे मन और श्रद्धा से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि गजना धाम का सर्वांगीण विकास हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी विधानसभा सत्र में धाम को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण तथा पुलिस चौकी की स्थापना का मुद्दा प्रमुखता से उठाएंगे।

पलामू जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने धाम के विकास एवं प्रस्तावित सूर्य मंदिर निर्माण में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं इंजीनियर अरुण कुमार सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महोत्सव अध्यक्ष रामजन्म सिंह, रासबिहारी सिंह एवं सत्येन्द्र सिंह ने गजना धाम को औरंगाबाद जिले की ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर बताते हुए बिहार सरकार से इसे पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की।

---

# बाइक और कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल



**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

नहर रोड स्थित सिपहां लॉक और केरा के बीच मंगलवार को अपाची बाइक और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच हुई भीषण टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने घायल युवक को उठाकर अनुमंडल अस्पताल, दाउदनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम अनुमंडल अस्पताल पहुंची और घायल युवक की पहचान तथा दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाने में लग गई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। उसके पास ऐसा कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके।

पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति घायल युवक को पहचानता हो अथवा उसके परिजनों के संबंध में जानकारी रखता हो तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस या अनुमंडल अस्पताल को दें, ताकि परिजनों को सूचना देकर समय पर इलाज एवं आवश्यक देखभाल सुनिश्चित की जा सके।

---

# मुहर्रम को लेकर डीएम ने दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों संग की बैठक, ड्रोन निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा सभी अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर निर्धारित समय से पहले पहुंचकर स्थानीय परिस्थितियों का आकलन करने तथा ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस की समाप्ति तक लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। किसी भी अप्रिय घटना या विवाद की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि इस बार सभी ताजिया एवं अखाड़ा जुलूसों की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जाएगी। ड्रोन वीडियोग्राफर जुलूस के साथ रहकर गतिविधियों की रिकॉर्डिंग करेंगे तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखेंगे।

साथ ही जुलूस मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों का पूर्व से ही ड्रोन सर्वे कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने अग्निशमन विभाग को आवश्यकता अनुसार जुलूस के साथ अथवा प्रमुख स्थलों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां उपलब्ध रखने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और हर सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया देने को कहा। नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को जुलूस मार्गों, इमामबाड़ों एवं प्रमुख स्थलों पर विशेष साफ-सफाई, कचरा निष्पादन, नालियों की सफाई, फॉगिंग, पेयजल की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर जहां आवश्यकता हो वहां अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था करने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को देने को कहा।

---

# आर्मी जवान के बंद घर में चोरी, गोदरेज तोड़कर लाखों के जेवरात ले उड़े चोर



**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

दाउदनगर शहर में बंद घरों को निशाना बना रहे चोरों ने एक बार फिर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस बार नहर रोड स्थित ब्रजधाम कॉलोनी में रहने वाले एक आर्मी जवान के बंद घर से अज्ञात चोर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार पीड़ित रणविजय सिंह भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान में जम्मू में पदस्थापित हैं। उनका पैतृक घर गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र के डढ़वा गांव में है, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे दाउदनगर के ब्रजधाम कॉलोनी स्थित आवास में रहते हैं।

बताया जाता है कि रणविजय सिंह की पत्नी शुक्रवार को घर बंद कर गांव चली गई थीं। मंगलवार की देर शाम जब वह वापस लौटीं तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने घर में रखी गोदरेज अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब चार से पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार, सब इंस्पेक्टर नेहा कुमारी एवं शबनम खातून पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। लगातार बंद घरों में हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

---

# मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिलेभर में निकाला जा रहा फ्लैग मार्च

- अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा नहीं करने की अपील।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के सभी अंचलों में प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में संबंधित अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को शांति, सामाजिक सद्भाव एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही लोगों से मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की जा रही है।

इसी क्रम में 23 जून को कुटुंबा अंचल के महाराजगंज क्षेत्र में अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौक-चौराहों तथा संवेदनशील स्थलों का भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर पर्व के दौरान शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का आग्रह किया। फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा नहीं करने की अपील की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने आम लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस अथवा प्रशासन को देने का अनुरोध किया है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से मुहर्रम पर्व को पारंपरिक उत्साह, आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं शांति के साथ मनाने की अपील की है।

---

# 29 जून को धूमधाम से मनाई जाएगी दानवीर भामाशाह की जयंती

- आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, त्याग और सेवा की भावना जागृत करना।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 29 जून को संस्थान परिसर में दानवीर भामाशाह की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन संध्या 4 बजे से होगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजनों, युवाओं एवं नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। जयंती समारोह के दौरान महाराणा प्रताप एवं दानवीर भामाशाह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके त्याग, दानवीरता, राष्ट्रभक्ति एवं समाज सेवा के आदर्शों को स्मरण किया जाएगा। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प भी लिया जाएगा।

समारोह में ओबरा के विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध भोजपुरी लोकगायक एवं पद्मश्री सम्मान से सम्मानित भरत सिंह 'भारती' अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों के कई गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, त्याग और सेवा की भावना को जागृत करना तथा महाराणा प्रताप और दानवीर भामाशाह जैसे महान विभूतियों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

---

# उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में मंगलवार की संध्या उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, अनन्या सिंह के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अनन्या सिंह के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीमती सिंह ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता एवं प्रशासनिक दक्षता के साथ किया है। उनके नेतृत्व और कार्यशैली ने जिला प्रशासन को नई दिशा देने का कार्य किया तथा उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी अनन्या सिंह के साथ कार्य करने के अपने अनुभव साझा किए।

---

# औरंगाबाद में 13 केंद्रों पर हुई सिपाही भर्ती परीक्षा

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** औरंगाबाद में बुधवार को सिपाही भर्ती परीक्षा 13 सेंटर पर हो रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से साढ़े 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर 12 से डेढ़ बजे तक हुई। हर सेंटर पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल तैनात रही। पहली पाली की परीक्षा के लिए सुबह 8 बजे तक एंट्री मिली। केंद्र के गेट पर जांच के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश मिला। 9 बजे के बाद एंट्री नहीं मिली। परीक्षा में मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक पेन, वाई-फाई गैजेट, पेजर या किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और लेखन सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण करना के लिए स्टैटिक, जोनल और उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी सेंटर पर महिला अभ्यर्थियों के लिए अलग फ्रिस्किंग व्यवस्था और पेयजल, शौचालय की सुविधाएं रही। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से पहले से लेकर समाप्ति तक पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई।

---

# आज सिन्हा कॉलेज में स्व. प्रो. टीएन सिन्हा की स्मृति में होगा विशेष व्याख्यान

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



स्थानीय सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में आज इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात शिक्षाविद् स्व. प्रो. त्रिवेणी नाथ सिन्हा (प्रो. टीएन सिन्हा) की स्मृति में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। उनकी प्रथम पुण्यतिथि से पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में उनके जीवन, व्यक्तित्व, शिक्षण शैली और शैक्षणिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में स्व. प्रो. सिन्हा के मंझले पुत्र प्रशांत कुमार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वे छात्र-छात्राओं के बीच अपने पिता से जुड़े संस्मरण साझा करेंगे तथा इतिहास विषय के प्रति उनके समर्पण, शिक्षण पद्धति और शैक्षणिक मूल्यों पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्व. प्रो. सिन्हा के आदर्शों और जीवन से प्रेरित करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा सहित इतिहास विभाग के अन्य प्राध्यापक भी स्व. प्रो. टीएन सिन्हा के साथ बिताए गए अपने अनुभवों और उनके शैक्षणिक अवदान को याद करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान प्रशांत कुमार महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा भी करेंगे। उन्होंने कॉलेज पुस्तकालय में स्व. प्रो. टी.एन. सिन्हा के नाम पर एक विशेष 'टीएन सिन्हा शेल्फ' स्थापित कराने का निर्णय लिया है।

---

# श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन परिसर में शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन के समीप बुधवार की सुबह श्रीकृष्ण सिंह स्मृति मंच के तत्वावधान में शिव मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। मंच से जुड़े लोगों ने बताया कि स्मृति भवन परिसर में वर्षों से भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है, जो समय के साथ जर्जर अवस्था में पहुंच गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए समाज के लोगों ने वहां एक छोटे शिव मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया है। भूमि पूजन का वैदिक अनुष्ठान आचार्य गोविंद पांडे के निर्देशन में संपन्न हुआ, जबकि सेवानिवृत्त शिक्षक बैद्यनाथ पांडे यजमान के रूप में पूजा-अर्चना में शामिल हुए।

श्रीकृष्ण सिंह स्मृति मंच के उपाध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार विक्कल ने बताया कि ब्रह्मर्षि समाज के सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर बनने से आसपास के श्रद्धालुओं को नियमित रूप से पूजा-अर्चना करने की बेहतर सुविधा मिलेगी और धार्मिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

---

# पत्नी ने शराबी पति को भिजवाया जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर गांव में एक महिला ने अपने शराबी पति को जेल भिजवाया है। पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसका पति शराब के नशे में आए दिन घर में हंगामा और मारपीट करता था। पत्नी ने रफीगंज थाना में दिए आवेदन में बताया कि मंगलवार रात उसके पति राजू कुमार गुप्ता शराब के नशे में घर पहुंचे और मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर उसने अपनी नंद की मदद से खुद को बचाया। पत्नी ने आरोप लगाया कि पति राजू कुमार गुप्ता प्रतिदिन शराब पीकर आते हैं और घर में तोड़फोड़ व मारपीट करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पति बच्चों की देखभाल नहीं करते और अपने तीन बच्चों की जिम्मेदारी भी नहीं निभा रहे हैं। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए राजू कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। अल्कोहल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

---

# ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का हुआ पर्दाफांस, चार आरोपी गिरफ्तार



**निज संवाददाता | ओबरा(औरंगाबाद)**

ओबरा थाना क्षेत्र के मखरा गांव से पुलिस ने मंगलवार को ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का पर्दाफांस करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत मखरा गाँव में गाँव से बाहर शिव मंदिर के समीप कृषि कार्य के उद्देश्य से लगाए गए ट्रांसफार्मर से मंगलवार की दोपहर की भीषण गर्मी के कारण जब लोग अपने घरों में थे तब चोरों ने अगल-बगल सुनसान होने का फायदा उठाते हुए ट्रांसफार्मर से तांबा का रड व तार निकाल रहें थे कि इसी दौरान ड्राइवर को खाना पहुंचाने खेत में जा रहे एक ग्रामीण ने चोरों को जब ट्रांसफार्मर से सामान निकालते हुए देखा तो तत्काल इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना पाते ही मौके पर ग्रामीणों ने पहुंचकर चारों लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि मखरा गाँव के खेत में लगे ट्रांसफार्मर से ताँबे का रड और तार चोरी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है